सुप्रभात
14.09.2025
रांची, रविवार

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ




## एशिया कप
## आज भारत-पाक महामुकाबला

समय : 7.30 बजे, स्थान : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम दुबई

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार हो रही भिड़ंत
पाकिस्तान संग खेलने का हो रहा भारी विरोध
आईपीएल फ्रेंचाइजी भी आमने-सामने

### न्यूज डायरी

**नक्सली किशनजी की पत्नी ने किया आत्मसमर्पण**

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में लंबे समय तक सक्रिय एक करोड़ की ईनामी नक्सली पोथुला पद्मावती उर्फ सुजाता (62) ने शनिवार को तेलंगाना में आत्मसमर्पण कर दिया। वह कुख्यात नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी है। किशनजी को 2011 में पश्चिम बंगाल में एक मुठभेड़ में ढेर किया जा चुका है। सुजाता भी बस्तर में हुई कई बड़ी नक्सल वारदातों में शामिल रही है। सुजाता का आत्मसमर्पण नक्सल संगठन के लिए सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है।

**बीओआई में घोटाला शाखा प्रबंधक निलंबित**

**पश्चिमी सिंहभूम।** बीओआइ गुवा शाखा में करोड़ों के गबन के मामले में पूर्व शाखा प्रबंधक सुदीप सिंकू को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ गुवा थाना में केस दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि सुदीप सिंकु ने सेल के खाते से बिना आदेश के दो करोड़ 14 लाख 81 हजार 192 रुपये का अवैध रूप से पे ऑर्डर भुगतान कर राशि को अपने नियंत्रण में ले लिया।

**भूपेन हजारिका पर 100 रुपये का स्मृति सिक्का**

**गुवाहाटी।** पीएम मोदी शनिवार को मिजोरम और मणिपुर दौरे के बाद असम पहुंचे। उन्होंने भूपेन हजारिका की याद में 100 रुपये का विशेष सिक्का भी जारी किया। पीएम मोदी भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के समारोह में भी शामिल हुए। पीएम ने गुवाहाटी में एक रोड भी शो किया। (पेज 12 भी देखें)

**रूस में जबरदस्त भूकंप सुनामी की चेतावनी**

मास्को। शनिवार को रूस के सुदूर पूर्व में कामचटका तट पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। इसे लेकर सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने यह खबर दी।

### कार्टून कोना




**स्वास्थ्य मंत्री का संकल्प : रिम्स में जल्द दिखेगा बड़ा और व्यापक बदलाव**

# एमआरआई मशीन और 100 नये वेंटिलेटर खरीदने पर बनी सहमति

**शासी परिषद की बैठक**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद सेवानिवृत्त न्यायाधीश अमरेश्वर सहाय की देखरेख में शनिवार को रिम्स शासी परिषद की बैठक हुई। बैठक में अस्पताल की अव्यवस्था को दूर करने और सुविधाएं बढ़ाने को लेकर 16 एजेंडों पर चर्चा हुई। वर्तमान में रिम्स में संचालित 125 वेंटिलेटर को और बढ़ाने के लिए 100 नये वेंटिलेटर खरीदने पर विचार किया गया। साथ ही एक नई एमआरआई मशीन और सीटी स्कैन मशीन की खरीद पर भी चर्चा हुई।

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि निदेशक को कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिये गये हैं और आने वाले समय में रिम्स में ठोस बदलाव नजर आयेगा। वहीं रिम्स निदेशक ने बैठक को सकारात्मक और परिणामदायक बताया और भरोसा दिलाया कि आने वाले दिनों में रिम्स में व्यापक सुधार देखने को मिलेगा।




**निजी प्रैक्टिस पर होगी सख्त कार्रवाई**

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकारी ड्यूटी के दौरान बाहर प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि एमआरआई मशीन की खरीद प्रक्रिया को त्वरित गति देने का आदेश दिया गया है। ट्रॉमा सेंटर में खराब पड़े वेंटिलेटरों को बदलने/मरम्मत करने, बिल्डिंग की मरम्मत और साफ-सफाई को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है।

**रिम्स को बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाना उदेश्य**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि रिम्स को देश के बेहतरीन संस्थानों की श्रेणी में लाना मुख्य उद्देश्य है और यह तभी संभव है जब सभी जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से अपनी भूमिका निभाएं। हर स्तर पर बदलाव लाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इस दिशा में मुख्यमंत्री जी का मार्गदर्शन मिल रहा है। बहुत जल्द रिम्स में बड़ा और व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा।

**जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था हो** : बैठक में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सुझाव दिया कि रिम्स में जन्म लेने वाले बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनाने की व्यवस्था यहीं सुनिश्चित की जाए, जिससे अभिभावकों को अतिरिक्त परेशानी न झेलनी पड़े।

**मरीजों के लिए तुरंत उपलब्ध करायें स्टेंट** : बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना से रिम्स को हर महीने लगभग 1 करोड़ रुपये प्राप्त हो रहे हैं। इस राशि का उपयोग मरीजों की सुविधाएं बढ़ाने में किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि हृदय रोगियों के लिए अस्पताल प्रबंधन आवश्यक स्टेंट तुरंत उपलब्ध कराए, ताकि मरीजों का समय पर इलाज हो सके।

**ये रहे मौजूद** : विधायक सुरेश कुमार बैठा, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, रिम्स निदेशक कामेश्वर प्रसाद, आरयू के कुलपति डीके सिंह, रिनपास निदेशक अमूल रंजन, प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र सहित कई अधिकारी।

## यूपीएससी ने अनुराग गुप्ता को नहीं माना डीजीपी, प्रोन्नति बैठक टली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** यूपीएससी ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया है, इसलिए राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में अधिकारियों की प्रोन्नति को मामला फिर लटक गया है। नतीजा आईपीएस में प्रोन्नति की बैठक टल गयी। यूपीएससी को डीएसपी से आईपीएस संवर्ग में प्रोन्नति के लिए 17 सीनियर डीएसपी अधिकारियों की फाइल भेजी गयी थी। राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस में प्रोन्नति के लिए यूपीएससी के माध्यम से एक प्रोन्नति समिति की बैठक होती है जिसमें संबंधित राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी सदस्य के रूप में शामिल होते हैं।

**बैठक में भाग लेने दिल्ली पहुंच चुके थे अधिकारी** : झारखंड पुलिस के अफसरों की प्रोन्नति देने को लेकर 13 अगस्त को दिल्ली में बैठक प्रस्तावित थी। मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना दादेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता दिल्ली पहुंच गये थे। यूपीएससी ने अनुराग गुप्ता को झारखंड के डीजीपी के रूप में स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिससे बैठक नहीं हो सकी। यूपीएससी ने अगली बैठक की तिथि तय करने की राज्य के अधिकारियों की दलील नहीं माना। अधिकारियों ने यूपीएससी से आग्रह किया कि या तो बैठक में अनुराग गुप्ता को डीजीपी के रूप में शामिल होने की अनुमति दें या फिर डीजीपी की अनुपस्थिति में ही प्रोन्नति समिति की बैठक करें।

**योग्य अधिकारियों को हो रहा नुकसान** : राज्य सरकार का मानना है कि बैठक टलने से योग्य अधिकारियों को नुकसान हो रहा है। जिन 17 सीनियर डीएसपी अधिकारियों की फाइल पर विचार होना था, उनमें राजेश कुमार, अविनाश कुमार, रौशन गुड़िया, श्रीराम समद, निशा मुर्मू, सुरजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार चौधरी, राहुल देव बड़ाईक, खीस्टोफर केरकेट्टा, प्रभात रंजन बरवार, अनूप कुमार बड़ाईक, समीर कुमार तिर्की, शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, दीपक कुमार-1 और मजरूल होदा शामिल हैं।

## हैदराबाद में महिला की नृशंस हत्या कर भागा तीन आरोपी रांची से गिरफ्तार

**हैदराबाद व रांची पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हैदराबाद पुलिस ने राजधानी रांची में सुखदेव नगर थाना की पुलिस व तकनीकि शाखा की मदद से 50 वर्षीय रेणु अग्रवाल के कातिलों को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आये अभियुक्तों में हर्ष कुमार (इंद्रपुरी रोड नंबर-6, रातु रोड सुखदेव नगर), रौशन सिंह (कुसुम बिहार, मोरहाबादी, बरियातु) और राज कुमार (न्यू आनंद नगर रोड नंबर-6, हरमू, सुखदेव नगर) है।

**क्या है घटना** : हैदराबाद के कुकटपल्ली स्वान लेक अपार्टमेंट में 10 सितंबर को 50 वर्षीय रेणु अग्रवाल को उनके नौकरों ने ही बेरहमी के साथ मौत के घाट उतार दिया था। कातिलों ने प्रेशर कूकर, चाकू और कैंची से वार कर महिला की बेरहमी से जान ली और घर में रखे जेवर और नगद लूटकर फरार हो गये थे। मृतका शहर के स्टील कारोबारी राकेश अग्रवाल की पत्नी थी। हैदराबाद पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि वारदात को घर में काम करने वाले नोकरों ने ही अंजाम दिया है। पुलिस की जांच में सामने आया कि रेणु के शरीर पर कई जगह गहरे घाव थे। उनके सिर पर प्रेशर कूकर से कई वार किये गये थे। इसके बाद गले पर चाकू से हमला किया गया। इतना ही नहीं, कैंची से चेहरे और सीने के आसपास भी कई घाव किया गया था। यह सब सुनियोजित तरीके से किया गया था।

**ये हैं कातिल**



## झारखंड हाईकोर्ट की सुरक्षा बढ़ायी



**रांची।** दिल्ली और बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अब रांची में भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। इसी सिलसिले में शनिवार को झारखंड हाईकोर्ट में बम निरोधक दस्ते ने सघन जांच अभियान चलाया। टीम ने डॉग स्क्वायड की मदद से हाईकोर्ट के हर कोने की तलाशी ली। इस दौरान परिसर के अंदर और बाहर, दोनों जगहों पर गहन छानबीन की गई।

**बॉम्बे हाईकोर्ट में मच गई थी अफरा-तफरी** : बॉम्बे हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को अदालत परिसर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया था। एहतियात के तौर पर सभी पीठों की सुनवाई रोक दी गई और परिसर को खाली करा दिया गया था। हालांकि बाद में बम निरोधक दस्ते की जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और धमकी झूठी निकली। पुलिस ने इन धमकियों के संबंध में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच जारी है।

## यूपी से झारखंड आयी एक करोड़ की हथिनी चोरी गयी

**चिप के आधार पर वन विभाग ट्रेस करने में जुटा**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में एक करोड़ की हथिनी चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। महावत हथिनी को लेकर फरार हो गया है। राहत की बात यह है कि हथिनी में एक चिप लगा हुआ है, जिसके आधार पर वन विभाग और पुलिस की टीम ट्रेस करने में जुटी है। इस सिलसिले में उतरप्रदेश के मिजार्पुर के विंध्याचल के नदिनी के रहने वाले नरेंद्र कुमार शुक्ला ने मेदिनीनगर सदर थाना में मामला दर्ज कराया है। सदर थाना प्रभारी लालजी ने शनिवार को बताया कि नरेंद्र शुक्ला ने पुलिस को बताया है कि हथिनी की कीमत एक करोड़ रुपये है। छानबीन की जा रही है और एफआईआर दर्ज की गयी है। हथिनी में चिप लगे होने की जानकारी वन विभाग को दी गयी है, जिसके आधार पर हथिनी का लोकेशन पता किया जा रहा है।

नरेंद्र ने शुक्रवार को पुलिस को बताया कि उनके गांव में खाने पीने की व्यवस्था नहीं थी इसलिए वह हथिनी को लेकर झारखंड पहुंचे थे। उन्होंने हथिनी की देखभाल की जिम्मेवारी मिजार्पुर के मुन्ना पांडेय एवं मिजार्पुर चुनार के मुन्ना पाठक को सौंपी थी। दोनों की दोस्ती एक अन्य हाथी के मालिक ताड़केश्वर नाथ के साथ हुई। दोनों हाथिनी को लेकर पलामू के जोरकट पहुंचे थे। नरेन्द्र ने बताया कि 13 अगस्त को वे पलामू के जोरकट पहुंचे तो हथिनी और महावत दोनों गायब मिले। उन्होंने हथिनी की खोजबीन की, लेकिन ना हथिनी मिली ना ही महावत। अंत में उन्होंने एक माह बाद प्राथमिकी दर्ज करायी।





संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड





हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हिन्दी दिवस
की हार्दिक शुभकामानाएं एवं जोहार

सन्देश

हिंदी हमारे देश की सबसे समृद्ध और व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है। यह न केवल संवाद का माध्यम है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और भावनाओं की अभिव्यक्ति का भी प्रमुख साधन है। हिंदी न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और भावनात्मक एकजुटता का भी सशक्त माध्यम है। यह वह भाषा है जिसने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हमें एक सूत्र में बांधा और आज भी देश के कोने-कोने में संवाद का सेतु बनी हुई है।

हमारा झारखंड राज्य सांस्कृतिक विविधता और भाषायी समृद्धि से परिपूर्ण है। यहाँ बोली जानेवाली संथाली, मुंडारी, हो, खोरठा, नागपुरी, कुडुख आदि जनजातीय / क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों के बीच हिन्दी संवाद और समन्वय की भूमिका बखूबी निभा रही है। यह हम सबके लिए गर्व की बात है कि हिंदी ने हमारी भाषायी विविधता को एक साझा मंच प्रदान किया है।

आज के युग में हमें हिंदी को केवल बोलचाल तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि इसे शिक्षा, विज्ञान, तकनीक, प्रशासन और रोजगार के क्षेत्रों में भी आगे बढ़ाना है। झारखंड में हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, शोध और विकास के लिए राज्य सरकार संकल्पित है, और इसके लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं।

हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना है। इस अवसर पर राज्य के युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, साहित्यकारों, सभी बुद्धिजीवियों और शिक्षण संस्थानों से आग्रह है कि वे हिंदी भाषा के संरक्षण, संवर्धन और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

आइए, हम सब मिलकर इस हिंदी दिवस पर यह संकल्प लें कि हिंदी को जन-जन की भाषा बनाने की दिशा हम सभी अपनी भूमिका निभाएँगे।

PRNO 361065 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) IPRD 25-26

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार

# पुलिस प्रशासन को बंधक बनाकर सत्ता का खेल खेल रही है सरकार

## बाबूलाल ने डीजीपी मामले में सरकार को फिर आड़े हाथों लिया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने डीजीपी नियुक्ति मामले को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पुलिस प्रशासन को बंधक बनाकर सत्ता का खेल खेल रही है। इसका सीधा असर पूरे तंत्र पर पड़ रहा है। मरांडी ने कहा कि 17 वरिष्ठ डीएसपी के प्रमोशन की प्रक्रिया महीनों से ठप पड़ी है। पुलिसकर्मी अपने अधिकार से वंचित हैं, क्योंकि सरकार ने एक अवैध नियुक्ति थोप रखी है। उन्होंने आरोप लगाया कि संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाकर सरकार सिर्फ अपने भ्रष्टाचार को बचाने के लिए पूरी व्यवस्था को पंगु बना चुकी है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी ने अनुराग गुप्ता को प्रोन्नति बैठक में शामिल करने से मना कर दिया, जिसके कारण बैठक तक रद्द कर दी गई। इसके बावजूद मुख्यमंत्री लोकतंत्र का गला घोटने पर उतर आये हैं। सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी की कुर्सी पर बैठा रखा है, जबकि न तो यूपीएससी और न ही भारत सरकार उन्हें मान्यता देती है। श्री मरांडी ने कहा कि वे सेवा अवधि पूरी कर चुके हैं और सेवानिवृत्ति की उम्र पार कर चुके हैं। वर्तमान में वे एजी की ओर से जारी सशर्त पे स्लिप पर वेतन ले रहे हैं, जो न्यायालय के अंतिम फैसले पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि सत्ता बचाने और अपने गुनाहों को छुपाने के लिए सरकार ने उन्हें डीजीपी बनाया हुआ है। सिर्फ पुलिस ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो भी इनके इशारे पर काम कर रहा है और हेमंत सोरेन के काले कारनामों से जुड़े मामलों को दबाने का काम कर रहा है।

मरांडी ने सवाल किया कि जब यूपीएससी और गृह मंत्रालय ही अनुराग गुप्ता को डीजीपी मानने से इनकार कर चुके हैं, तो झारखंड सरकार किस आधार पर उन्हें इस पद पर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बिना डीजीपी के ही बैठक करने के लिए यूपीएससी से अनुरोध कर रहे हैं, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस प्रमोशन जैसी नियमित प्रक्रिया ही ठप हो जाए तो इसका सीधा असर कानून-व्यवस्था और पुलिस के मनोबल पर पड़ेगा। असलियत यही है कि सरकार ने पूरे सिस्टम को अपने भ्रष्ट नेटवर्क और माफियाओं की सेवा में झोंक दिया है।

# बाबूलाल सिर्फ सुर्खियों में बना रहाना चाहते है : लाल किशोर नाथ शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने डीजीपी अनुराग गुप्ता पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की ओर से दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि बाबूलाल मरांडी सिर्फ मीडिया की सर्खियों में बने रहने या किसी व्यक्तिगत रंजिश से लगातार अनुराग गुप्ता पर वार करने का मौका नहीं चुकना चाहते। इसके बावजूद राज्य सरकार पूरी तरह से संवैधानिक प्रक्रिया के तहत निर्णय ले रही है।

मुख्य प्रवक्ता ने कहा है कि बाबूलाल मरांडी की ओर से अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को 'अवैध' कहना गलत है। सरकार ने उनकी नियुक्ति प्रक्रिया में सभी कानूनी और प्रशासनिक पहलुओं का ध्यान रखा है। यह मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है और जब तक कोई अंतिम फैसला नहीं आता, तब तक उन्हें डीजीपी पद पर बनाए रखने का अधिकार सरकार के पास है। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता केवल राजनीतिक लाभ के लिए आधारहीन आरोप लगा रहे हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट है और किसी भी गलत काम के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाती है।

श्री शाहदेव ने कहा है कि 17 डीएसपी के प्रमोशन की प्रक्रिया में देरी तकनीकी मुद्दों के कारण हुई है, न कि सरकार के इरादे से। सरकार इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जनता ने भारी बहुमत से चुना है। डीजीपी की नियुक्ति जैसे प्रशासनिक मामलों को लेकर राजनीतिक आरोप लगाना जनता के जनादेश का अपमान है। सरकार जनता के हित में काम कर रही है और अपने कार्यों के लिए जनता के प्रति जवाबदेह है। विपक्षी दल अक्सर राजनीतिक फायदे के लिए सरकार के फैसलों पर निशाना साधते हैं। इस मामले में, बाबूलाल मरांडी का बयान उसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हो सकता है।

### दुर्गा पूजा से पहले बचे हुए प्रखंडों व पंचायतों में संगठन गठित करें : झामुमो

**रांची।** झामुमो केंद्रीय कार्यालय मे रांची जिला संयोजक मंडली की बैठक पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। बैठक मे सांगठनिक समीक्षा करते हुए पार्टी के सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही रांची जिला के जिन प्रखंडों एवं पंचायतों का गठन नहीं हुआ है, दुर्गा पूजा से पहले उनका गठन करते हुए विवरणी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष को सौंपने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

इस बैठक मे रांची जिला संयोजक मंडली प्रमुख मुस्ताक आलम, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, जयवंत तिग्गा, बीरू तिर्की, धर्मेंद्र सिंह, नयनतारा उरांव, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं झब्बूलाल महतो शामिल हुए।

### 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में स्पीकर ने दिया व्याख्यान



**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीद्रनाथ महतो 11वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीजन कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने को बेंगलुरू गये हैं। उन्होंने सम्मेलन में विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चाः जन विश्वास का आधार, जन आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। बताते चलें कि 11-13 सितम्बर तक आयोजित 11 वां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ,इंडिया रीजन कॉन्फ्रेन्स,राष्ट्रमंडल संसदीय संघ कर्नाटक शाखा द्वारा बेंगलुरु में आयोजित किया गया था।

# झारखंड दौरे पर कल देवघर आयेंगे के. राजू, सात दिनों तक अलग-अलग जिलों की बैठकों में लेंगे भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** संगठन सृजन अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के. राजू 15 सितंबर को देवघर पहुंचेंगे। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि वे सात दिवसीय दौरे पर रहेंगे और इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में ग्राम पंचायत कांग्रेस समितियों और जिला स्तर की बैठकों में भाग लेंगे। 15 सितंबर को सुबह 11 बजे देवघर हवाई अड्डे पर आगमन के बाद वे सरैयाहाट प्रखंड में पंचायत समिति की बैठक करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड में बैठक में शामिल होंगे। रात्रि विश्राम पाकुड़ में करेंगे। 16 सितंबर को पूर्वा? 10 बजे पाकुड़ सदर प्रखंड में बैठक होगी। दोपहर 3 बजे दुमका सर्किट हाउस में संथाल परगना के जिला कांग्रेस अध्यक्षों जिला पर्यवेक्षकों, जीपीसीसी पर्यवेक्षकों और यूएलबी पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक होगी। शाम को वे जामताड़ा जाएंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे। 17 सितंबर को सुबह 10 बजे नारायणपुर ब्लॉक, जामताड़ा में बैठक करेंगे। दोपहर में वे हजारीबाग के लिए रवाना होंगे और रात्रि विश्राम वहीं करेंगे। 18 सितंबर को सुबह 10 बजे हजारीबाग सर्किट हाउस में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वे डाल्टनगंज, पलामू जाएंगे और शाम 4 बजे वहां जीपीसीसी और नगर समितियों पर चर्चा करेंगे। 19 सितंबर को सुबह 10 बजे गढ़वा जिले के बड़गढ़ ब्लॉक में बैठक होगी। इसके बाद वे रांची आएंगे और शाम 4 बजे दक्षिण छोटानागपुर संभाग के डीसीसी अध्यक्षों, जिला पर्यवेक्षकों, जीपीसीसी पर्यवेक्षकों और यूएलबी पर्यवेक्षकों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। 20 सितंबर को सुबह वे सरायकेला-खरसावां जाएंगे और वहां कोल्हान प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 3 बजे रांची में मीडिया और सोशल मीडिया जिला अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे और रात्रि विश्राम रांची में करेंगे। 21 सितंबर को सुबह 10 बजे रांची में अनुसूचित जाति के नेताओं के साथ बैठक होगी।

# विस्थापन आयोग का गठन, अधिसूचना जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने विकास योजनाओं और औद्योगिक परियोजनाओं से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और अधिकारों की रक्षा सुनि>ित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। राज्य के भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग ने शुक्रवार को विस्थापन आयोग के गठन से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है।

जारी अधिसूचना के अनुसार आयोग का गठन विशेष रूप से उन परियोजनाओं के संदर्भ में किया गया है, जिनके कारण ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण और विस्थापन की स्थिति उत्पन्न होती है। इसमें बताया गया है कि आयोग विस्थापित परिवारों की समस्याओं का समाधान सुझाने, मुआवजा वितरण की पारदर्शिता सुनि>ित करने और पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी करने का कार्य करेगा।

कैसा होगा आयोग का स्वरुप अधिसूचना में आयोग की संरचना भी तय की गयी है। इसमें एक अध्यक्ष, दो सदस्य और संबंधित विभागों के नामित अधिकारी शामिल होंगे। अध्यक्ष का पद राज्य सरकार द्वारा नामित वरिष्ठ पदाधिकारी या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारी को दिया जा सकता है।

### प्रमुख जिम्मेदारियां

**विस्थापित परिवारों की पहचान और सत्यापन :** प्रभावित परिवारों की सूची का परीक्षण कर उन्हें मुआवजा और पुनर्वास का लाभ दिलाना। मुआवजा और पुनर्वास पैकेज की समीक्षा - यह सुनि>ित करना कि परियोजना के तहत प्रभावित परिवारों को न्यायसंगत और समयबद्ध मुआवजा मिले। आजीविका के विकल्प - विस्थापन के बाद प्रभावित परिवारों के लिए रोजगार, कौशल विकास और स्थायी आजीविका के अवसर सुनि> करना।

नीति सुधार पर सुझाव -आयोग समय-समय पर सरकार को रिपोर्ट और सिफारिशें देगा ताकि विस्थापन से जुड़े नियमों को और अधिक पारदर्शी व मानवीय बनाया जा सके। जन सुनवाई शिकायत निवारण - प्रभावित परिवार अपनी समस्याएं सीधे आयोग के सामने रख सकेंगे।

# सेवा, सम्मान और संस्कार के उत्सव के रूप में पीएम का जन्मोत्सव : सेठ

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन को रांची में सेवा, सम्मान और संस्कार के उत्सव के रूप में ऐतिहासिक ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रांची लोकसभा क्षेत्र में अनेक जनकल्याणकारी और प्रेरणादायक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। यह जानकारी केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसज संजय सेठ में पत्रकारों को दी। शनिवार को भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कार्फ्रेंस में मंत्री संजय सेठ ने विस्तृत रूप से कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। मौके पर रांची महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू एवं रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि यह सेवा पखवाड़ा न केवल जन्मदिन का उत्सव है बल्कि यह भाजपा की उस सोच का हिस्सा है जो सेवा ही संगठन को मूल मंत्र मानती है।

**प्रस्तुत की प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा :** हवन अनुष्ठान - 17 सितंबर : सेवा पखवाड़ा की शुरूआत हवन अनुष्ठान से की जाएगी जिसमें राष्ट्र कल्याण, प्रधानमंत्री की दीघार्यु और विश्व शांति की कामना के साथ वैदिक विधि से पूजा संपन्न की जाएगी।

**समाज के 75 कर्मवीरों का सम्मान :** अलग-अलग क्षेत्रों में समाज सेवा कर रहे 75 विशिष्ट जनों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें शामिल होंगे। 75 स्वच्छता दूत, 75 पैरामेडिकल स्टाफ, 75 नर्स, 75 किसान, 75 साहित्यकार, 75 सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, 75 वोकल फॉर लोकल प्रतिनिधि, 75 खिलाड़ी, 75 पूर्व सैनिक, 75 कलाकार, 75 शिक्षक और रक्तदान शिविर।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन के दिन आवासीय परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। वहीं, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन भी होगा। इसी दिन हजारों ग्रामीणों एवं नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगेगा। मरीजों को सलाह व आवश्यक स्वास्थ्य सेवाए प्रदान की जाएंगी। इसके अलवा 3000 सोलर लाइट का शुभारंभ होगा। रांची लोकसभा क्षेत्र में 3000 सोलर लाइट लगाए जाएंगे। इससे गांव-गांव रौशन होगा और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

**25,000 जूट बैग का वितरण :** प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान को बल देने के लिए पूरे क्षेत्र में 25,000 जूट बैग निःशुल्क वितरित किए जाएंगे।

**फैमिली प्रोटेक्शन लॉग बुक का वितरण :** हर परिवार को फैमिली प्रोटेक्शन लॉग बुक दिया जाएगा। यह एक अभिनव पहल है, जो परिवारों की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देगी।

**योग मैट वितरण अभियान :** करो योग, रहो निरोग के उद्देश्य के तहत योग मैट का वितरण किया जाएगा ताकि स्वास्थ्य जागरूकता घर-घर पहुंचे।

**नमो पार्क का शुभारंभ :** पीएम के जन्मदिन पर जवाहर नगर रांची में नमो पार्क का उद्घाटन किया जाएगा। यह पार्क पर्यावरण संरक्षण और नागरिक सुविधा का नया केंद्र बनेगा।

### प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से मिले



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित आवास में अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी जी से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के संपन्न हुए कार्यक्रम, झारखंड में चल रहे जिलाध्यक्ष चयन हेतु संगठन सृजन अभियान सहित अन्य प्रमुख विषयों से अवगत कराया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि आबादी के हिसाब से कम से कम झारखंड प्रदेश में छह जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय से जिला अध्यक्ष होना चाहिए, जिससे झारखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सके। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से आग्रह करते हुए कहा कि गत लोकसभा चुनाव-2024 में किसी भी अल्पसंख्यक को टिकट नहीं मिल पाया। वहीं विधानसभा चुनाव में भीं नाम मात्र दो ही सीट दिया गया था। इससे अल्पसंख्यक समुदाय में बहुत नाराजगी हुई थी और संगठन में भी नाकारात्मक असर पड़ा था। इस बार संगठन सृजन के तहत कम से कम झारखंड के छह जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय से ही जिला अध्यक्ष बनाया जाए। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने सभी बातों से गंभीरता पूर्वक सूनते हुए श्री अंसारी को भरोसा दिया है कि झारखंड में आबादी के अनुसार जिला अध्यक्ष बने इसको लेकर मैं कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के पास बात रखूंगा।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय भण्डारगृह में साफ–सफाई से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म/एजेन्सी/स्थानीय दुकानदार दिनांक 25.09.2025 को अपराह्न 2:00 बजे तक निगम कार्यालय में कोटेशन सभी करो के साथ जमा करना होगा। कोटेशन उसी दिन अपराह्न 4.00 बजे खोला जायेगा। समय अवधि के पश्चात् प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। दर आमंत्रण सूचना बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा।

**नोट :– नियम, शर्ते एवं सामग्री सूची कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।**

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 361895 Urban Development and Housing(25-26)#D



**कार्यालय : सदर अस्पताल– कोडरमा**
Sadar Hospital Campus, Koderma (Jharkhand) 825410
Email- sadarhospital30@gmail.com, Emg. No:- 7070553155

**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 01/2025–2026**

सदर अस्पताल, कोडरमा में भर्ती मरीजों का दर नियमानुसार प्रति मरीज प्रतिदिन रूपये 100.00 (एक सौ) एवं विशेश मरीजों को रूपये 125.00 (एक सौ पचीस) का पथ्य दिये जाने हेतू अनुज्ञप्ति प्राप्त मेसर्स का चयन किया जाना है। इच्छुक थोक विक्रेता/आपूर्तिकर्ता से सीलबंद लिफाफा (वित्तीय एवं तकनिकी से संबंधित अलग– अलग सील युक्त लिफाफा को पुनः एक बडे लिफाफा में रख कर सीलयुक्त लिफाफा) अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 13.10.2025 के अपराहन् 04.00 बजे तक पथ्य से संबंधित निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा अगले दिन दिनांक 14.10.2025 को अपराहन् 04:30 बजे खोली जाएगी। आपूर्ति की जाने वाली पथ्य की सूची/ शर्तें अद्योहस्ताक्षरी के सूचनापट् / कार्यालय से कार्य दिवस एवं अवधि में प्राप्त की जा सकती है।

उपाधीक्षक,
सदर अस्पताल– कोडरमा

PR 361812 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)#D


### आजसू ने की जेपीएससी अभ्यर्थियों के लिए प्रतिभा सेतु की मांग

**रांची।** आजसू पार्टी के महासचिव और हजारीबाग लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अभ्यर्थियों के लिए जेपीएससी प्रतिभा सेतु जैसी पहल शुरू करने की मांग की है। उन्होंने इस योजना को शुरू करने के लिए तत्काल पहल करने का आग्रह किया है।

संजय मेहता ने अपने पत्र में केंद्रीय संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिभा सेतु योजना का हवाला देते हुए बताया कि यह पहल 2018 में शुरू की गई थी। इस योजना के तहत उन अभ्यर्थियों की प्रोफाइल सार्वजनिक की जाती है जिन्होंने यूपीएससी की मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार जैसे कठिन चरणों को पार किया। लेकिन अंतिम मेरिट सूची में स्थान नहीं बना पाए। मेहता ने कहा कि जेपीएससी में भी बड़ी संख्या में ऐसे मेधावी उम्मीदवार होते हैं, जो प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार जैसे कठिन चरणों को पार करते हैं। परंतु मामूली अंतर से चयन से वंचित रह जाते हैं। ऐसे उम्मीदवारों के लिए जेपीएससी प्रतिभा सेतु एक वैकल्पिक अवसर का मार्ग खोल सकती है।

उन्होंने सुझाव दिया कि राज्य सरकार इन प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों की प्रोफाइल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर साझा करे जिसे राज्य के विभिन्न प्रशासनिक विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों और निजी कंपनियों को उपलब्ध कराया जा सके। इससे न केवल योग्य उम्मीदवारों को अवसर मिलेगा बल्कि झारखंड को प्रशिक्षित और सक्षम मानव संसाधन भी मिल सकेगा। मेहता ने लिखा है कि चयन से वंचित ये अभ्यर्थी अत्यंत प्रतिभाशाली और समर्पित होते हैं जिन्हें झारखंड के विकास और प्रशासन में योगदान देने का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार कर जल्द निर्णय लेने की अपील की है।


**झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, सरायकेला-खरसावाँ

**भर्त्ती कैम्प**

तिथि :– 16.09.2025, समय :–पूर्वाह्न 10 बजे से || स्थलः– जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, सरायकेला–खरसावाँ।

| NAME OF EMPLOYER | NAME OF THE POST | NO. OF VACANCY | QUALIFICATION | EXPERIENCE | AGE GROUP (IN YEARS) | PAY/SALARY (P.M.) – INR | OTHER BENEFITS | JOB LOCATION |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AIRTEL PAYMENTS BANK LIMITED | ABDE | 20 | $10^{th}$ /$12^{th}$ /GRADUATE | 0-6 YEARS | 18-35 | UPTO 12,700 | PF & ESI | SARAIKELA-KHARSAWAN |
| LIC OF INDIA | LIC BIMA SHAKHI | 50 | $10^{TH}$ (MATRIC) | 0-5 YEARS | 18-70 | NEGOTIABLE | COMMISSION + BOUNS | SARAIKELA-KHARSAWAN |

नोटः– भर्त्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों का झारखण्ड राज्य के किसी भी नियोजनालय में अथवा झारखण्ड रोजगार पोर्टल पर निबंधित होना अनिवार्य है। भर्त्ती कैम्प में भी निबंधन की सुविधा उपलब्ध होगी। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है। इसलिए रिक्ति के शर्तो लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्त्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का मार्ग भत्ता देय नहीं होगा। भर्त्ती कैम्प की पूरी प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
सरायकेला–खरसावाँ

PR 361811 Labour Employment and Traning (25-26)_D


# गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले को मुफ्त में मिलेगा वाटर कनेक्शन : सरयू राय

- झारखंड के आवासीय उपभोक्ताओं को जल संयोजन शुल्क में मिलेगी काफी राहत
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना में गरीबी रेखा की जो परिभाषा तय है, वही जल संयोजन के लिए भी लागू होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के आवासीय उपभोक्ताओं को जल संयोजन शुल्क (वाटर कनेक्शन फीस) में काफी राहत मिलेगी। साथ ही गरीबी रेखा के नीचे के उपभोक्ताओं का वाटर कनेक्शन मुफ्त में होगा। इसके लिए गरीबी रेखा को परिभाषित करने पर सरकार राजी हो गई है। विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति ने इसके लिए राज्य सरकार के नगर विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र पर विचार करने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ चार बैठकें की।

समिति के सभापति सरयू राय के निर्देश पर विभाग ने कई राज्यों के जल संयोजन शुल्क का अध्ययन किया और पाया कि झारखंड में जल संयोजन शुल्क काफी अधिक है। झारखंड में एक हजार वर्गफीट क्षेत्रफल वाले घर के लिए 7000 रुपये, 2 हजार वर्गफीट के लिए 14000 रुपये, 3 हजार वर्गफीट के लिए 21000 रुपये जल संयोजन शुल्क लिया जाता है।

विधानसभा समिति के सभापति सरयू राय ने इसमें संशोधन का निर्देश दिया। विचारोपरांत नगर विकास विभाग ने तय किया कि एक हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल वाले मकान के लिए जल संयोजन शुल्क मात्र 5000 रुपये होगा और इसके उपर के क्षेत्रफल वाले घरों को मात्र 7000 रुपये वाटर कनेक्शन शुल्क देना होगा, जो अधिकतम होगा।

नगर विकास विभाग के इस निर्णय के बाद प्रत्यायुक्त विधान समिति ने इस आशय का प्रतिवेदन गत मॉनसून सत्र में 25 अगस्त 2025 को सदन पटल पर रख दिया।

इसके बाद इसकी प्रति नगर विकास विभाग को भेजते हुए निर्देश दिया कि प्रतिवेदन की प्रति प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर विभाग इसका विधिवत आदेश परिपत्र निकाल कर सभी संबंधित विभागों और संस्थाओं को भेजे। इसके साथ ही विधानसभा समिति ने नगर विकास विभाग से पूछा कि आपने गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों को मुफ्त में जल संयोजन करने का आदेश दिसंबर 2020 में निकाला था तो गरीबी रेखा की परिभाषा क्या है? कितनी आमदनी तक वाले परिवार को गरीबी रेखा के नीचे माना जाएगा? स्पष्ट उत्तर नहीं मिलने पर समिति के सभापति सरयू राय ने इसे परिभाषित करने का निर्देश नगर विकास विभाग को दिया।

तदनुसार विभाग ने अपने निर्णय से समिति को अवगत कराया कि मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना में गरीबी रेखा की जो परिभाषा सरकार ने तय किया है, वही परिभाषा जल संयोजन के लिए भी लागू होगी।

विधानसभा समिति ने नगर विकास विभाग के इस निर्णय को भी अपने प्रतिवेदन में समाहित करते हुए गत 25 अगस्त को सदन पटल पर रख दिया और निर्देश दिया कि सदन द्वारा स्वीकृत प्रतिवेदन के अनुसार प्रतिवेदन प्राप्ति के 25 दिनों क भीतर विभाग इसकी विधिवत अधिसूचना जारी करे। यह जमशेदपुर सहित राज्य भर के उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत है।

**खबर एक नजर में**

## ग्रामीण एसपी ने पिठौरिया थानेदार अभय कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




**रांची/पिठौरिया।** पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण प्रवीण पुष्कर ने पिठौरिया थाना प्रभारी एसआई अभय कुमार को 21 अगस्त 2025 को लुंबा उरांव हत्या मामले का त्वरित उद्भेदन और थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया है। पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसपी ने अभय कुमार की कार्यकुशलता की सराहना की। सम्मान समारोह में उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

## झारखंड की न्यायपालिका हमेशा अपने सैनिकों के साथ खड़ी : चीफ जस्टिस

**रांची।** राज्य के सभी जिलों के रक्षाकर्मियों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए शनिवार को वीर परिवार सहायता योजना–25 के तहत विधिक सेवा क्लिनिक का वर्चुअल शुभारंभ चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान ने दीपा टोली कैंट में किया। इस अवसर पर चीफ जस्टिस ने कहा कि विधिक सेवा क्लिनिक केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि गंभीर संकल्प है। यह न्यायपालिका की ओर से उन वीरों को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। झारखंड की न्यायपालिका सदा अपने सैनिकों के साथ खड़ी है।

झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल विधिक सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि सैनिकों और उनके आश्रितों को संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना भी है। झालसा की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना ने कहा कि झालसा निरंतर नई उपलब्धियां हासिल करते हुए झारखंड के दूरदराज क्षेत्रों तक अपनी पहुंच बना रहा है। वीर परिवार योजना के अंतर्गत सेना के जवान एवं अवकाश प्राप्त और उनके आश्रित परिवारों को विधिक सहायता प्रदान की जाएगी। समारोह में ब्रिगेडियर राज कुमार, कुमारी रंजना अस्थाना, न्यायिक पदाधिकारी, उपायुक्त एसएसपी भी मौजूद थे।

## दुकानों पर 18 हजार का जुर्माना लगा

**रांची।** रांची नगर निगम ने शहर को कचरा मुक्त और साफ–सुथरा बनाने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। इसी कड़ी में आज उप प्रशासक रविंद्र कुमार ने अपर बाजार क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था की जांच की गई और सड़क पर कचरा फैलाने वाले 6 प्रतिष्ठानों पर कुल 18,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। निरीक्षण के दौरान उप प्रशासक ने दुकानदारों को हरा और नीला डस्टबिन रखना अनिवार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निगम अब 'जीरो टॉलरेंस ऑन लिटिरिंग' की नीति पर काम कर रहा है और कचरा फैलाने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई होगी। इस मौके पर सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, इनफोर्समेंट टीम और संबंधित सुपरवाइजर भी मौजूद थे। नगर निगम ने सभी दुकानदारों और भवन मालिकों से अपील की है कि गीला और सूखा कचरा अलग–अलग करके ही निगम के वाहनों को दें।

| इन प्रतिष्ठानों पर लगा जुर्माना |
|---|
| श्री नारायणी ट्रेडर्स - 2,000 |
| बालाजी कलेक्शन - 2,000 |
| दीपाली स्टोर - 2,000 |
| बालाजी फैशन/ड्यूक एक्सक्लूसिव - 2,000 |
| एसएस सारी - 5,000 |
| अरुण कुमार - 5,000 |

# मईंयां सम्मान की खातिर महिलाएं जमीन पर...

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार झारखंड में बहन, बेटियों को मईंयां सम्मान प्रदान कर रही है। यह सम्मान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया जा रहा है। यह सम्मान पाकर बहन बेटियों का आत्म-सम्मान भी बढ़ा है लेकिन जिन बहन बेटियों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, वैसे लोग आवेदन देने के लिए अंचल ऑफिस पहुंच रहे हैं। आवेदन जमा देने के लिए लंबी कतारें लग रही है लेकिन इन महिलाओं के सम्मान को तब ठेंस पहुंच रही है, जब इन्हें जमीन पर बैठकर आवेदन भरना पड़ रहा है। आवेदन जमा देने के लिए इन्हें घंटों समय बिताना पड़ रहा है। सरकार की भावना के उलट महिलाएं, बेटी-बहनों को वहां बैठना पड़ रहा है, जहां से अधिकारी और कर्मचारी जूते पहन आते-जाते हैं। हम बात कर रहे हैं रांची जिले के हेहल अंचल की। हेहल अंचल में हर दिन (कार्यदिवस) 20 से 25 आवेदन मईंयां सम्मान योजना के लिए पहुंचता है। एक फार्म भरने के लिए महिलाओं को कई कई दिन दौड़ना पड़ता है। अधिकारी, कर्मचारी व अन्य सरकारी कर्मियों का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध नहीं रहता है। ऐसे में कौन कब मिलेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। थकी हारी महिलाएं जमीन पर बैठकर समय काटती हैं। उनके बैठने के लिए अंचल कार्यालय में कुर्सी तक उपलब्ध नहीं है और न ही टेबल है। टेबल होने से लोगों को आवेदन भरने तथा लिखने में सहूलियत होती। अंचलों में जनता के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में जब हेहल अंचल के सीओ घनश्याम कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कुर्सियां हैं, यदि नहीं है तो मीटिंग के लिए कोई ले गया होगा।

SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL
Birla Knowledge City, Vill – Ara, P.O. – Mahilong, Ranchi-Purulia Highway, Ranchi-835103 (Jharkhand)
Phone: 9507035717, 9507035987
E-mail – info@sbpsranchi.com • Website : www.sbpsranchi.com

REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27)

Registration forms for admission in **Nursery, KG-I, KG-II & Std. I** can be filled and submitted online through the school's official website www.sbpsranchi.com from 15.09.2025 to 31.10.2025. Online registration form (2026-27) is also available for provisional admission in **Std. XI** (Science, Commerce & Humanities). For further details please log on to www.sbpsranchi.com or call front office 9507035717, 9507035987 on working days. (Timing: 08:00 am to 01:00 pm).
BPL/EWS category candidates can apply online through https://rteranchi.in (as per Govt. norms) for admission in Nursery only.

VACANCY FOR TEACHERS (2026-27)

**PGT, TGT and PRTs** are required for all the subjects including **foreign languages** and **AI & Robotics**.
**How to Apply:** The eligible candidates are instructed to fill and submit the online application form along with a recent scanned photograph and a brief narrative (500-1000 words) on their professional ideology through the link https://sbpsranchi.in/career on or before 31.10.2025.
**Principal**

### जघन्य वारदात : कातिल हैदराबाद से भाड़े में बलेनो कार लेकर पहुंचे थे रांची

# रेणु अग्रवाल के कातिलों ने भागने के दौरान कार को डिवाइडर में उछाला, सुरक्षाकर्मी की जान बची

विवेक राज




**रांची।** हैदराबाद के कुकटपल्ली स्वान लेक अपार्टमेंट में घटी रेणु अग्रवाल हत्याकांड के कातिलों को धर दबोचने में सुखदेव नगर थाना की पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने सबसे पहले हत्याकांड के मुख्य साजिशकर्ता राज कुमार को गिरफ्तार किया। इसके गिरफ्तार होने के बाद पुलिस अब हैदराबाद में हत्याकांड को अंजाम देनेवाले हर्ष और रौशन का इंतजार था। पुलिस को कातिलों का लोकेशन रातु रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पास मिला। पुलिस फौरन ही उक्त स्थल पर पहुंचकर कातिलों को पहचानने का प्रयास करने लगी। कातिल हैदराबाद से भाड़े में बलेनो वाहन से रांची पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस की नजर सड़क किनारे खड़ी बलेनो पर पड़ी, जिसमें बैठे युवती सहित पांच युवक नशा का सेवन कर रहे थे। पुलिस जैसे ही वाहन के पास पहुंची कि सभी गाड़ी को तेजी से भगाकर पुलिस से ओझल हो गये। इसके बाद पुलिस को इनका लोकेशन दोबारा रामबिलास पेट्रोल पंप, रातु रोड में मिला। लोकेशन मिलते ही पुलिस की टीम ओवरटेक कर कार की घेराबंदी की। पुलिसकर्मी वाहन के पीछे खड़े हो गये। कातिल अपने को घिरता देख तेजी से वाहन को पीछे किया, जिसमें सुखदेव नगर थानेदार के अंगरक्षक मुन्ना गुप्ता ने कूदकर अपनी जान बचायी। अपराधी बलेनो को डिवाइडर पर चढ़ाकर भागने का प्रयास करने लगे लेकिन पुलिस ने सबको धर दबोचा गया।

### हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता है राज कुमार

> अपराधियों ने जिस तरह से कत्ल की वारदात को अंजाम दिया वो तरीका किसी फिल्मी सीन से कम नहीं

हैदराबाद पुलिस के अनुसार हत्याकांड में हर्ष और रौशन के आलावे मुख्य साजिशकर्ता राज कुमार शामिल है। रौशन पूर्व में मृतका के यहां कार्य कर चुका था। साजिश के तहत तीनों ने बेरहमी से हत्याकांड को अंजाम देकर घर में लूटपाट की है। हैदराबाद के कुकटपल्ली स्वान लेक अपार्टमेंट में 50 वर्षीय रेणु अग्रवाल को कातिलों ने प्रेशर कूकर, चाकू और कैंची से वार करके महिला की जान ली है। अपराधियों ने जिस तरह से कत्ल की वारदात को अंजाम दिया है, वो तरीका किसी फिल्मी सीन से कम नहीं है। पुलिस जांच के बाद पता चला कि लगभग 10 दिन पहले ही परिवार ने कोलकाता की एक एजेंसी के जरिये झारखंड के रहने वाले हर्षनामक नौकर को काम पर रखा था। जांच में खुलासा हुआ कि हर्ष ने उसी अपार्टमेंट की 14वीं मंजिल पर काम करने वाले रौशन नामक एक अन्य नौकर को बुलाया और दोनों ने पहले महिला के हाथ-पांव बांधे और फिर बेरहमी से हमला कर दिया। हत्या के बाद दोनों ने घर का कीमती सामान समेटा और भागने की तैयारी शुरू की।

### कातिलों ने वारदात के बाद बाथरूम में किया स्नान

दोनों आरोपी हर्ष और रौशन ने वारदात को अंजाम देने के बाद आराम से घर के बाथरूम में नहाया था। खून से सने कपड़े वहीं छोड़ दिए और साफ कपड़े पहने, परफ्यूम लगाया और फिर सामान्य अंदाज में सोसायटी से बाहर निकले। उनके चेहरे पर कोई घबराहट नहीं थी, इसलिए किसी को उन पर शक भी नहीं हुआ था। सीसीटीवी फटेज में दोनों रेणु की ही स्कूटी लेकर भागे थे। उस फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों की पहचान की और तलाश शुरू कर दी। दोनों आरोपी वारदात को अंजाम देकर किराये की गाड़ी से रांची की ओर भाग थे।

# लोक अदालत में 20 लाख से अधिक मामलों का हुआ समाधान

**9 अरब 24 करोड़ 93 लाख 44 हजार 880 रुपये का हुआ सेटलमेंट**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के सभी न्यायालयों में शनिवार को लगी लोक अदालत में 20,61,878 मामले निष्पादित किए गए। इनमें 9,24,93,44,880 रुपए का सेटलमेंट भी हुआ। मामले निपटाने के लिए 288 पीठों का गठन किया गया था। मामलों में 19,01,846 मामले कोर्ट पहुंचने से पहले ही निपटा दिए गए। वहीं, कोर्ट में लंबित 1,60,032 केस का निपटारा किया गया। हाईकोर्ट में लंबित 48 मामले निपटाए गए। बता दें कि लोक अदालत का ऑनलाइन उदघाटन चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान, झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। रांची सिविल कोर्ट में झारखंड पीड़ित मुआवजा योजना के तहत 12 लाभुकों के बीच 27.15 लाख रुपए के चेक बांटे गए।

वाहन दुर्घटना मुआवजा में 82 पीड़ितों को 8.70 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया। लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायिक दंडाधिकारियों के लिए 34 और कार्यपालक दंडाधिकारियों के लिए 19 बेंच का गठन किया गया था। इसके पूर्व न्यायिक अधिकारियों, बैंक, बीमा कंपनी, पुलिस एवं जिला प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गई थीं, ताकि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन सुनिश्चित हो सके। वीर परिवार सहायता योजना शुरू दीपाटोली स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम से नालसा वीर परिवार सहायता योजना-2025 का भी वर्चुअल उद्घाटन किया गया। इसमें कुल 2 करोड़ 14 लाख 51 हजार 714 रुपये की राशि पीड़ित परिवारों को प्रदान की गई। रांची सिविल कोर्ट के राष्ट्रीय लोक अदालत में 40,836 लंबित मामलों एवं 2,08,097 प्री-लिटिगेशन मामलों का निपटारा किया गया। 296 करोड़ 58 लाख 41 हजार 924 रुपए का सेटलमेंट भी किया गया।

### 82 वाहन दुर्घटना पीड़ितों के बीच कुल ₹87037698 मुआवजा राशि वितरित



**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा–1 एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों के हाथों शनिवार को व्यवहार न्यायालय रांची के डालसा हॉल में झारखंड पीड़ित मुआवजा के तहत 12 पीड़ितों के बीच 27,15,000/– का चेक पीड़ितों के बीच चेक का वितरण किया गया। साथ ही वाहन दुर्घटना मुआवजा में न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा 82 पीड़ितों के बीच 87037698/– राशि के चेकों का वितरण किया गया। इसके साथ ही केरकेट्टा ऑडिटोरियम, दीपाटोली में नालसा वीर परिवार सहायता योजना–2025 का वर्चुअल उद्घाटन के अवसर मुख्य न्यायाधीश न्यायामूर्ति त्रिलोक सिंह चौहान, सुजित नारायण प्रसाद और न्यायामूर्ति संजय कुमार द्विवेदी एवं अन्य अतिथियों ने कुल 2,14,51,714 रुपए की राशि का वितरण पीड़ितों को वितरित की। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल लंबित मामले 40836 तथा प्री–लिटिगेशन के 208097 वादों का निस्तारण किया गया साथ ही 2965841924 राशि का हुआ सेटलमेंट।

# एटीएस की रिमांड में मयंक सिंह ने उगले कई राज जांच में जल्द हो सकती है केंद्रीय एजेंसियों की इंट्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एटीएस के द्वारा छह दिनों के तक पूछताछ में मयंक ने अजरबैजान, पाकिस्तान से लेकर मलेशिया और भारत में कौन-कौन से गिरोह के साथ वह काम कर रहा था, पाकिस्तान से हथियारों की डील कैसे होती थी, हवाला का कारोबार कैसे चलता था और रंगदारी की रकम का निवेश कहां-कहां किया जाता है इन सबको लेकर कई खुलासे किये हैं। बताया जा रहा है कि जल्द ही इस केस में केंद्रीय एजेंसियों की भी इंट्री होने वाली है, क्योंकि हथियार से लेकर हवाला तक के तार पाकिस्तान से जुड़े हुये हैं। ऐसे में अब झारखंड पुलिस को केंद्रीय एजेंसियों से मदद की जरूरत पड़ेगी। झारखंड एटीएस की टीम मयंक सिंह के द्वारा पूछताछ में दी गई जानकारियों का सत्यापन कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि मयंक ने पूछताछ में जो जानकारियां दी हैं उसमें कितनी सच्चाई है।

झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि मयंक को प्रत्यर्पण कर लाने के बाद छह दिनों तक गहराई से पूछताछ की गई थी, जिसमें कई अहम जानकारियां मिली हैं। एटीएस अब मयंक के बयान का मिलान का काम कर रही है। जैसे ही एटीएस की जांच पूरी हो जायेगी एक बार फिर से उसे रिमांड पर लिया जाएगा और उससे क्रॉस क्वेश्चनिंग की जायेगी।

वहीं कुख्यात अपराधी अमन साहू से लेकर लॉरेंस और गोल्डी बराड़ तक से मयंक के संबंधों की बात जांच में सामने आई है। साथ ही पाकिस्तान से हथियार तस्करी के साक्ष्य भी मिले हैं। ऐसे में अब एक केंद्रीय एजेंसी की भी एंट्री होने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार एनआईए इस मामले में जांच कर सकती है। झारखंड एटीएस के बाद अब एनआईए की भी इस केस पर नजर है। विदेश में बैठकर झारखंड सहित विभिन्न राज्यों में आतंकी गतिविधियां संचालित करने,लेवी-रंगदारी की वसूली ऐसे सभी अपराध यूपीए अधिनियम के तहत आता है। ऐसी स्थिति में यह संभावना जताई जा रही है कि इस केस में जल्दी एनआईए की एंट्री होगी।

### दुर्गा पूजा 2025 की तैयारियों को लेकर केंद्रीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक

# सोशल मीडिया पर फेक न्यूज रोकने के लिए विशेष निगरानी टीम का होगा गठन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय में दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर केन्द्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और समिति सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी दी, जिससे उत्सव की सफलता सुनिश्चित करने के लिए ठोस योजनाएं तैयार की गयीं। उपायुक्त भजंत्री ने कहा कि जिला प्रशासन 24 घंटे जनता के सहयोग के लिए तत्पर है और सभी विभागीय पदाधिकारी पूजा समितियों के सुझावों पर अमल करेंगे। बैठक अपर नगर आयुक्त ने आश्वस्त किया कि समितियों के सुझावों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



बैठक में पूजा समितियों के सदस्यों ने साफ-सफाई, जलापूर्ति, निर्बाध बिजली, महिला आरक्षियों की प्रतिनियुक्ति, पूजा पंडालों में बैरिकेडिंग, विसर्जन के लिए वाहनों की उपलब्धता आदि व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए। समिति सदस्यों ने सभी पूजा समितियों को निर्देश दिया कि उत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों या विवादों से बचें। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज को रोकने के लिए विशेष निगरानी टीम गठित की जाएगी।

**सुरक्षा व्यवस्था** : जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख स्थलों में सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन सर्विलांस और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

**यातायात और पार्किंग प्रबंधन** : रांची शहर के प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए प्लान तैयार किया गया। पूजा पांडालों के आसपास पार्किंग जोन निर्धारित किए जाएंगे ताकि आम जनता को असुविधा न हो।

बैठक में अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर अजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर, संबंधित पदाधिकारी एवं विभिन्न दुर्गा पूजा समिति एवं शांति समिति के सदस्य थे।

**उपायुक्त के निर्देश**

(1) दुर्गापूजा के दौरान विधि-व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

(2) सभी पूजा समितियां बिजली के लोड, वायरिंग एवं फायर सेफ्टी की व्यवस्था सुनिश्चित कर संबंधित पदाधिकारी से एनओसी प्राप्त करें।

(3) असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रशासन जीरो टॉलरेंस अपनाएगा।

(4) पंडालों में सीसीटीवी कैमरे, वॉलिंटियर्स के आईडी कार्ड एवं यूनिफॉर्म की व्यवस्था करें।

(5) थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के पंडालों से निरंतर संपर्क में रहें, बिना पुलिस बल के कोई विसर्जन न हो।

(6) विसर्जन के वाहनों की फिटनेस जांच, चालक की पड़ताल एवं शराब सेवन पर कड़ी पाबंदी।

(7) संदिग्ध वस्तु मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

(8) सर्वोत्तम समन्वय और सुरक्षा व्यवस्था करने वाली पूजा समिति को पुरस्कृत किया जाएगा।

(9) लाउडस्पीकर एवं डीजे का उपयोग नियमानुसार हो, ध्वनि प्रदूषण एवं आपत्तिजनक गीतों से परहेज किया जाए।

(10) पंडाल निर्माण के कारण यातायात बाधित न हो।

**एसएसपी के निर्देश**

(1) पूजा समितियां प्रशासन की आंख, कान, नाक और पैर हैं, सहयोग से ही शांति व्यवस्था संभव है।

(2) बिजली की वायरिंग को हल्के में न लें, सुरक्षा सर्वोपरि है।

(3) प्रत्येक समिति अपने 5-5 वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण में भेजे और उनकी सूची स्थानीय थाना प्रभारी को सौंपे।

(4) सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश या वीडियो शेयर न करें, पुलिस कंट्रोल रूम को तत्काल सूचित करें।

(5) धर्म-संप्रदाय के नाम पर माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

(6) पंडालों में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग प्रवेश व्यवस्था, तोरण द्वार की स्वयं जांच और साफ छवि वाले युवाओं को वॉलिंटियर्स बनाने पर बल।

(7) महिला पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, समितियां महिला वॉलिंटियर्स भी नियुक्त करें।

--------------

# विजयादशमी को आरएसएस के 100 साल होंगे पूरे, रांची में हो रही तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आरएसएस अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे करने जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर स्वयंसेवक घर-घर जाकर आरएसएस की रीति-नीति से देश को अवगत करायेंगे। सभी समवैचारिक संगठनों में कार्य करने वाले स्वयंसेवकों के अथक प्रयास से गांव-गांव में संघ पहुंच चुका है। विजयादशमी के दिन ही नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी। शताब्दी वर्ष में पंचपरिवर्तन के माध्यम से सभी लोगों को मिलकर समाज में कार्य करना है। रातू रोड स्थित राणी सती मंदिर प्रांगण में वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत स्तरीय अखिल भारतीय प्रशिक्षण वर्ग चल रहा है। इसमें देश के सभी प्रांतों से कल्याण आश्रम के प्रांत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, महामंत्री और कोषाध्यक्ष समेत 250 लोग भाग ले रहे हैं। इसके दूसरे दिन शनिवार गोपनीय चर्चा हुई। जिसमें राष्ट्र से जुड़े तमाम चीजों पर चर्चा हुई।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर पूरे कार्यक्रम के दौरान आश्रम के पालक के रूप में मौजूद हैं। बतौर रामदत्त चक्रधर के अनुसार पंच परिवर्तन में समाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य को लेकर अगले एक वर्ष के साथ-साथ आगे भी काम करना है। इसके लिए समाज के बीच टोली बनाकर सवयंसेवकों को जाना है। घर-घर संपर्क करना है, संघ की रीति-नीति से लोगों को अवगत करना है। लोगों को अधिकार के साथ-साथ उनके कर्तव्यों को भी याद कराना है। वनवासी कल्याण आश्रम ने बहुत बड़ी बीड़ा उठाने की बात कही है। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर उनके कार्यों से पूरे देश को अवगत करायेगा। भगवान बिरसा के गांव की मिट्टी को पूरे देश में ले जाया जायेगा। यह काम आश्रम के पदाधिकारी करेंगे। मिट्टी से भरे 53 कलश जनजाति परंपरा विधि-विधान के साथ रांची लाया गया है। पूरे देश में कार्यक्रम कर जनजाति समाज के अलावे आम लोगों को बताने का काम किया जायेगा कि उन्होंने अपने समाज के लिए क्या कुछ किया। अपनी धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दी। ईसाई अंग्रेजों से हमेशा उनका सामाना होता रहा।

### बाबूलाल के पास डीजीपी मुद्दे पर बोलने का औचित्य नहीं : विनोद पांडेय

**रांची।** झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की नसीहत के बाद भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के पास डीजीपी नियुक्ति पर सवाल उठाने का कोई औचित्य नहीं बचता। उन्होंने कहा कि अदालत ने मरांडी की अवमानना याचिका को महत्वहीन ठहराया था। कहा था कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के लिए कोर्ट में याचिका नहीं दायर करनी चाहिए। पांडेय ने याद दिलाया कि भाजपा नेता के अनुसार अदालत की टिप्पणी के बाद ही मरांडी ने स्वेच्छा से अपना मामला वापस ले लिया था। विनोद पांडेय ने कहा है कि जब सुप्रीम कोर्ट ने कह दिया है कि यह मामला दो अधिकारियों के बीच प्रतिद्वंद्विता जैसा है, तब सरकार और पुलिस पर आरोप लगाकर मरांडी आखिर क्या साबित करना चाहते हैं? झामुमो नेता ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार हमेशा संवैधानिक संस्थाओं और न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करती है। डीजीपी नियुक्ति का मुद्दा अभी अदालत में विचाराधीन है और सरकार उसी के अनुरूप आगे बढ़ रही है। पांडेय ने चेतावनी दी कि विपक्षी नेताओं को आलोचना करते समय भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए।

# रिसालदार शाह बाबा के मजार पर उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के 218 वे सालाना उर्स के मौके पर शनिवार को चादर पोशी करनेवालो की भीड़ रही। राज्यसभा सांसद सह झारखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सरफराज अहमद के साथ समाज सेवी सह अध्यक्ष गोरखा स्पोर्ट्स एकेडमी के रितेश कुमार थापा, हरिशचंद्र सिंह डीएसपी ने बाबा के मजार पर अपनी अकीदत पेश करते हुए मजार पर चादर पोशी किया। मौके पर दरगाह कमिटी के पदाधिकारियों ने चादर पोशी करनेवाले मुख्य लोगों को पगड़ी और माला पहना कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए लंगर का दौर चलता रह। स्थानीय कव्वालों ने अपने सुफियाना कव्वाली से लोगों का मन मोहा। मौके पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, मोहम्मद सादीक, जुल्फिकार अली भुप्तो, अनीश गद्दी,नसीम गद्दी, अब्दुल खालीक, सरफराज उर्फ संपा, नज्जू अंसारी, आसीफ नईम, अफताब आलम, साजिद उमर, मो.सहजाद, बब्लू, मो. वसीम, सरफराज गद्दी उर्फ पंडित, शाहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, खलीकुल गद्दी, रितेश कुमार थापा, समित लामा, पवन छेत्री, रवि सिंह, प्रणव छेत्री, कौशिक थापा, सौरव राइ, मिथलेश राणा, साजन राइ, रंजीत थापा, भूपेश थापा, राजू कुमार, उज्ज्वल थापा सहित कई संख्या गणमान्य उपस्थित थे।

## आज सीएम करेंगे चादर पोशी

**रांची।** रिसालदार शाह बाबा के 218 वे सालाना उर्स के मौके पर रविवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चादर पोशी करेंगे। चादरपोशी सीएम झारखंड की खुशहाली और अमन-चैन की बाबा से दुआ करेंगे। साथ ही कव्वाली मंच का उद्घाटन करेंगे। मौके पर दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन की स्मृति में श्रद्धाजलि सभा होगी। शाम मे दरगाह कमिटी के महासचिव जावेद अनवर के डोरंडा युनुस चौक स्थित मकान में मुंबई से आए कव्वाल अजीम नाजा एवं जुनैद सुलतानी के बीच कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महासचिव के आवास से बाबा के दरबार के लिए चादर निकलेगी। उसके बाद लोगो के मनोरंजन के लिए देर-रात मुंबई से आए दोनों कवालों के बीच कव्वाली का महा मुकाबला आयोजित किया जाएगा।



## सुबोधकांत ने बाबा की मजार पर चढ़ाई चादर

**रांची।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने शनिवार को डोरंडा स्थित रिशालदार शाह बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई। श्री सहाय ने देश,राज्य व सर्व समाज के कल्याण की दुआएं मांगी। इस अवसर पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवानंद सिन्हा, समाजसेवी वीरेंद्र साहू, अरुण मिश्रा पप्पू, हजरत कुतुबुद्दीन रिशालदार शाह बाबा दरगाह कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, उप सचिव मोहम्मद सादीक, उपसचिव जुल्फिकार अली भुप्तो, अनीश गद्दी, नसीम गद्दी, एजाज गद्दी, आफताब आलम, शाहीन अहमद, सरफराज कुरैशी, आसिफ नईम, सहित काफी संख्या में अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### 21 से सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया फिट युवा फॉर विकसित भारत के लक्ष्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से रांची में सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य आगाज होने जा रहा है। इस महोत्सव का शुभारंभ 21 सितंबर 2025 को साइक्लोथॉन के साथ होगा। रांची के हजारों लोग विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाओ के संकल्प के साथ साइकिल यात्रा करेंगे। इस साइक्लोथॉन में केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों की राज्य मंत्री रक्षा खडसे, विश्व स्तर पर साइकिल चैंपियनशिप में भाग लेकर कई मेडल जीतने वाली कमांडर गौरी मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग भाग लेंगे। इस महोत्सव के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आरंभ है, जिसमें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए मेरे केंद्रीय कार्यालय और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। इस बार के खेल महोत्सव का आयोजन सभी विधानसभा क्षेत्रों में होगा। 12 अक्टूबर को मैराथन होगा। इसमें 25000 से अधिक लोग शामिल होंगे।

### धुमकुड़िया भवन में चिकित्सा शिविर 21 को

**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी,झारखंड के सौजन्य से आगामी 21 सितंबर,रविवार को धुमकुड़िया भवन,करमटोली चौक में बड़ी जनजातीय आबादी और निम्न आय वर्ग वालों के लिए निशुल्क प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में शिशु,महिला और सामान्य चिकित्सीय जांच की जाएगी। इतना ही नहीं शिविर में शामिल हुए मरीजों को दवा,भोजन और मिठाई भी दी जाएगी। शिविर प्रात: 11 से दोपहर 2 बजे तक कार्यरत रहेगा। इसकी जानकारी देते हुए आयोजक अरुण चावला,शांति खलखो,लायंस सिटी की चंदा कुमारी,बिंदू सिंह,उमा देवी,रंजीता सिंह,दीपा वात्स्यायन,रीना पॉल,सुनीता देवी और सुषमा त्रिवेदी ने बताया कि शिविर में चिकित्सकों और दवा शैल्बी डिवाइन अस्पताल, निकट सरना स्थल,सिरमटोली के सौजन्य से तथा भोजन,मिठाई और दवा लायंस सिटी की ओर से दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर की जानकारी घर-घर जाकर देने एवं इसे सफल बनाने में संचालन समिति का भी गठन किया गया है। जिसमें निर्मला तिर्की,शकुंतला उरांव,संगीता टोप्पो,पूनम देवी,रुबी भगत,रोहित खलखो,राज मुंडा,दिलीप तिर्की,कैलाश मुंडा,ऋषिता मिंज,कौशल्या मुंडा,खुशबू बेक,अलका बेक और सुनैना उरांव को शामिल किया गया है।

### आजसू ने कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक का किया घेराव

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) ने शनिवार को कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। रांची विश्विद्यालय के अंतर्गत आने वाले रामलखन सिंह यादव कॉलेज, संत पॉल कॉलेज, संजय गांधी कॉलेज एवं अन्य कॉलेजों के सेमेस्टर 4 के रिजल्ट में भारी अनियमितता बरती गई है। छात्र छात्राओं अपने मूल्यांकन से संतुष्ट नहीं हैं। लगभग 60 परसेंट छात्र फेल कर गये हैं। इस विषय को लेकर आजसू के नेतृत्व में घेराव किया गया। इधर इस मुद्दे को लेकर परीक्षा नियंत्रक से वार्ता हुआ। परीक्षा नियंत्रक एवं कुलसचिव ने आश्वासन दिया कि छात्रों की बात सुनी जाएगी। इस पूरे विषय को विश्विद्यालय परीक्षा बोर्ड की बैठक में रखा जाएगा और छात्र हित में समाधान किया जाएगा। घेराव में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शहदेव, प्रताप सिंह , राजेश सिंह,रोशन नायक, अमन साहू, सक्षम झा इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### टेक्निकल छात्र संघ ने जेयूटी वीसी का जताया आभार



**रांची।** टेक्निकल छात्र संघ के अध्यक्ष अभिषेक बनर्जी ने शनिवार को जेयूटी के कुलपति प्रो डीके सिंह से मुलाकात की एवं महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। श्री बनर्जी ने परीक्षा नियंत्रक निर्मला सोरेन, सह परीक्षा नियंत्रक सहायक एपी कुजुर और जेयूटी कर्मचारी को गुलदस्ता देकर डिप्लोमा सेमेस्टर-3 का रिजल्ट घोषित करने के लिए आभार जताया। उन्हें बताया कि कुछ कॉलेजों के रिजल्ट के टीआर शीट में हड़बड़ी की वजह से त्रुटि हुई है, उसे सुधारा जाए और अन्य कॉलेजों का रिजल्ट भी उन्हें उपलब्ध करा दिया जाये। प्रतिनिधिमंडल में शामिल टेक्निकल छात्र संघ के छात्र नेता- तुलसी महतो ने कहा कि डिप्लोमा प्रथम सेमेस्टर का रिजल्ट को भी जल्द घोषित किया जाए और रिजल्ट आने के बाद सेमेस्टर 1 एवं 3 के बैकलोग छात्रों के लिए स्पेशल परीक्षा का परीक्षा फार्म भरने के लिए पोर्टल को भी खोला जाए।

### मारवाड़ी कालेज में हिंदी दिवस का आयोजन



**रांची।** मारवाड़ी महाविद्यालय के हिंदी विभाग की ओर से शनिवार को आायोजित हिंदी दिवस समारोह में प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि हिंदी सम्पूर्ण भारतवर्ष को एक सूत्र में बांधती है। उन्होंने कहा कि हिंदी ने देश की विविधताओं को जोड़ने का काम किया है। यह वह भाषा है जो गांव-देहात से लेकर महानगरों तक, किसान से लेकर वैज्ञानिक तक, सबके बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनी हुई है। डॉ कुमार ने कहा कि आज के वैश्वीकरण और तकनीकी युग में हिंदी का स्वरूप और भी व्यापक हुआ है। यह गर्व की बात है कि हिंदी विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल है। कार्यक्रम में हिंदी विभाग द्वारा स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विशाल कुमार मेहता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रियांशु कुमार द्वितीय और निराश कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। अन्य उल्लेखनीय प्रतिभागियों में सुशांत चन्द्र पोद्दार, अनुराग कुमार, धीरज कुमार, श्रेया कुमारी, शालिनी कुमारी, ज्योति कुमारी और रिया कुमारी के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ राहुल कुमार ने कहा कि हिंदी का साहित्यिक संसार अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली है।

### केरली स्कूल में धूमधाम से ओणम उत्सव मनाया गया



**रांची।** केरली स्कूल में शनिवार को को पारंपरिक उत्साह और उल्लास के साथ ओणम उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत फूलों की रंगोली (पुक्कलम) और पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई। मौके पर लोगों ने केरला की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर पहुचें। मौके पर आयोजक समिति के प्रभात ने ओणम के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को मिल-जुलकर रहने का संदेश दिया। पूरे स्कूल परिसर में उत्सव का माहौल रहा।

## चेन स्नैचर सहित ज्वेलर्स दुकानदार गिरफ्तार, 30.08 ग्राम सोना बरामद

**रांची।** राजधानी के विभिन्न इलाकों में छिनतई की घटना में शामिल अभियुक्त असरुद्दीन अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया अभियुक्त हीरी बडकाटोली ,लोहरदगा का रहनेवाला है। वहीं छिनतई की जेवरात खरीदनेवाले पप्पू सोनार को भी पुलिस ने धर दबोचा है। अभियुक्त पप्पू सोनार सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के मधुकम का रहनेवाला है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 30.08 ग्राम सोना के जेवरात, सोना गलाने की सामान व घटना में प्रयुक्त काले रंग का मोटर साइकिल ,हेलमेट बरामद की है। इस संबंध में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि रांची शहर अंतर्गत हाल ही में चेन छिनतई की घटनाएं घटी थी। अंकुश लगाने हेतु सिटी एसपी, रांची द्वारा विशेष टीम गठित किया गया था। इसी क्रम में चुटिया थाना अंतर्गत निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर के पास से 11 सितंबर को पूर्व के घटनाओं में शामिल बाइक सवार अपराधकर्मी द्वारा ही एक महिला के गले से सोने का चेन छिनतई की सूचना प्राप्त हुई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते लेकर तकनीकी सहायता, सीसीटीवी कैमरा के गहन छानबीन के आधार पर घटना में शामिल बाइक सवार अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया है। कांड में गिरफ्तार अभियुक्त असरुद्दीन के द्वारा बताया गया कि वह रांची के विभिन्न इलाको में करीब 12-14 स्थानो पर चेन छिनतई किया है। अभियुक्त के निशानदेही पर छिनतई का सोना खरीदने वाले महामाया ज्वेलर्स, कडरु फुल टोली स्थित दुकान के मालिक पप्पु सोनार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चुटिया निवारणपुर की महिला से छिनतई किया गया सोने का चेन सहित, सोने को गला कर बनाया हुआ सोने का अन्य सामग्री करीब 30.08 ग्राम सोना, ज्वेलरी दुकान से बरामद किया है।

## कुड़मी/कुरमी समुदाय की एसटी बनने मांग मूल आदिवासियों को हाशिए में धकेलने की साजिश है

**रांची।** कुड़मी/ कुरमी जाति समुदाय के द्वारा आदिवासी अनूसूचित जनजाति एसटी बनने की मांग और आंदोलन के संदर्भ में शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कुड़मी/कुरमी समुदाय की एसटी बनने मांग मूल आदिवासियों को हाशिए में धकेलने की साज़िश है। झारखंड में एक बार फिर जातीय आंदोलन की आग सुलग रही है। कुड़मी/कुरमी समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) स्टेटस की मांग को लेकर उठे विवाद ने न केवल सामाजिक एकता को खतरे में डाला है, बल्कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। इस मामले में आदिवासी संगठनों का कहना है कि यह राजनीतिक दलों की मिलीभगत से हो रहा है। जो समूचे आदिवासियों के अधिकारों पर खतरा है। इस बैठक में लक्ष्मीनारायण मुंडा, निरंजना हेरेंज टोप्पो, कुंदरसी मुंडा,फूलचंद तिर्की, डब्लू मुंडा, निशा भगत, रविन्द्र सरदार,अमर तिर्की,नयन गोपाल सिंह, लक्ष्मी कुमारी, हर्षिता मुंडा,आकाश तिर्की, राकेश तिर्की, राजेश लिंडा, बुधराम मुंडा शामिल थे। इस की अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण मुंडा ने किया।

## विदेशी फिल्मों में भी हिंदी को महत्व दिया जा रहा है : प्रोफेसर डॉ. रत्नेश विश्वक्सेन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. रत्नेश विश्वक्सेन उपस्थित होकर अपने वक्तव्य में कहां कि हिंदी की प्रकृति समायोजन की है न कि अलगाव की। साथ-साथ उन्होंने हिंदी के बाजार की बात की । हिंदी का बाजार बहुत बड़ा है यहां तक कि विदेशी फिल्मों में भी हिंदी को महत्व दिया जा रहा है । उन्होंने यह भी कहा कि परिभाषिक शब्दावलियों के अभाव के कारण हिंदी में इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की पढ़ाई नहीं हो पाती है । विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने हिंदी भाषा के प्रयोग प्रसार के साथ साथ इसके प्रति समर्पण भाव पर बल दिया। हिन्दी विभाग और हिन्दी साहित्य परिषद् द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने किया। इस दौरान अंधेर नगरी नाटक का मंचन, नृत्य व कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। मंच संचालन का डॉ. सुनील कुमार भाटिया एवं डॉ. संजय कुमार ने किया।

## आरपीएफ के जांच अभियान में 45.6 किलोग्राम गांजा बरामद , चार गिरफ्तार

**रांची।** ऑपरेशन नार्कोस के तहत आरपीएफ रांची ने भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। आरपीएफ पोस्ट रांची एवं फ्लाइंग टीम द्वारा नामकुम रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्लेटफार्म-01 पर मूरी छोर पर संदिग्ध अवस्था में भारी सामान (पीठू बैग) लेकर बैठे चार व्यक्तियों को पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान निरहौ राम, राहुल पटेल, रतन राम और कयामुद्दीन अंसारी के रुप में दी है। सभी बिहार के पश्चिम चंपारण के रहनेवाले है। मौके पर जब उनके बैग में रखी वस्तुओं की जांच करने पर बैग में गांजा बरामद किया गया है। तत्पश्चात आरपीएफ की टीम ने सभी चारों को गिरफ्तार कर किया। जांच में कुल 45.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसका अनुमानित मूल्य चार लाख 56 हजार रुपये है। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जीआरपी रांची को आगे की कार्रवाई हेतु सौंपा गया।

## आधार ऑपरेटर्स का शोषण और वेतन बकाया: लेबर मिनिस्टर को सौंपा गया ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल (जेईपीसी) के तहत कार्यरत एमकेएस एंटरप्राइजेज एजेंसी के आधार ऑपरेटर कर्मचारियों ने जेईपीसी और एमकेएस एंटरप्राइजेज एजेंसी पर मिली भगत से काम करने का गंभीर आरोप लगाया है। मालूम हो कि राज्य के विभिन्न जिलों में स्कूल छात्रों के आधार संबंधी कार्य में लगे ऑपरेटर्स ने लेबर मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया को पत्र लिखकर शिकायत की है कि उन्हें महीनों से नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा है और साथ ही उनसे अनुचित ढंग से शोषण किया जा रहा है।

ऑपरेटरों का कहना है कि कई महीनों से उनका नियमित वेतन रोक दिया गया है। इस कारण उनका परिवार आर्थिक संकट में हैं। प्रत्येक ऑपरेटर से 50,000 रुपये की सुरक्षा राशि (बैंक ड्राफ्ट के रूप में) कंपनी द्वारा जबरन ली गई, लेकिन आज तक वापस नहीं की गई। काम के दौरान आने वाले आवश्यक खर्चे (जैसे यात्रा, इंटरनेट डेटा आदि) भी स्वयं वहन करना पड़ता है। उनके वेतन से ईपीएफ और ईएसआई की कटौती तो की जाती है, लेकिन उसका लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। स्कूल छात्रों और अभिभावकों से अवैध शुल्क वसूली की जा रही है।

**क्या है ऑपरेटर्स की प्रमुख मांगें :** मामले की गहन जांच कर कार्रवाई की जाये। सभी ऑपरेटरों का बकाया वेतन अविलंब दिलाया जाये। 50,000 रुपये की सुरक्षा राशि तत्काल लौटाई जाये।

ईपीएफ और ईएसआई की राशि सही ढंग से कर्मचारियों के खातों में जमा की जाये और छात्रों से अवैध शुल्क वसूली रोकने की व्यवस्था की जाये। ऑपरेटरों का कहना है कि यदि शीघ्र ही उचित कदम नहीं उठाए गए तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे।

## टीम आदित्य मल्होत्रा का जनसंपर्क अभियान जारी

**रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम आदित्य मल्होत्रा का जनसंपर्क अभियान शनिवार को भी जारी रहा। टीम ने ओसीसी, रंगरेज गली, लालजी हीरजी रोड, एसएन गांगुली रोड समेत अपर बाजार के विभिन्न क्षेत्रों में पदयात्रा कर व्यापारियों और चैंबर सदस्यों से मुलाकात की और आगामी चुनाव में अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। व्यासायियों ने भी टीम आदित्य मल्होत्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया और व्यापार हितों को प्राथमिकता देने वाली नीतियों का समर्थन करने की बात कही। टीम ने चुनाव को व्यापारिक मुद्दों पर केंद्रित रखते हुए समावेशी विकास और पारदर्शी नेतृत्व का वादा किया है। पदयात्रा के दौरान टीम ने प्रेम मित्तल, संजय ढांढनियां, मनोज तुलस्यान, राजेश खेमका, अरुण बथवाल, पंकज मिढ़ा, दिलीप सिंह, आनंद सोमानी, संजय अग्रवाल, अमित तुसवार, अशोक भाला, सुरेश धरनीधरका समेत अन्य लोगों से मुलाकात की।

## टीम तुलसी पटेल ने चैंबर चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज किया

**रांची।** झारखंड चैंबर चुनाव को लेकर टीम तुलसी पटेल ने अपने प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। टीम के सदस्य चैंबर के विभिन्न व्यापारियों व सदस्यों से सीधे संपर्क कर उन्हें अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं। प्रचार के दौरान व्यापारिक समुदाय द्वारा टीम का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया और उन्हें पूरा समर्थन देने का आश्वासन भी मिला। शनिवार को अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तुलसी पटेल के नेतृत्व में टीम ने रांची के प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों जैसे शास्त्री मार्केट, अलबर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, पुस्तक पथ, ज्योति संगम लेन, कुंजलाल स्ट्रीट आदि का दौरा किया। इस जनसंपर्क यात्रा के माध्यम से टीम ने व्यापारी समुदाय से सीधा संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर तुलसी पटेल ने कहा कि हमारा उद्देश्य चैंबर को पारदर्शी, उत्तरदायी और सदस्य-केन्द्रित बनाना है। हम व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनेंगे और समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे। टीम तुलसी पटेल समावेशी नेतृत्व और निष्पक्ष निर्णय में विश्वास रखती है।

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर शिक्षकों ने हिंदी भाषा की महत्ता और गरिमा पर प्रकाश डालते हुए विविध प्रस्तुतियाँ दीं। वैश्विक दुनिया में हिंदी का वर्चस्व, हिंदी भाषा का उद्गम और विकास, महाभारत के अर्जुन-कर्ण संवाद के जरिए हिंदी भाषा की गहराई और महत्ता को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया गया। साथ ही हिंदी हमसे कह रही है शीर्षक से हिंदी की पीड़ा और उपेक्षा की स्थिति को भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने हिंदी के प्रसिद्ध मुहावरों को अत्यंत रोचक शैली में प्रस्तुत कर समारोह को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने हिंदी दिवस की शुभकामनाओं के साथ कविताएं, नारे और विचार प्रस्तुत करते हुए वीडियो बनाए, जिनसे हिंदी के प्रति उनका सम्मान और प्रेम झलकता है। इस अवसर ने समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और गौरव की भावना को और भी प्रबल किया। विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ दी।

## अभी करें नैनो उर्वरक का छिड़काव होगी धान की अच्छी पैदवार



**रांची।** अभी के समय धान की खड़ी फसल में नैनो उर्वरकों के स्प्रे से होने वाले फायदे के बारे में चर्चा की गयी। बेड़ो प्रखंड के जमीन ग्राम में किसानों की गोष्ठी में चर्चा की गयी। जिसमें 70 से अधिक किसान उपस्थित थे। किसानों से निवेदन किया गया कि वर्तमान धान के खड़ी फसल से वांछित उपज प्राप्त करना चाहते हैं तो आपके लिए बहुत ही अच्छा मौका है। अभी आप सभी का धान की फसल लगभग 50 से 60 दिनों का हो गया है और अब यह अपने पुष्पन अवस्था में आने वाला है। ऐसे में इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागरिका और सल्फेट ऑफ पोटाश के घोल का स्प्रे खड़ी फसल में करते हैं, तो हर बालियों में दानों की संख्या अधिक बनेगी। ये दाने वजनदार और पुष्ट होंगे। साथ ही दानों में दूध नहीं बनने की समस्या भी दूर होगी। जो अन्ततोगत्वा अधिक उत्पादन में परिलक्षित होगा। अतः सभी किसान भाई अपने अपने खेतों में इनका स्प्रे अवश्य करें। रबी के फसलों सब्जी मटर, गेहूँ, आलू सरसों में नैनो डीएपी से बीज, कन्द शोधन की भी प्रकिया को बताया गया। मौके पर किसान शालीक सिंह ने भी नैनो उर्वरकों के प्रयोग से होने वाले लाभ के बारे में अपना अनुभव बताया। खुदरा उर्वरक विक्रेता मुकेश जी ने भी सभी को नैनो उर्वरकों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया।

# भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रमंडलीय बैठक में बनी कार्य योजना

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** राजनीति में जब सेवा केंद्र में हो तो उसका प्रभाव केवल नीतियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का माध्यम बन जाता है। इसी सोच को साकार करने के लिए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रमंडलीय बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई। बैठक का नेतृत्व कर रहे मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक किशुन कुमार दास ने कहा सेवा पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संगठन के उस दर्शन का प्रतिबिंब है जिसमें सेवा को ही संगठन का मूल माना गया है।

यह बैठक आगामी सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर) की व्यापक तैयारियों को लेकर बुलाई गई थी। सेवा पखवाड़ा के तहत अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में भाजपा कार्यकताओं द्वारा जागरूकता अभियान, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर और पौधारोपण जैसे कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। बैठक में यह भी स्पष्ट रूप से तय किया गया कि 2 अक्टूबर के बाद भी सेवा कार्य रुकेगा नहीं। संगठन की ओर से समाज के सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंचने और उनके लिए स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में विशेष पहल की जाएगी। इस रणनीतिक बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों से आए वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति ने यह दशार्या कि संगठन जमीनी स्तर तक सक्रिय है।

बैठक में रामचंद्र नायक (पूर्व विधायक), रंजन पासवान (प्रदेश महामंत्री), कमलेश राम (प्रदेश उपाध्यक्ष), जोगेन्द्र लाल (प्रदेश कार्यालय प्रभारी), नीरज नायक, संदीप रवि, प्रदीप रवि, राजीव राज लाल (प्रदेश मंत्री), उपेन्द्र रजक (प्रमंडल प्रभारी), विकाश रवि (रांची महानगर मंत्री), कमलेश किशोर (प्रदेश शोध नीति प्रभारी), गोविंदा वाल्मिकी (आईटी प्रभारी) इनके अलावा भाजपा एससी मोर्चा के दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# क्रैडल कौशल केंद्र में मार्गदर्शन और परामर्श कार्यशाला

- प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाण पत्र
- सम्मानित हुये ट्रेड के विद्यार्थी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू (रांची)।** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी की मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत क्रैडल कौशल केंद्र व दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में स्टार एलुमनी कनेक्ट, प्रमाण पत्र वितरण, कैरियर मार्गदर्शन व परामर्श कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान 90 सिलाई मशीन ऑपरेटर व 60 जनरल ड्यूटी असिस्टेंट पद के सफल प्रशिक्षुओं को प्रमाण मिला। इसमें जेनरल ड्यूटी असिस्टेंट ट्रेड के रिंकू कुमारी, पुष्पा कुमारी, उपेश कुमार गिरी, विवेक गिरी, विष्णु ठाकुर, सुमन कुमारी, भजन लाल तथा सिलाई मशीन ऑपरेटर ट्रेड के सुभाष करमाली, सुनीता कुमारी, अनीता कुमारी, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, जूली कुमारी, रेखा लिंडा व खुशबू बेक प्रमुख हैं। वहीं, विभिन्न कंपनी में कार्यरत लोगों को भी सम्मानित किया गया। बिजली कुमारी, मुन्नी कुमारी, निशा कुमारी, मनिता कुमारी व अनिका कुमारी को केयर एट होम, रांची की ओर से ऑफर लेटर दिये गये। कार्यशाला में 150 प्रशिक्षुओं ने हिस्सा लिया।



प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षु व अन्य।

### युवाओं को मिल रहा रोजगार

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के परियोजना सहायक अमित कुमार विजय ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार देने का लक्ष्य है। प्रशिक्षुओं को सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ते हुये स्थानीय, राष्ट्रीय व वैश्विक स्तर पर अवसरों का लाभ उठाने चाहिये।

### पंजीकरण पर दिया गया जोर

इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता में भाग लेने और पंजीकरण के लिये भी प्रेरित किया गया। ताकि युवा अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित कर सकें। पंजीकरण सिर्फ स्किल इंडिया डिजिटल हब पोर्टल पर किये जायेंगे। इसकी अंतिम तिथि 30 सितंबर है।

### इन्होंने निभाई भूमिका

प्लेसमेंट मैनेजर नासिम अख्तर, ऑपरेशन हेड इंदु कुमारी, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के परियोजना सहायक अमित कुमार विजय, क्रैडल कौशल केंद्र के प्रोजेक्ट मैनेजर परवीर कुमार झा, केंद्र संयोजक तुषार भारती, बर्जेश कुमार पांडेप्लेसमेंट एग्जीक्यूटिव, विकास कुमार मोबिलाइजेशन हेड, प्रिमिता उज्जैन मास्टर ट्रेनर सिलाई मशीन ऑपरेटर, रजनी कुमारी सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर व संस्थान के कर्मचारी।

# क्रियेटिव हार्ट स्कूल गुटुवा में शिक्षक दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

चान्हो। प्रखंड के क्रियटिब हार्ट स्कूल गुटुवा में शनिवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता सह जनसेवी जिपस आशुतोष तिवारी और विद्यालय के निदेशक बिनोद टोप्पो का स्वागत और सम्मान किया गया। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक और स्पीच के माध्यम से अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि आशुतोष तिवारी ने शिक्षकों की महत्ता और समाज में उनकी भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि क्रियटिब हार्ट स्कूल कम फीस में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में सफल रही है, जो समाज के लिए एक बड़ा योगदान है। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर एक यादगार दिन बिताया।




**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender (2nd Call)**

Reference No. - UDD/HMC/HZB/20/2025-26
PR No. 346218 and--------------

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of Shelter home near Curzon Ground Hazaribag under Municipal Corporation, Hazaribag | 16,19,000.00 | 33,000.00 | 5,900.00 | 120 days |
| 2. | Construction of R.C.C drain from the Campus of Manjit Yadav towards Chano road in green city in ward no. 36 (Thirty Six) under Municipal Corporation, Hazaribag | 18,67,100.00 | 38,000.00 | 5,900.00 | 120 days |
| 3. | Construction of Guard Wall & Slab near Khirgaon Bridge, Lepo Road in Ward No. 29 (Twenty Nine) under Municipal Corporation, Hazaribag | 17,18,900.00 | 35,000.00 | 5,900.00 | 120 days |

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Tender on website | 15.09.2025 at 11:00 A.M. |
| Last Date/Time of receipt of bids online | 13.10.2025 up to 5:00 P.M. |
| Bid Opening date | 15.10.2025 at 11:00 A.M. |
| Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. |
| Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 361861 Urban Development and Housing(25-26).D


# एमबी स्कूल बूंडू में नशा मुक्ति शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बूंडू।** समाधान फाउंडेशन सह नशा मुक्ति केंद्र के के तत्वाधान पर शनिवार को एमबी स्कूल, बुंडू परिसर में मुफ्त नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नशे की बीमारी से ग्रसित 50 से अधिक रोगी और उनके परिजन ने मुफ्त चिकित्सीय सलाह का लाभ लिया। शिविर में मनोचिकित्सक एवं नशा रोग विशेषज्ञ डॉ अमन सबा ने मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सीय सलाह दिया। रोगियों में मुख्य रूप से लंबे समय से शराब का सेवन कर रहे रोगी तथा गांजा, भांग एवं ब्राऊन शूगर के लत से पीड़ित युवाओं को इलाज के साथ नियमित अनुपालन के बारे में बताया। शिविर में साइकोलॉजिस्ट डॉ सुनिल ने शिविर में आए मरीजों की काउंसलिंग कर नशा से होने वाले हानि के साथ साथ नशे की लत को छोड़ने के मनोवैज्ञानिक उपाय बतलाया। समाधान के निदेशक शाहिद इकबाल ने कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के युवा नशा के लत के शिकार पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति खराब होते जा रही है। नशे के कारण पूरा परिवार त्रस्त है। वाइस प्रिंसिपल जाहिदा बेगम ने कहा कि नशे की समस्या को दूर करने के लिए सामाजिक भागीदारी महत्वपूर्ण है विद्यालय परिवार की ओर से नशा मुक्ति के अभियान चलाया जायेगा। प्रिंसिपल अबू अब्बास अली ने बताया कि हम सभी को मिलकर समाज से नशा को खत्म करने के लिए आगे आना होगा। दुआ फाउंडेशन के झारखंड संयोजक हमजा रयान उपस्थित लोगों को नशे से बचाव के बारे में बताया। कॉर्डिनेटर साहिल अंसारी नकार्यक्रम को सफल बनाने में कोर्डिनेटर साहिल अंसारी, ममता खलको, शिक्षक जमील, दीपक, बेनजीर आदि का विशेष योगदान रहा।



## खबर एक नजर में

### छत्रपति शाही मुंडा के विचारों को आगे बढ़ाना है



**सिकिदिरी।** नवागढ़ के मड़ईटोली में शनिवार को पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रखर आदिवासी ज्ञाता छत्रपति शाही मुंडा की पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। इनके पुत्र और भारत आदिवासी पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा व भतीजा जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा सहित अन्य ने छत्रपति शाही मुंडा के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने एक स्वर में कहा कि छत्रपति शाही मुंडा के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इनका सोच था कि आदिवासियों का देश में धर्म कोड मिले और जैविक कृषि अभियान को आगे बढ़ाया जाए। इस अवसर पर नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, पंसस फाल्गुनी शाही, संतोष बेदिया, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, हनु बेदिया, सोमरा बेदिया, नरेन बेदिया, विवेकानंद शाही, जगदीश भोक्ता, परमेश्वर सिंह मुंडा, बिंदेश्वर शाही, ऋषि हजाम, प्रेम ठाकुर, निखिल शाही मुंडा, एतवा मानकी आदि उपस्थित थे।

### आर्चरी केंद्र में कई माह से महिला कोच दे रही प्रशिक्षण



**सिल्ली।** बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में पिछले कई माह से महिला कोच दुमका निवासी श्वेता पांडे दे रही है तीरंदाजी का बेहतर प्रशिक्षण। कोच श्वेता ने बताया कि तीरंदाजी का प्रशिक्षण हर बच्चों से संभव नहीं है।सबसे पहले बच्चों को इस प्रशिक्षण के लिए जागरूकता लानी पड़ती है। जिससे बच्चों में धीरे-धीरे दिलचस्पी बढ़ने लगती है। क्योंकि तीरंदाजी पर पकड़ बढ़ी तो सफलता कदम चूमने लगेगी। इसे महज खेल और मैडल तक सीमित नहीं रखते हुए अकेडमी से जुड़े तीरंदाज आत्मनिर्भर के साथ साथ रोजगार से जुड़ रहे है। उन्होंने ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में अकादमी के संरक्षक सुदेश कुमार महतो एवं अध्यक्ष नेहा महतो बधाई के पात्र है कि उन्होंने एक प्लेटफॉर्म दिया नहीं तो बच्चे अक्सर अपना ज्यादातर समय मोबाइल पर बिताने लगते हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में अकादमी एक बेहतरीन विकल्प है, जहां बच्चे ना सिर्फ मोबाइल से दूर अपना ज्यादातर समय खेल, कैरियर बनाने में बिता रहे है।

### शिक्षक और अभिभावक के बीच हुई बैठक



**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फाउंडेशन गांव के स्तर पर सरकारी विद्यालय में लागू पीटीएम व्यवस्था को सशक्त बनाने में भूमिका अदा कर रहा है। इसके लिए गांव स्तर पर महिल की बैठक कर उनको प्रेरित किया जा रहा है। मासू स्कूल में आयोजित पीटीएम बैठक में प्रबंधक प्रिया बागची ने कहा कि इससे माताओं को जोड़ना एक बेहतर कदम है। इससे बच्चों की स्कूल में ड्रॉप आउट में कमी आयेगी। अभिभावक अगर थोड़ा समय अपने बच्चों के साथ घर पर बितायेंगे तो, इसका सकारात्मक परिणाम आयेगा। स्कूल के प्राचार्य राकेश उपाध्याया ने कहा कि विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति का प्रयास होगा। ग्राम प्रधान ने स्कूल में हरसंभव प्रयास की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माताएं उपस्थित थीं।

### अबुआ आवास योजना से बदलेगी तस्वीर : प्रमिला



**तमाड़।** पश्चिमी पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को नए घर की सौगात मिली। मुखिया प्रमिला कुमारी ने मंगला देवी, जरीना खातून, अर्जुन सेठ, बजरंग योगी समेत पांच लाभुकों को चाबी सौंपकर गृह प्रवेश कराया। मुखिया ने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है और हर पात्र परिवार को पक्का मकान दिलाना हमारी प्राथमिकता है।

### सिर कटी लाश पुलिस ने किया बरामद

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती तमाड़-अड़की सीमा क्षेत्र स्थित भुरसूडीह गांव के जंगल से शनिवार को पुलिस ने सिर कटी लाश बरामद की। मृतक की पहचान गांव के ही भीम स्वांसी के 25 वर्षीय पुत्र सुरेश स्वांसी के रूप में हुई है। बताया गया कि सुरेश जंगल में जंगली मशरूम खोजने गया था। जहां पहले से घात लगाए अपराधियों ने सुरेश की धारदार हथियार से हत्या कर दी। अपराधियों ने उसका सिर धड़ से अलग दूर झाड़ी में छुपा दिया था। जब सुरेश घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। गांव से दूर जंगल में खून के धब्बे मिले जिसके आधार पर परिजन वहां पहुंचे। जहां सिर कटी लाश मिली। परिजनों ने कपड़ों से सुरेश की पहचान की। घटना की जानकारी मिलते ही तमाड़ पुलिस मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने सिर और धड़ को बरामद कर थाने ले गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।

## उप प्रमुख ने उत्क्रमित उर्दू मवि का किया निरीक्षण

# बच्चों को दी 25 सौ की प्रोत्साहन राशि



बच्चों को प्रोत्साहन राशि देते उप प्रमुख।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू (रांची)।** प्रखंड के उप प्रमुख रेयाजुल अंसारी ने क्षेत्र के कई स्कूलों का निरीक्षण कर पठन-पाठन व नामांकित बच्चों की उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। इस बीच वह राजकीय उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय, फुटकलटोली भी पहुंचे। प्राचार्य अब्दुल वाहिद ने उन्हें बताया कि वर्ग छह के सभी 25 बच्चे पिछले तीन माह से लगातार उपस्थित हो रहे हैं। उनका आचरण और अनुशासन अन्य बच्चों के लिये अनुकरणीय है। इससे खुश होकर श्री अंसारी ने सामूहिक रूप से 25 सौ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी। इससे बच्चे-बच्चियां बेहद उत्साहित नजर आये। विद्यालय परिवार ने उनकी दरियादिली की तारीफ की और आभार जताया। मौके पर शाहिन परवीन, मो इरफान, रबुल अंसारी, सीमा परवीन, निखत परवीन, नाहिद परवीन, शेख अख्तर व साबिर हसन आदि शिक्षक-शिक्षिका व प्रबंध समिति के पदधारी मौजूद थे।

### इन्हें मिला प्रोत्साहन

शबाना परवीन, रुक्सार परवीन, सानिया परवीन, इशरत परवीन, शबनम परवीन, मुस्कान परवीन, सलेहा खातून, आफताब अंसारी, इमरान अंसारी, काशिफ अंसारी, मो जिशान, तैयब अंसारी, ताहिरा फातिमा, एफत परवीन, गुंजन कुमारी, गुलनाज परवीन, जहीर अंसारी, जमशेद अंसारी, सुहैल अंसारी, मुशररत परवीन, इशरत जहां, शिफा नाज, जिकरा परवीन, शबाना परवीन व रौनक अली।

# अधेड़ ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के पिपराटोली गांव निवासी नितला गंझू 54 वर्ष ने घर में रखे कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार की दोपहर एक बजे की है।आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। बताया जाता है कि नितला गंझू हमेशा शराब के नशे में रहता था। शराब पीने का उसकी पत्नी कुंती देवी विरोध करती थी। घटना के दिन शुक्रवार की सुबह शराब पीने से पत्नी के मना करने पर दोनों के बीच काफी झगड़ा हुआ था। पत्नी रेजा का काम करती है। झगड़ा के बाद वह काम करने चली गई। पत्नी के काम पर जाने के बाद उसने गुस्से में घर में रखे कीटनाशक दवा पी ली। इस से उसकी मौत मौके पर ही हो गई। गांव के एक बच्चे ने देखा कि नितला अपने घर के अंदर मृत पड़ा हुआ है। बच्चे ने इसकी जानकारी गांव वालों को दी। गांव वाले पुलिस को जानकारी दिए बिना नितला के शव को दफनाने की फिराक में थे। पुलिस को सूचना मिली कि नितला गंझू के शव का बिना पोस्टमार्टम कराए दफनाने की तैयारी चल रही है। इसी सूचना पर थाना प्रभारी सचिन कुमार मिश्रा के निर्देश पर सिकिदिरी थाना की पुलिस शनिवार की सुबह गांव पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव के सामने से कीटनाशक का शीशी बरामद किया है। इस संबंध में सिकिदिरी थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।


**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food & Consumer Affairs**
**3rd Floor, JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi -834002**

**Reverse e-Auction Procurement Notice through GeM Portal**

Letter No.-kha.up.ni.01-namak-11/2025- **1506** **Date : 12-09-2025**

**Selection Of Bidder For Supply Of Free Flow Refined Iodized Edible Salt (As Per FSSAI Norms) For 2nd Quarter (July 2025 to September 2025) Of Financial Year 2025-26 By e-Tender Through E-Bid Followed By Reverse Auction on GeM Platform.**

| Bid Details | |
|---|---|
| GeM Bid No. | GEM/2025/B/6677183 Dated: 12-09-2025 |
| Earnest Money Deposit (EMD)/Bid Security | Rs. 42,90,000.00 as EMD (margin money) in the form of Demand Draft issued from any scheduled commercial bank in the name of "Director, Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand Ranchi" in the office of Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand, Ranchi, 3rd JSFC Bhawan, Kadru, Ranchi – 834002 before last date of submission of bid documents. |
| Document Sale Date & Timing i.e Last Date & time for downloading RFP from website **http://jharkhand.gov.in/food** & GeM portal | From 12-09-2025 to 03-10-2025 |
| Online Bid Submission Period | From 12-09-2025 to 03-10-2025 (1600 hrs.) |
| Pre-Bid Meeting | 19-09-2025 at 12:00 pm through google meet (https://meet.google.com/jxf-paxh-ovq) |
| Date of Auction | Will be published after technical evaluation |
| Nameand concerned person for Correspondence | Mr. Dilip Tirkey Mobile no.- 9470520458 , email- directorfood18@gmail.com |

**Sd/-**
Director
(Directorate of Food & Consumer Affairs)

PR 361819 (Directorate of Food and Consumer Affairs) 25-26 (D)


# ग्रामीण क्षेत्रों से स्मार्ट मीटर हटाने की मांग : राजकिशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बुंडू।** रांची जिला आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं जय हो सेवा संस्था के संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा ने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बुंडू अनुमंडल के ग्रामीण इलाकों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक स्मार्ट मीटर नहीं लगाए गए हैं, लेकिन तमाड़ प्रखंड एवं बुंडू प्रखंड के कई गांवों जैसे ताऊ, डमारी आदि में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से अनुचित है। कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुराने मीटर से ही बिजली बिलिंग की जानी चाहिये। यदि कोई उपभोक्ता बिल का भुगतान नहीं करता है तो उसके कनेक्शन को विच्छेद किया जा सकता है, लेकिन स्मार्ट मीटर के जरिए उपभोक्ताओं पर अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में भी उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर से बिजली बिल आनन-फानन में आ रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी है। उन्होंने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों से स्मार्ट मीटर को तुरंत हटाकर पुराने मीटर से बिलिंग शुरू की जाये। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इस पर शीघ्र संज्ञान नहीं लिया गया तो वे स्वयं ग्रामीणों के सहयोग से स्मार्ट मीटर हटाकर डायरेक्ट कन्वेंशन कर बिजली आपूर्ति चालू करेंगे।

# सिकिदिरी में भारत माला अंडर पास को लेकर ग्रामीणों का हंगामा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के रोहनडीह महतो टोली में भारत माला प्रोजेक्ट के निमार्णाधीन एक्सप्रेस वे में अंडर पास की ऊंचाई कम करने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध जताया है। शनिवार को राजयसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू की उपस्थिति में ग्रामीणों और एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्ट एकता कुमारी के बीच समस्या के समाधान को लेकर वार्ता की गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में वादे के अनुसार अंडर पास की ऊंचाई 14 फीट ऊंचाई रखने की बात कही गई थी परन्तु इसकी ऊंचाई 10 फीट रखा जा रहा है, इस स्थिति में गांव से होकर कोई बड़ा वाहन बाहर जा सकता और न आ सकेगा। उग्र ग्रामीणों को समझाते हुए सांसद ने एनएचएआई के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या समाधान निकलते हुए अंडर पास सड़क की ऊंचाई 14 फीट रखने की बात कही। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए ऊंचाई बढ़ाने का निर्देश दिया, इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए। ग्रामीणों का नेतृत्व शिबू महतो ने किया। ग्रामीणों ने सांसद के समक्ष बताया कि भारत माला में भूमि अधिग्रहण के दौरान करीब 100 से अधिक रैयतों के जमीन पर लगे सैकड़ो पेड़ को काट लिया गया परन्तु आजतक उन्हें मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने इस समस्या का समाधान शीघ्र करने का आश्वासन दिया है । मौके पर खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिप सदस्य सरिता देवी, पंसस अनिल महतो,मनकी राजेंद्र शाही मुंडा, मार्शल महतो, नीलमोहन पाहन, समुन्द्र पाहन, मनी मुंडा, धनेश्वर बेदिया, सुनील महतो, बालक महतो, राजधाम साहू, फुलेन्द्र महतो, संजय महतो, सोमनाथ बेदिया आदि उपस्थित थे।

### सांसद आदित्य साहू ने कराया समाधान



### साहेब मेरा आधा घर अधिग्रहण किया जा रहा है

महतो टोली के ग्रामीण मटन महतो ने सांसद के समक्ष अपनी समस्या रखते हुए गिड़गिड़ा रहा था कि हुजूर मेरा आधा घर का आधा हिस्सा अधिग्रहण किया गया है, मुझे मुआवजा भी आधा दिया जा रहा है। सांसद ने कहा कि इस संबंध में ओरमांझी सीओ से बात कर समाधान करेंगे। हालांकि मुआवजा पुरे घर का देने का प्रावधान है।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड,(उद्यान प्रभाग)**
**कार्यालय - जिला उद्यान पदाधिकारी, कोडरमा**
**(संयुक्त कृषि भवन, कोडरमा)**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय राज्यादेश सं0 42 रॉंची दिनांक 13-08-2025 एवं उद्यान निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची का पत्रांक 509 दिनांक 08.09.2025 के द्वारा प्राप्त भौतिक लक्ष्य के आलोक में राज्य उद्यान विकास योजनान्तर्गत उप योजना उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत विभिन्न प्रकार के कार्य अवयव का सफल क्रियान्वयन किये जाने के उद्देश्य से कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला में निम्नांकित रूप से उद्यान विकास की योजना का कार्यान्वयन किया जाना है, जिसके लिए योजनानुसार अवयववार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वंय सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह (FPO)/ सहकारी समिति/सखी मंडल जो योजना अवयव का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन मुखिया/जन प्रतिनिधि एवं संबंधित प्रखण्ड के बी.टी.एम/ए.टी.एम./उद्यान मित्र से अनुशंसा कराकर 10-10-2025 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय जिला उद्यान कोडरमा में जमा कर सकते हैं। आवेदन करने हेतु विवरणी निम्न प्रकार है–

| क्र0 | कार्य अवयव का नाम | भौतिक लक्ष्य OSP | भौतिक लक्ष्य SCSP | कुल भौतिक लक्ष्य | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 04 सं0 | 02 सं0 | 06 सं0 | विभाग द्वारा चयनित कृषकों को 25 दिवसीय माली का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। |
| 2 | मिर्चा की खेती | 07 हे0 | 08 हे0 | 15 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 3 | ओल की खेती | 10 हे0 | 03 हे0 | 13 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.40 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 4 | अदरख की खेती | 08 हे0 | 03 हे0 | 11 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 40 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 5 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 10 इकाई | 02 इकाई | 12 इकाई | चयनित लाभुकों को 75 प्रतिशत अुनदान पर आधारभूत संरचानाओं का अधिष्ठापन कराया जायेगा। |
| 6 | खुले वातावरण में फुलों की खेती (गेंदा) | 05 हे0 | 05 हे0 | 10 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर पौध/कंद सामग्री उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 7 | टिशुकल्चर केला की खेती | 04 हे0 | 2 हे0 | 06 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.60 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 8 | गृह वाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल) | 08 इकाई | 07 इकाई | 15 इकाई | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा पौध एवं INM/IPM निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 9 | सब्जी की तकनीकी खेती का प्रत्यक्षण | 54 हे0 | 53 हे0 | 107 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा अधिकतम सहायता अनुदान प्रति हेक्टेयर 0.10 लाख का बीज उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 10 | मशरूम कीट वितरण (इकाई में) | 1020 सं0 | 360 सं0 | 1380 सं0 | इस योजना अंतर्गत अति निम्न वर्गीय SC/ST एवं अन्य गरीबी रेखा BPL से निचे गुजर बसर करने वाले भूमिहीन लोगों को निःशुल्क योजना से लाभान्वित किया जाएगा। |
| 11 | मशरूम पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 34 सं0 | 12 सं0 | 46 सं0 | क्रमांक 11 अंतर्गत चयनित लाभुकों को निःशुल्क 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। |
| 12 | संरक्षित फुलों की खेती | 0.4 हे0 | 0.1 हे0 | 0.5 सं0 | अधिकतम अनुदान 50 प्रतिशत। |
| 13 | टिशुकल्चर स्ट्रॉबेरी की उन्नत खेती | 05 हे0 | 02 हे0 | 07 हे0 | चयनित कृषकों को विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर पौध सामग्री उपलब्ध कराया जायेगा। |
| 14 | गुणवत्तायुक्त फुल, फल पौध बिचड़ा उत्पादन (सैंपलिंग नर्सरी) | 15 सं0 | 05 सं0 | 20 सं0 | चयनित लाभुकों को 75 प्रतिशत अुनदान पर सैंपलिंग नर्सरी की सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी। |

**नोटः– आवेदन साथ संलग्न कागजात निम्न प्रकार है।**
1. आवेदन के साथ पासपोर्ट साइज रंगीन फोटों।
2. आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. अद्यतन भू–लगान रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन पत्र में मुखिया/जन प्रतिनिधि एवं संबंधित प्रखण्ड के बी.टी.एम/ए.टी.एम./उद्यान मित्र का अनुशंसा अनिवार्य होगा।
6. आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ होना चाहिए अधूरा भरा हुआ आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
7. लाभुकों के चयन में दोहरीकरण नहीं करते हुए नये ग्राम/पंचायतों के नये कृषकों का चयन किया जाएगा।
8. पूर्व के लाभुकों को वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में योजना के कार्यान्वयन हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा।
9. कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई का लाभ वैसे कृषकों को दिया जाएगा जिसके पास जमीन का कागजात के संदर्भ में भू–स्वामित्व प्रमाण–पत्र अथवा चेक स्लिप अंचल कार्यालय द्वारा निर्गत हो।
10. गृह वाटिका का लाभ वैसे कृषकों को दिया जाएगा जिसके घर के समीप न्यूनतम 25 डिसमील भूमि खाली हो तथा सिंचाई योग्य प्राप्त पानी की सुविधा हो।
11. विशेष परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकृत करना या रद्द करने की अधिकारी जिला उद्यान पदाधिकारी, कोडरमा के पास सुरक्षित रहेगा, जिस पर किसी प्रकार का दवा मान्य नहीं होगा।

जिला उद्यान पदाधिकारी
कोडरमा

PR 361841 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26).D

समय संवाद

(हिंदी दिवस पर विशेष) **1937 में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की सरकार ने मद्रास प्रान्त में हिन्दी लाने का समर्थन किया था,पर द्रविड़ कषगम (डीके) ने इसका विरोध किया था। विरोध प्रदर्शन ने हिंसक रुप ले लिया था। भाषाई विवाद चलता रहा।भाषा के आधार पर मद्रास राज्य से अलग आंध्र प्रदेश राज्य की मांग को लेकर इसके नेता पोट्टी श्रीरामुलु की 58 दिनों की भूख-हड़ताल के बाद मृत्यु हो गई। तत्पश्चात 1953 में मद्रास से आंध्र प्रदेश राज्य बना।बाद में भाषा के आधार पर अनेक भारतीय राज्य बने। भारत की कोई राष्ट्र भाषा घोषित नहीं है। लेकिन संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार (भारत)संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी।**

# भाषाई विवाद की वास्तविकता और हिंदी



**सत्यनारायण गुप्ता**

नई शिक्षा नीति लागू करने के क्रम में हिंदी विरोध के उठते स्वर के बीच एक हिंदी भाषी के रूप में मेरी पहली दक्षिण भारत यात्रा का अनुभव मिला-जुला और सुखद रहा। पिछले महीने बेटे को अभियंत्रण कालेज में प्रवेश दिलाने के लिए बैंगलुरू जाना हुआ। हमें चेन्नई विमान बदलना था, इसलिए कुछ देर वहां भी रुके। बैंगलुरू जाने वाली विमान के उड़ान भरने में तीन - चार घंटे की देरी थी, इसलिए हमने थोड़ा सा हवाईअड्डे से बाहर निकल कर चेन्नई भी घूम लेने का सोचा। कहां जाना है हमें पता नहीं था, सड़क किनारे जूस बेच रहे एक व्यक्ति से पूछा तो उसे न हिंदी आती थी और न अंग्रेजी। हमने उससे जानना चाहा कि सामने वाली पहाड़ी पर जाने का रास्ता किधर से है। मेरे बेटे ने मोबाइल पर गुगल से अनुवाद कर उसे सुना दिया तो बात उसके समझ में आई। बैंगलुरू में हमें इस तरह की कोई समस्या नहीं हुई। वहां ज्यादातर लोगों को हिंदी या अंग्रेजी आती थी और जिन्हें नहीं आती थी उनकी ( कन्नड़ ) भाषा भी हम उनके हाव भाव और बॉडी लैंग्वेज से हम समझ जाते थे। मुझे कन्नड़ के कुछ शब्द और वाक्य सीखने की जिज्ञासा थी। इसलिए एक स्थानीय दुकानदार से मैंने पूछा कि कन्नड़ में गुड मॉर्निंग,गुड ईवनिंग और थैंक यू को क्या कहते हैं। उसने बताया कि गुड मॉर्निंग को शुभ दया ,गुड ईवनिंग को शुभ अपराह्न और थैंक यू को धन्यवाद।ये शब्द हिन्दी से मिलते-जुलते हैं इसलिए कन्नड़ सीखने की मेरी जिज्ञासा बनी ही रही। लेकिन यह अनुभव सुखद था। दक्षिण भारत में हिन्दी का विरोध स्वतंत्रता के पूर्व से ही है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान एक ऐसी भाषा की जरूरत महसूस की गई जो जनसमुदाय को इससे सरलता से जोड़ सके। महात्मा गांधी सहित अनेक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों की मातृभाषा हिंदी नहीं थी।अखिल भारतीय स्तर पर हिंदी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा थी, इसलिए हिंदी का प्रचार - प्रसार शुरू किया गया। दक्षिण भारत में हिन्दी प्रचारिणी सभा बनाई गई, जो आज भी है।

गैर हिंदी भाषी राज्यों के विरोध की आशंका के कारण आज तक यही व्यवस्था लागू है।

त्रिभाषा फामूर्ला पहली बार 1968 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में लागू किया गया था।इसके तहत हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी, अंग्रेजी और (संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल)एक आधुनिक भारतीय भाषा पढ़ानी होती थी, जबकि गैर हिंदी भाषी राज्यों में क्षेत्रीय भाषा, हिंदी और अंग्रेजी पढ़ाई जानी थी। तमिलनाडु जैसे दक्षिणी भारतीय राज्यों ने इसका विरोध किया और कभी इसे लागू ही नहीं किया गया।सच तो यह है कि यह नीति अपनी मूल भावना के साथ हिंदी भाषी राज्यों में भी लागू नहीं की गई। यदि हिंदी भाषी राज्यों में त्रिभाषा फामूर्ला ईमानदारी से लागू की जाती तो सरकारी स्कूल से पढ़े बच्चों की अंग्रेजी इतनी कमजोर नहीं होती और उन्हें तमिल, तेलूगू या बंगाली जैसे कोई क्षेत्रीय भाषा भी आती। हमने बड़ी चालाकी के साथ तीसरा विषय संस्कृत रख लिया। संस्कृत भाषा उच्च कोटि की है, लेकिन यह कहां तक उचित है कि हिंदी भाषी राज्यों के शत-प्रतिशत बच्चे तीसरी भाषा के रूप में इसे ही पढ़ें। फिर आप कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि वह बच्चा हिंदी पढ़े जिसकी मातृभाषा तमिल, तेलुगू या कन्नड़ है।

नई शिक्षा नीति 2020 का मसौदा जाने माने वैज्ञानिक के कस्तूरी रंगन ने तैयार किया है ।2020 की शिक्षा नीति में भी त्रिभाषा फामूर्ला को अपनाया गया है। इसमें नई बात यह है कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत की जाने वाली फंडिंग की शर्त इसमें जोड़ दी गई है। संविधान के अनुच्छेद 343 में यह भी उपबंधित है कि संविधान के प्रारंभ से पंद्रह साल तक शासकीय कार्यों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग किया जाता रहेगा।

गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषी क्षेत्र के मजदूरों, छात्रों और दुकानदारों के साथ स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट की घटनाएं चिंता पैदा करने वाली हैं और ऐसी घटनाओं से कानूनी तौर पर सख्ती से निपटने की आवश्यकता है। क्योंकि भारत का संविधान हमें कोई भाषा बोलने, कहीं भी आने जाने तथा रोजगार करने की स्वतंत्रता देता है। लेकिन समझदारी तो व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने में ही है ।

रोजगार के सिलसिले में किसी राज्य में वर्षों रहना पड़े तो उस राज्य की भाषा सीख लेने में क्या बुराई है। फिर तकनीक की मदद से आज हम कोई भाषा समझ,सीख और बोल सकते हैं। इसलिए लगता है कि अब भाषाई विवाद मात्र राजनीतिक कारणों से दिखाई दे रहा है। -

# भक्ति से ज्ञान दृष्टि मिलती है

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**भक्ति** ज्ञान दृष्टि देता है। अहंकार ज्ञान को ढंक देता है। भगवान राम से वशिष्ट ने हाथ जोड़कर वरदान मांगा कि प्रेम कभी घटे नहीं ऐसा वरदान दें। राम जब वन में गये तो वहां कई ऋषियों-मुनियों ने उनका संवाद हुआ। राम की भक्ति और ज्ञान की स्थिति से ऋषियों-मुनियों को लगा कि उनका जप-तप इस दशरथ नंदन राम के आगे नहीं टिकता है। राम अहंकार रहित थे। मनुष्य भक्ति के माध्यम से ज्यादा पा सकता है। तुलसीदास ने सदैव भक्ति की महिमा का बखान किया है। जो भी जप-तप से प्राप्त बल है उससे अधिक टिकाउ भक्ति के माध्यम से प्राप्त ज्ञान दृष्टि है। जो परम आत्मा है वही परमात्मा है। मजनू से जब कहा गया कि वह खुदा की इबादत करें तो उसने कहा कि खुदा अगर लैला के रूप में आ जाये तो उसकी इबादत कर सकता है। प्रेम बड़ा है या ईश्वर? निश्चित प्रेम बड़ा है। प्रेम ही परम बना देता है, परमात्मा बना देता है। नारद, विश्वमित्र, उद्धव, परशुराम ने जो सिद्धि प्राप्त की वह जप-तप से प्राप्त की गयी थी। इसलिए इसमें भटकाव भी था और क्रोध शेष भी। लेकिन जो कृष्ण ने प्रेम के माध्यम से प्राप्त किया वह आज भी राधा-श्याम के रूप में उपस्थित है। राधा-राधा बोलो चले आयेंगे बिहारी। यह पंक्ति भक्ति मार्ग की उंचाई को बताता है। काल, कर्म,स्वभाव और गुण का घेरा लेकर जीव संसार में घूमता है। काल समय है, कर्म क्या करेगा यह कुदरत से तय होता है। स्वभाव सभी का अलग-अलग होता है। गुण से भी प्रभावित होता है। गिद्धराज का खान-पान से लेकर गुण स्वभाव, कर्म सब कुछ अलग था लेकिन प्रेम राम में था। अंतर सिर्फ ज्ञान और अज्ञान का है। खुदा ने जीने का मौका दिया। दूसरे को मत देखो। शाकिर बनेगा कि काफिर यह आपके उपर निर्भर करता है। उपनिषद में वर्णित है प्रेम ही ईश्वर है। महात्मा बुद्ध की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब कनिष्क का शासन था जब भारत की राजधानी पेशावर थी। बुद्ध करुणा और दया के प्रतिक थे। बौद्ध राज्य धर्म था और इसका असर सूफियों पर भी पड़ा। आज बुद्ध की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है जो गलत है। सीरिया, अफगानिस्तान और ईरान के आस-पास इनका प्रचार-प्रसार था। आज यह पूरा क्षेत्र हिंसा के प्रभाव में है। आश्रम में स्वामी जी के सत्संग में शामिल होने जमशेदपुर, बोकारो, पाकुड़, गया, बक्सर सहित कई स्थानों से भक्त आये हुए हैं। इस अवसर पर अजय कुमार ने परमहंस दयाल भक्ति गीत और भजन का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मन समर्पित नहीं तो पूजा पाठ भजन आश्रम दरबार का कोई मतलब नहीं है। आश्रम, कुटी सब मन लगाने का जरिया है। अगर पूजा में मन ही नहीं लगा तो पूजा व्यर्थ है। मन लगाने के लिए संग किया जाता है। स्वामी जी ने सत्संग के क्रम में कहा कि जब तक मन तैयार नहीं होगा, मन समर्पित नहीं होगा तो किसी भी आश्रम या दरबार के निर्माण का कोई अर्थ नहीं है। किसी भी कार्य का होना कल्पना से निर्धारित होता है। सबसे पहले कार्य कल्पना के माध्यम से मनुष्य के मन में आकार लेता है। उन्होंने कहा कि भक्त जहां होंगे वहीं कुटी बनती है। वगैर भक्त के कुटी का कोई मतलब नहीं है। पूर्व जीवन और इस जीवन की कल्पना से ही अगला जन्म तय होता है। किसी आम के फल का मीठापन इसे कितना जल से सींचा गया उस पर निर्भर करता है। लेकिन सिर्फ इस वर्ष के जल से कितना मीठापन आया और विगत वर्ष के जल का कितना असर है यह बताने की न तो कोई प्रकिया है न ही दुनिया में कोई मशीन इस जांच के लिए बनी है। कोलकाता कुटी के निर्माण के क्रम में गरुदेव स्वामी शिवर्धमानंदजी ने भक्तों की रुचि को समझा और कुटी का निर्माण कराया। जब तक भक्तों का मन कुटी के प्रति नहीं लगा तब तक नहीं बना। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम, छोटका राजपुर, बक्सर)**




**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष :** नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन :** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। शुभांक-4-6-7

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह:** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के याग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक:** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुम्भ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार सिंह**
**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***
**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

**धनबाद कार्यालय**
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# योग से आध्यात्मिक पक्ष को जानें

**- डॉ. परिणीता सिंह**

**योग** एक ऐसी विद्या है, जिसके द्वारा शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का निराकरण ही नहीं बल्कि जीवन को नैतिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी सार्थक बनाता है। योग शब्द की उत्पत्ति युज धातु से हुई है, जिसका अर्थ है एक होना।

यहां एकीकरण का तात्पर्य मनुष्य के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक पक्षो का सम्मिलित होने से है।आज विश्व वैज्ञानिक एवं भौतिक दृष्टि से परिपूर्ण है, परंतु आध्यात्मिक पक्ष का विकास नहीं के बराबर है, जिस कारण कई सुविधाएं होने के बावजूद भी शारीरिक एवं मानसिक रोग उत्पन्न हो रहे हैं।मानसिक विकार एवं विकृति के कारण मनो दैहिक रोग का जैसे जाल सा फैल रहा है। जितने भी सामाजिक, राजनीतिक संस्थाएं हैं, वैसे सभी योग के चिकित्सात्मक पक्ष पर ही बल दे रहे हैं, जिससे बीमारियां तो खत्म हो रही है, परंतु सर्वांगीण व्यक्तित्व का विकास नहीं हो पा रहा है। इन दिनों योग के व्यवहारिक पक्ष से भी सिर्फ कुछ क्रियाओं जैसे आसन प्राणायम पर ही बल दिया जा रहा है। जिस कारण योग अपनी यौगिक शास्त्रीय अवधारणा में से अलग होता जा रहा है ।



जबकि संपूर्ण व्यक्तित्व के लिए कई यौगिक क्रियाओं का समावेश आवश्यक है ।यौगिक शास्त्रों में योग के व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक पक्षों को भलीभांति समझाया गया है ।ऋषि-मुनियों ने मानवता की असीम दुख पीड़ा के उन्मूलन एवं आनंद तथा शांति की प्राप्ति के अनेकों उपाय बताएं है । जिसके द्वारा शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का निवारण की नहीं बल्कि जीवन को नैतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी सार्थक बनाया जा सकता है ।

संपूर्ण व्यक्तित्व की प्राप्ति के लिए मानस विज्ञान को जानना समझना अति आवश्यक है, जिसमें मन के स्वरूप, मन की कार्यप्रणाली एवं मन का विस्तार संबंधी विषय अत्यंत गहन रूप से ग्रंथों में उपलब्ध है ।

जिसके द्वारा शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिकता का विकास किया जा सकता है। आध्यात्मिकता का जागरण अज्ञानता को समूल समाप्त करती है, जिससे मनुष्य वास्तविक स्वरूप का आनंद अनुभव करता है और सदा उन्मुक्त एवम् स्वतंत्र रहता है।

# क्लीनिकल लैब टेक्नोलॉजी के फील्ड में जॉब

**प्रशांत झा**

**मेडिकल** और क्लीनिकल लैब टेक्नोलॉजी के फील्ड में व्यापक श्रेणी में ब्लड बैंक टेक्नोलॉजी आती है। ब्लड बैंक तकनीशियन, आमतौर पर फ्लेबोटोमिस्ट के रूप में प्रशिक्षित किए जाते हैं और यह ब्लड को इकट्ठा करने और लेबलिंग करने का काम करते हैं। ब्लड बैंक तकनीशियन आमतौर पर मेडिकल प्रयोगशालाओं और ब्लड बैंक्स में काम करते हैं। ये डोनर से ब्लड कलेक्ट करके स्टोर भी करते हैं। इसके अलावा ब्लड का टाइप, और कलेक्ट किया ब्लड सुरक्षित है कि नहीं, ब्लड में स्वस्थ अणुओं के स्तर का भी प्रशिक्षण करते हैं। ब्लड बैंक तकनीशियन का कोर्स नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन के तहत आता है और इस कोर्स को करके आप एक अच्छा भविष्य तो बना ही सकते हैं साथ ही प्रधानमंत्री के मिशन कौशल भारत, कुशल भारत में भी साथ दे सकेंगे।

नेचर ऑफ वर्क

ब्लड बैंक तकनीशियन की ज्यादातर गतिविधियां कार्यालय आधारित होती हैं। वह ब्लड बैंक्स और प्रयोगशालाओं में ही काम करते हैं। डोनर से ब्लड लेकर उसकी बारीकी से रिसर्च करना, उस ब्लड का टाइप पता करने और खासकर वह ब्लड कितना सुरक्षित है यह देखना, आपातकालीन समय के लिए उस ब्लड



को स्टोर करने तक का काम ब्लड तकनीशियन का ही होता है। इसके अलावा हॉस्पिटल्स की लैब में पेशेंट्स के ब्लड की जांच करना और उससे संबंधी जानकारियों को इकठ्ठा करना ही ब्लड बैंक तकनीशियन का काम होता है। इन सभी कार्य के साथ-साथ तकनीशियन ब्लड का रिकॉर्ड भी तैयार करता है। जो व्यक्ति इस फील्ड में अपने करिअर को आगे बढ़ाना चाहते हैं उनमें स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता होनी आवश्यक है और साथ ही उनमे एक अच्छा विश्लेषणात्मक कौशल भी होना चाहिये।

कोर्स, योग्यता एवं अवसर

इच्छुक व्यक्ति का किसी भी संकाय वा किसी भी मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं पास होना अनिवार्य है। इन कोर्स के दौरान अभ्यर्थियों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग में खासा ध्यान रखा जाता है, जिसमें उन्हें तरह-तरह के ब्लड सैंपल्स की जांच करना सिखाया जाता है और इसके अलावा ब्लड की हर एक जरूरी तत्व को समझाया जाता है। साथ ही कोर्स के दौरान आपातकालीन स्थिति या किसी भी तरह की आपदा की स्थिति में किस तरह से निपटा जाए और कैसे उस स्थिति में काबू पाया जाए वह भी सिखाया जाता है। इस फील्ड में आप एसएससी के द्वारा भी परीक्षा देकर किसी भी सरकारी पद के लिए आवेदन कर सकते है।

इस कोर्स में डिप्लोमा लेने के बाद हर राज्य में सरकारी व गैर सरकारी विभाग में नौकरी के कई नए अवसर खुल जाएंगे। इसके अलावा अभ्यर्थी प्राइवेट हॉस्पिटल्स या प्राइवेट लैब में भी काम करके खासा पैसा कम सकता है। वर्तमान समय की अगर बात की जाए तो मेडिकल लैब की मार्केट में भरमार है और बड़ी-बड़ी कंपनियां जैसे डॉ पैथ लैब और रैनबैक्सी की तो हर एक शहर में लैब है। इसमें ब्लड बैंक डिपार्टमेंट में ऐसे लोगों की अच्छी डिमांड है। इसके अलावा सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंक्स में भी नौकरी मिलने की संभावना बनी रहती है। डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करने के बाद आप बतौर तकनीशियन किसी भी ब्लड बैंक में काम कर सकते हैं।

# सिखाने के साथ सीखने का परिवेश भी बनाएं शिक्षक

**प्रशांत झा**

बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने में पाठ्यक्रम संबंधी शिक्षण के अलावा भी शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका है। खासकर अपने सहज व्यवहार से स्कूल में बेहतर माहौल निर्मित करने में। जरूरी है कि वह बालमन को समझे। ऐसा वातावरण बनाए जिसमें बच्चा पढ़ाई के साथ जीने का सबक सीखे। नया व लीक से हटकर सीखने में उसकी रुचि पैदा हो। वहीं दो-तरफा संवाद भी सुनिश्चित बनाना शिक्षक का अहम दायित्व है।

सीखने के लिए सहज परिवेश का होना जरूरी है। क्लासरूम हो या स्कूल का परिसर, बच्चों पर पूरे वातावरण का असर पड़ता है। इस माहौल को सहज रखने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। बालमन को समझने से जुड़ा टीचर्स का नजरिया बहुत अहमियत रखता है। कहते हैं कि बच्चों का भविष्य बनाने में सबसे बड़ी जिम्मेदारी शिक्षकों के हिस्से ही आती है। इस दायित्व का अहम हिस्सा बालमन को समझना ही है। फिर बात चाहे किसी विषय का पाठ पढ़ाने की हो या जिंदगी जीने का सबक समझाने की। टीचर्स के व्यवहार की सहजता बहुत कुछ आसान कर देती है।

**मन से सीखना सिखाएं**

बच्चों के मन को समझते हुए शिक्षक उन्हें सहजता से सीखना सिखायें। हमारे यहां पढ़ाई सिर्फ अंकों की दौड़ बनकर रह गई है। ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को उनके रुचिकर विषयों से जोड़ें। रटने और परीक्षा पास करने की दौड़ से बाहर लाकर, सही मायने में शिक्षित होने की ओर मोड़ें। अध्ययन ही नहीं, समाज का सहज अवलोकन भी बताता है कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों में सीखने के प्रति जुनून पैदा करने में हम भूमिका निभा सकते हैं। सकारात्मक शैक्षिक वातावरण बनाकर बालमन पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। सार्थक संवाद कर मन को साधना सिखा सकते हैं। इसीलिए टीचर्स बच्चों की कमियों और अच्छाइयों, दोनों पर बात करें। पढ़ाई को बोझ ना बनायें। अच्छे विचारों को व्यवहार में उतारने की प्रेरणा सिखाने वालों से ही मिलती है। किसी कला या खेल का प्रशिक्षण हो या पढ़ाई, अध्यापकों का यह सहज सा तरीका ही पढ़ने-सीखने के भाव को सार्थक बनाता है।

**रचनात्मकता सोच को दिशा**

आज के दौर में शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि वे बंधी-बंधाई लीक पर चलने के बजाय बच्चों को नवाचार से जोड़ें। नई चीजें सीखने को प्रेरित करें। तकनीक से जोड़ते हुए उसका संतुलित उपयोग करने का भाव जगाएं। मौजूदा दौर में कृत्रिम सुविधाओं से अटते संसार में बच्चों के भीतर छुपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का प्रयास बहुत आवश्यक हो चला है। क्लासरूम में तयशुदा पैटर्न पर चलने के बजाय बच्चों को नया और बेहतर सोचने के लिए मोटिवेट करना जरूरी है । इतना ही नहीं, शिक्षक ही बच्चों को सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की ओर मोड़ सकते हैं। ऐसा होने पर बच्चे ना तो बेहतर प्रदर्शन करने पर दिशाहीन होंगे और ना ही पीछे रह जाने पर उनका मन डिगेगा। स्पष्ट है कि ऐसा प्रेरणादायी माहौल बनाने के लिए बच्चों के मन और सोच की दिशा को समझना जरूरी है।

# बच्चों में कॉर्टून की बुरी लत



**सत्या सिंह**

**टेलीविजन** स्क्रीन पर हंसते खिलखिलाते दिखते कार्टून कैरेक्टर्स को बच्चे पसंद तो करते ही हैं, उनके मन पर भी इनका असर कुछ कम नहीं होता। यही वजह है कि ऐसे कार्यक्रमों में दिखने वाले प्यारे-न्यारे चेहरे सिर्फ मनोरंजन करने वाले चरित्र भर नहीं बल्कि मासूमों की सोच और समझ को भी गहराई से प्रभावित करते हैं। तकलीफदेह है कि हमारे यहां कई कार्टून कार्यक्रम बच्चों के मनोविज्ञान के मुताबिक नहीं हैं। इनसे बच्चों का विचार और व्यवहार दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं। कई कार्टून चरित्रों की भाषा से लेकर हावभाव तक, सब कुछ नकारात्मकता परोसने वाले हैं। ऐसे में बच्चे टीवी पर कैसे कार्टून प्रोग्राम देख रहे हैं, इसे लेकर अभिभावक खुद सजग रहें।

**समय तय कीजिए**

कई घरों में बच्चे घंटों कार्टून प्रोग्राम देखते हैं। कोरोना काल में बच्चों का टीवी टाइम और बढ़ा है जिसके चलते छोटे बच्चों का कार्टून कार्यक्रमों को देखने का समय भी बढ़ गया है। बहुत छोटे बच्चे जो अभी तक स्मार्ट गैजेट्स के जाल में नहीं फंसे हैं, वे टीवी स्क्रीन को ताकने में समय बिता रहे हैं। जबकि टेलीविजन में हर वक्त अपनी आंखें गड़ाए रखना बच्चों के लिए कई खतरे लिए है। बच्चों में सिरदर्द, कमर दर्द, आंखों का रूखापन, मोटापा जैसी फिजिकल समस्याएं आम हैं। ऐसे ही एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन और गुस्से जैसी कुछ व्यवहारगत तकलीफें भी लम्बे समय तक टीवी देखते रहने के चलते बच्चों को घेर रही हैं। स्कूल में एक नियत शेड्यूल में क्लासरूम का माहौल और शारीरिक गतिविधियों का समय तय था। अब बच्चे पूरा दिन घर में बिता रहे हैं। यह उन्हें शारीरिक और मानसिक समस्याओं से बचाएगा।

**भाषा और बिहेवियर परखें**

आमतौर पर बच्चों के साथ इन कार्यक्रमों को देखने के लिए घर के बड़े नहीं बैठते हैं। बच्चे अकेले ही अपनी दिनचर्या का बड़ा हिस्सा कार्टून प्रोग्राम देखने में बिताते हैं। इन कार्यक्रमों में क्या दिखाया जा रहा है? यह अभिभावकों को पता तक नहीं होता। जबकि कई कार्टून हिंसा और अन्धविश्वास के साथ कई चरित्र आक्रामक, अभद्र और अजीबोगरीब भाषा बोलते हैं। यह भाषा शैली मासूमों के दिलो दिमाग पर गहरा प्रभाव डालती है। घर के माहौल में एहतियात बरतने और उनकी भाषा पर ध्यान दिए जाने के बावजूद बच्चे ऐसी भाषा बोलना सीख जाते हैं। कार्टून चरित्रों की तरह बोलने की कोशिश करते हुए कई अपमानजनक और बेहूदा शब्द उनकी बातचीत का हिस्सा बन जाते हैं। उनकी तरह बोलना और व्यवहार करना बच्चों की आदत में शुमार हो जाता है।

**लत न बने**

एक अध्ययन के अनुसार आज देश में 80 प्रतिशत स्कूली बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को देखभाल की जरूरत है। यह कहीं ना कहीं अकेलेपन का नतीजा है, जो उन्हें कार्टून कार्यक्रमों को देखने का आदी भी बना रहा है। जाने-अनजाने बच्चों का मन इन कार्यक्रमों को देखने का आदी भी बन रहा है। एक अध्ययन के मुताबिक 2-5 साल तक के बच्चे एक हफ्ते में तकरीबन 32 घंटे कार्टून कार्यक्रम देखने में लगाते हैं। पेंडेमिक काल में यह समय बढ़ा ही है।

**कहानियों से जोड़ें**

कहानियां, जो सही मायने में बच्चों का भाषायी ज्ञान और शब्दावली बढ़ाने में सहायक हैं, अब बचपन का हिस्सा ही नहीं रहीं। बालमनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि कहानियां बालमन को बौद्धिक और भावनात्मक दोनों ही स्तरों पर सकारात्मक ढंग से प्रभावित करती हैं। बच्चों को किस्सों कहानियों से जोड़ें। इससे उनका टीवी टाइम भी कम होगा और वैचारिक समझ, सकारात्मक सोच बढ़ जायेगी।

## स्पीड न्यूज

### बिहार फाउंड्री को कोर्ट का नोटिस



**रामगढ़।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के रामगढ़ स्थित रिफ्रैक्टरी संयंत्र सेल रिफ्रैक्टरी यूनिट इफिको की जमीन एवं सड़क पर अवैध रूप से बिहार फाउन्ड्री (बीएफसीएल) प्रबंधन द्वारा अपने ट्रक एवं भारी वाहनों के चलाने, इफिको की जमीन पर अवैध रूप से भारी वाहनों की पार्किंग एवं बिहार फाउन्ड्री के कचरा एवं फैक्ट्री के अपशिष्ट पदार्थ का अवैध रूप से बिना अनुमति के इफिको की जमीन पर डम्प करने पर इफिको प्रबंधन द्वारा बिहार फाउन्ड्री प्रबंधन के विरुद्ध एस्टेट अधिकारी के कोर्ट में केस दायर किया गया है। जिसके बाद एस्टेट कोर्ट द्वारा बिहार फाउन्ड्री के प्रबंधन को एक सप्ताह में अपनी उपरोक्त गतिविधियां रोकने एवं डम्प किए हुए कचरा एवं फैक्ट्री के अपशिष्ट पदार्थ को हटाने का निर्देश दिया गया है। इसका परिपालन न करने की स्थिति में एस्टेट कोर्ट द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी । ज्ञात हो कि पूर्व में भी एसआरयू इफिको प्रबंधन द्वारा बिहार फाउन्ड्री के उपरोक्त अवैध गतिविधियों के विरुद्ध इसके प्रबंधन को कई बार सचेत किया गया है एवं इसे अविलंब बंद करने का निर्देश दिया परंतु बीएफसीएल द्वारा इस संबंध में अभी तक किसी प्रकार के कार्रवाई नहीं की गई है।

### श्रमिकों की अनुग्रह राशि बढ़ी



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ने कोयला मंत्रालय द्वारा खान दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों की अनुग्रह राशि (एक्स-ग्रेशिया) 15 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए किए जाने का स्वागत किया है। इस निर्णय पर संघ के महामंत्री शशिभूषण सिंह ने केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी एवं भारतीय मजदूर संघ के कोयला उद्योग प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेहनतकश श्रमिकों के हित में उठाया गया यह बेहद महत्वपूर्ण कदम है। बीते वर्ष 17 दिसंबर को आयोजित स्टैंडिंग कमेटी ऑन सेफ्टी इन कोल माइंस की बैठक में के. लक्ष्मा रेड्डी ने इस प्रस्ताव को प्रमुखता से रखा था। कोयला मंत्रालय द्वारा इस पर सकारात्मक निर्णय लिए जाने से श्रमिकों में खुशी का माहौल है। शशिभूषण सिंह ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ सदैव राष्ट्र हित, उद्योग हित और मजदूर हित के संकल्प के साथ कार्यरत है और अपनी प्रतिबद्धता को निभा रहा है।

### लोकल सेल को लेकर वार्ता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा परियोजना कार्यालय में शनिवार को ऑल इंडिया झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी झारखंड की ओर से परियोजना पदाधिकारी के साथ सम्मानजनक वार्ता हुई। बैठक में भुरकुंडा लोकल सेल के सवाल को लेकर मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात रखी गई। इस दौरान परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि केवल झारखंड रैयत विस्थापित प्रभावित मोर्चा को ही भुरकुंडा लोकल सेल में भागीदारी दी जाएगी। वार्ता में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि भुरकुंडा कोलियरी में लोकल सेल चालू कर बेरोजगार युवाओं एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने मांग रखी कि रोजगार में ग्रामीण और कोयलांचल क्षेत्र को बराबर 50-50 प्रतिशत का हिस्सा दिया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि सम्मानजनक भागीदारी नहीं मिली तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। परियोजना पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आम सहमति बनाकर लोकल सेल चालू किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में बेरोजगारी दूर हो सके। वार्ता में केंद्रीय महासचिव नरेश नायक, केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार, नकुल प्रसाद, राहुल सिंह, राजेंद्र नायक, किशोर नायक, मधु बाउरी, केंद्रीय सदस्य श्याम महतो, रामचंद्र राम आदि उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वे भी बेरोजगार हैं और लोकल सेल के माध्यम से रोजगार की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

### टोटस स्कूल में लगा एनीमिया शिविर



**रामगढ़।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के तत्वाधान में शुक्रवार शाम 3:00 बजे से रांची रोड दुर्गा मंडप के समीप होली टेनी टोट्स स्कूल में एनीमिया मुक्त भारत का शिविर लगाया गया। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की महिला संगठन मंत्री पूनम सिंह व सचिव मनमोहन सिंह लंबा के नेतृत्व यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें डॉक्टर मीनू पांडियन, डॉ ऋचा रश्मि, डॉ नेहा खानम द्वारा जांच किया गया और महिलाओं को एनीमिया के बारे में सही जानकारी दी गई। ताकि महिलाएं और बच्चियां स्वस्थ रहें ।

### बाल तस्करी के खिलाफ अभियान




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अग्रगति संस्था द्वारा 12 से 14 सितंबर तक रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को संस्था ने श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा और भुरकुंडा बाजार स्थित साईं मंदिर प्रांगण में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए संस्था की इशरत जहां और नवल किशोर ने कहा कि बाल विवाह, बाल मजदूरी और बाल तस्करी बच्चों के लिए एक अभिशाप है। इससे न केवल उनका बचपन और शिक्षा छिन जाती है, बल्कि भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है। इन कुप्रथाओं को रोकने के लिए अभिभावकों और समाज के हर वर्ग को जागरूक होना होगा। गुरुद्वारा और मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अग्रगति संस्था की इशरत जहां और नवल किशोर ने बच्चों और आमजनों को जागरूक किया। मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, साईं मंदिर पूजा समिति के पदाधिकारी और विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से शपथ लिया कि वे समाज में इन बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाएंगे और रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# खीरमोहन नगरी पर मीठा जहर का साया

**शंकर यादव**

## चौपारण की पहचान खतरे में, बिक रही है नकली मिठाई



चौपारण। खीरमोहन की मिठास से देशभर में पहचान बनाने वाला चौपारण आज नकली मिठाई माफियाओं की जकड़ में कराह रहा है। जिस मिठास पर कभी इस नगरी को गर्व था, उसी पर अब मिलावटी कारोबारियों ने जहर घोल दिया है। त्योहारों के मौसम में जब घर-घर खुशियों की थाल सजनी चाहिए, वहां नकली मिठाइयाँ धीरे-धीरे लोगों के खून में बीमारी का बीज बो रही हैं। और सबसे बड़ा सवाल कि क्या प्रशासन की आंखों पर पट्टी बंधी है या फिर उसके हाथ भी इस धंधे से रंगे हुए हैं?

बाजार में बिक रही रंग-बिरंगी मिठाइयाँ देखने में लुभावनी हैं, लेकिन हकीकत जानकर रोंगटे खड़े हो जाएंगे। सस्ते दाम और आकर्षक पैकिंग के नाम पर लोगों को परोसा जा रहा है मीठा जहर। दूध की जगह यूरिया, मिठास की जगह कृत्रिम रसायन और रंग-रूप के लिए जहरीले कलर का इस्तेमाल खुलेआम हो रहा है। जानकारी के अनुसार, इस कारोबार के तार गिरिडीह, डुमरी और गया तक फैले हैं। चौपारण की बढ़ती लोकप्रियता ने इन मिलावटखोरों को मौके पर चौका मारने का मौका दे दिया है।

स्थानीय लोग कहते हैं कि खाद्य विभाग और पुलिस कई बार दिखावे की छापेमारी कर चुके हैं, लेकिन हर बार मामला सेटिंग-गेटिंग में दबा दिया जाता है। आरोपी कुछ जुर्माना भरते हैं और फिर से धंधा चालू कर देते हैं। यह सिलसिला बरसों से चल रहा है, जिससे साफ है कि या तो प्रशासन निकम्मा है या फिर इस गोरखधंधे का हिस्सा बन चुका है। आज चौपारण की पहचान ही संकट में है। अगर खीरमोहन पर मंडरा रहे नकलीपन का यह साया नहीं मिटा तो आने वाली पीढ़ियां चौपारण को मिठास नहीं, मीठा जहर के अड्डे के नाम से जानेंगी। अब वक्त आ गया है कि नकली मिठाई माफियाओं और उनके संरक्षणकताओं, चाहे वे अफसर हों या नेता को बेनकाब कर सलाखों के पीछे भेजा जाए। वरना चौपारण की थाली से मिठास हमेशा के लिए गायब हो जाएगी।

### कर्णपुरा महाविद्यालय में शिक्षक सम्मानित

**बड़कागांव।** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव में शनिवार को गुरु सम्मान समारोह हुआ, जिसमें शिक्षकों की गरिमा, समाज में उनके योगदान तथा विद्यार्थियों के भविष्य-निर्माण में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका को सम्मानपूर्वक रेखांकित किया गया। इसकी अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कीर्तिनाथ महतो ने की। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। महाविद्यालय के कई विभागों के वरिष्ठ एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंगवस्त्र व स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का प्रदाता ही नहीं होता, बल्कि समाज का मार्गदर्शक भी होता है। ऐसे आयोजनों से शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है व युवा पीढ़ी को अपने संस्कारों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। प्रो.फजरूद्दीन अहमद ने समारोह के सफल आयोजन के लिए समिति, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को धन्यवाद दिया। मौके पर डॉ. निरंजन प्रसाद नीरज, प्रो.सुरेश महतो,प्रो. फजरुद्दीन,प्रो. नरेश कुमार दांगी, डॉ. अनु कुमारी,प्रो. ऋतुराज,प्रो. रंजीत प्रसाद, डॉ. ललिता कुमारी, प्रो. लालदेव महतो, डॉ. पवन कुमार,डॉ. चंद्रशेखर राणा व अन्य मौजूद थे।

# विधायक प्रदीप प्रसाद ने सुनी जनता की समस्याएं

**सभी मामले को संबंधित विभागों और पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद ने शनिवार को कार्यालय परिसर में नियमित रूप से आयोजित होने वाले जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनीं। क्षेत्र के कई इलाकों से आए नागरिकों ने सड़क, नाली, बिजली, जलापूर्ति, पेंशन, राशन, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक कार्यों में हो रही दिक़्क़तों से संबंधित शिकायतें उनके सामने रखीं। विधायक ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों और पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान अविलंब होना चाहिए, इसमें टाल-मटोल किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जनता की परेशानी को अनदेखा करना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी ताकत है और इसी भरोसे के बल पर वे सेवा और विकास के कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता दरबार में रखी गई प्रत्येक समस्या का संज्ञान लेकर उसके समाधान तक निगरानी रखी जाएगी। कार्यक्रम में आराभुसाई मुखिया आदित्य दाँगी, पूर्व जिला परिषद सदस्य कालेश्वर रजक, कुमुद गुप्ता, रामअवतार शर्मा, विधायक प्रतिनिधि बिरजू रवि समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रोशन चौधरी ने बीरजू बेदिया के परिवार को दिया आर्थिक मदद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र अंतर्गत पाली पंचायत निवासी स्व. बीरजू बेदिया की पत्नी एवं उनके परिजनों से शनिवार को मुलाकात कर विधायक रोशन लाल चौधरी ने इस दुःख की घड़ी में उन्हें सांत्वना दी। विधायक श्री चौधरी जी ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की और साथ ही परिवार के सदस्यों को सरकारी प्रावधानों के तहत सभी संभव लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि प्रशासन के माध्यम से शीघ्र आवश्यक सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी ताकि परिवार को इस कठिन समय में राहत मिल सके। मौके पर पूर्व जिप सदस्य मनोज राम, भदानीनगर मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, कृष्णा सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा का आयोजन किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब ने फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 350 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय से प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता है। मौके पर क्लब के क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव अखिलेश शर्मा और कोषाध्यक्ष निर्मल अग्रवाल ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर सामाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है।

क्लब के अध्यक्ष अशोक सिन्हा ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा सर्वोपरि है और कल्ब का उद्देश्य भी गरीबों की सेवा करना है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की।

### सर्पदंश से दिव्यांग की मौत

**बड़कागांव।** नापोखुर्द पंचायत ग्राम इसको टोला मधइयाढाब निवासी दिव्यांग मुकेश कुमार (32 वर्ष) पिता कैलास महतो की मौत सांप काटने से शनिवार को हो गई। सर्पदंश के बाद परिजनों ने बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। स्थिति नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने हजारीबाग सदर रेफर कर दिया जहां मुकेश ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मुकेश घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य था । वे अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्र (13 वर्ष ) एक पुत्री (12 वर्ष) छोड़ गए। मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# उपायुक्त ने किया गोला प्रखंड का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**▶▶ गोबर गैस, लाह उत्पादन, मुर्गी पालन व कई योजनाओं का किया निरीक्षण**

**रामगढ़।** उपायुक्त फैज एक अहमद मुमताज ने शनिवार को गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संग्रामपुर पंचायत के सरलाकला गांव के बेदिया जारा टोला में गोबर गैस, लाह खेती, मुर्गी पालन सहित अन्य परियोजनाओं का निरीक्षण किया। यह गांव कुल 45 घरों का है, जिनमें से 35 घरों में गोबर गैस प्लांट का निर्माण सिद्धा संस्था द्वारा एक निजी फाउंडेशन के सहयोग से कराया गया है। वहीं शेष 3 घरों में उन्नत चूल्हे उपलब्ध कराए गए हैं। यह टोला तायमा जलच्छादन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। पूरे जलच्छादन क्षेत्र में संस्था द्वारा कुल 150 घरों में गोबर गैस प्लांट और 175 घरों में उन्नत चूल्हे लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 150 घरों में पोषण वाटिका हेतु सब्जी बीज वितरित किए गए, जिससे परिवारों की सब्जी खपत बढ़ी और महिलाओं एवं किशोरियों में पोषण संबंधी समस्याओं में कमी आई है।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्वयं लाभुकों के घरों का निरीक्षण कर गोबर गैस के माध्यम से लाभुकों को हो रहे लाभ का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उन्हें मिल रहे लाभ आदि की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त में प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला डॉ सुधा वर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त को जानकारी दी गई की आजीविका को बढ़ावा देने के लिए संस्था ने 60 परिवारों को लाह की खेती हेतु कुसुम पेड़ों पर लाह का बीज उपलब्ध कराया है। लाह की खेती से ग्रामीणों को 20 से 35 हजार रुपये तक की आमदनी हो रही है।

इसी तरह 150 परिवारों को कड़कनाथ मुर्गे एवं मुर्गियां वितरित की गईं, जिससे ग्रामीण अंडा उत्पादन कर स्वयं उपयोग करने के साथ-साथ अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रहे हैं।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त को बताया गया कि संस्था का उद्देश्य है कि पूरे तायमा जलच्छादन क्षेत्र को ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन क्षेत्रह्व के रूप में विकसित किया जाए। इस दिशा में संस्था के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उपायुक्त से सहयोग का अनुरोध किया, जिस पर उपायुक्त ने उन्हें सभी तरह के सहयोग उपलब्ध कराए जाने हेतु आश्वासित किया। निरीक्षण के दौरान गांव का और तीव्र गति से विकास करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने डीएमएफटी सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से विभिन्न विकास कार्य किए जाने को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान तीरथनाथ महतो, बिर्बल बेदिया, अनीता देवी, दीपह्माला देवी, अनीता देवी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। गोला बीडीओ डॉ सुधा वर्मा, संग्रामपुर के मुखिया सीताराम मुंडा और संधीत कुमार भी मौजूद थे।

## एक नजर में

### स्वास्थ्य मंत्री से मिले महमूद आलम



**विष्णुगढ़।** झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के मुख्य संयोजक महमूद आलम ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने आंदोलनकारियों के हितों और क्षेत्रीय विकास से जुड़ी कई अहम मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा जिसमें चिन्हित झारखंड आंदोलनकारियों को चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ 20 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ को अनुमंडल का दर्जा देने और विष्णुगढ़ प्रखंड के ग्राम नवादा में झारखंड आंदोलनकारी मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आश्वासन दिया कि विष्णुगढ़ को अनुमंडल का दर्जा दिलाने के लिए कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, झारखंड सरकार को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया। श्री आलम के साथ डॉ. निजामुद्दीन अंसारी और मोजिम अंसारी तथा अन्य आंदोलनकारी मौजूद थे।

### चरही पंचायत में निकाली गयी प्रभात फेरी




**चुरचू ।** शांति दिवस के अवसर पर शनिवार को चुरचू प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चरही में प्रभात फेरी निकाली गयी। सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ग्रामीणों ने मिलकर पूरे गांव का भ्रमण किया और शांति का संदेश दिया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय शांति वक्ता श्री प्रेम रावत जी के विचारों से प्रेरित था। प्रभात फेरी चरही बस्ती से शुरू होकर पारवाद, चनारो, बेलवा, टाड़, सलैयाटांड़ और पूर्णा पानी सहित विभिन्न इलाकों से गुजरी। ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया और गांव-गांव तक भाईचारा और शांति का संदेश पहुँचाया। आयोजन में महिलाओं और पुरुषों की बड़ी भागीदारी रही। इस अवसर पर गोपाल ठाकुर, उपेंद्र पासवान, बिगन प्रजापति, राजू राम और नागेश्वर महतो समेत कई गणमान्य लोग सक्रिय रूप से शामिल हुए।

### बरकट्ठा में डीसी ने कई योजनाओं का किया निरीक्षण

**बरकट्ठा ।** डीसी शशिप्रकाश सिंह ने शनिवार को बरकट्ठा पहुंचे जहाँ विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिलाडीह पंचायत के बाराडीह में मनरेगा से संचालित आम बागवानी का निरीक्षण किया और इसे बेहतर बनाने का दिशा निर्देश बीडीओ रोशमा डुंगडुंग को दिया। उन्होंने बागवानी को समय से खाद समेत गुड़ाई के लिए निर्देशित किया। बेलकपी पंचायत सचिवालय में संचालित हो रहे कार्यों का जायजा लिया। वंही ऐतिहासिक, धार्मिक व पर्यटन स्थल सूरजकुंड भी गए। सूरजकुंड में गंदगी और इसकी स्वच्छता को लेकर डीपीओ को निर्देशित किया। ग्रामीणों ने डीसी से सूरजकुंड में पेयजल के लिए ठंडा पानी की स्थाई व्यवस्था के लिए आग्रह किया। उन्होंने तत्काल डीपीओ को सूरजकुंड परिसर की मरम्मत व ठंडे पानी के विकल्प पर काम करने को कहा। डीपीओ को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कहा। डीसी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्डों व ओपीडी का निरीक्षण किया। उन्होंने एक्सरे व अल्ट्रा साउंड मशीन के संचालन के लिए डीएमएफटी से तत्काल ऑपरेटर नियुक्ति का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।शिलाडीह के ग्रामीणों ने जर्जर आरईओ रोड को बनाने की मांग को लेकर आवेदन दिया।

### बरही में चौक-चौराहा की सफाई को लेकर बैठक

**बरही।** शनिवार को बरही चौक -चौराहा की सफाई और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनएचआई के पदाधिकारी मनोज पांडेय और मुकेश कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वकर्मा पूजा और दुर्गा पूजा को लेकर रविवार सुबह से सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसमें बरही की जनता से अधिक से अधिक सहयोग की अपील की गई। बैठक में गुरुदेव गुप्ता, नंदकिशोर कुमार, प्रभु राणा, राजेश केशरी, राहुल राणा, बलराम केशरी, कैलाश साव, अमित केशरी, नवल किशोर सिंह, धर्मेंद्र यादव, पप्पू केशरी, शिवा निषाद, सोनू केशरी और मोती सिंह उपस्थित थे।

### बरकट्ठा में पुलिस ने शराब भट्टी किया नष्ट

**बरकट्ठा।** पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के सिमरिया व अलपीटो जंगल में अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण की गुप्त सूचना के आधार पर दो देशी शराब भट्टी को नष्ट किया जिसमें 150 किलो महुआ जावा व शराब को नष्ट किया गया टीम में एएसआई उपेंद्र सिंहा व एएसआई कन्हैया प्रसाद शामिल थे । बरकट्ठा प्रखंड के चेचकपी, झुरझुरी, सलैया, कपका, शीलाडीह, बेडोकला चुगलामों बरकनगांगो में जमकर शराब चुलाई होती है जिसे लोकल व बाहरी मार्केट में बेचा जाता है इनमें सिमरिया जंगल, गएपहाड़ी, अलपीटो, सतघरवा मे तो देशी शराब की बड़ी खेप तैयार की जाती है कुछ शराब विक्रेता तो बेखौफ होकर अवैद्य काम को अंजाम देते हैं ।

### जंगली हाथियों ने बनासों में धान को रौंदा

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के ग्राम बनासो में जंगली हाथियों के झुंड ने देर रातपूर्व मुखिया लक्ष्मी देवी के चार दिवारी अमूल्य चंद्र पांडेय के के धान के खेत किशन यादव के धान का खेत उदिया पन के धान का खेत अतुलपांडेय के धान का खेत सहित काफी संख्या में ग्रामीणों के धान खेत को क्षतिग्रस्त कर दियाजिसमें काफी नुकसान हुआ है ग्रामीणों द्वारा खबर किए जाने पर वन विभाग की टीम पहुंचकर हाथियों को भगाया । मुखिया चंद्रशेखर पूर्व मुखिया माधुरी देवी पूर्व मुखिया लक्ष्मी देवी पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी प्रयाग पासवान सुरेश राम ने सरकार से नुकसान हुए फसलों का उचित मुआवजा किसानों को देने की मांग की है।


### रामानुजम डिग्री कॉलेज में काउंसलिंग

**टाटीझरिया।** शिक्षा के प्रति समर्पित स्ट्रेमैक्स फाउंडेशन के संस्थापक सह निदेशक लेखक बिपिन कुमार ने प्रखंड के झरपो सूर्य मंदिर छठ तालाब स्थित रामानुजम डिग्री कॉलेज में प्रश्नोत्तरी एवं करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में विजेता रहे दर्जन विद्यार्थियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रंजीत कुमार मौर्या एवं संचालन फाउंडेशन के निदेशक बिपिन कुमार ने किया।बिपिन कुमार ने विद्यार्थियों को पढ़ाई से संबंधित कई जानकारी दिए। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम के लिए एक अच्छा टाइम-टेबल बनाना जरूरी है। अपने दिन को अच्छे से प्रबंधित करने के लिए हर विषय के लिए निर्धारित समय तय करें। इस समय में बिना किसी रूकावट के पढ़ाई करें। उन्होंने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्र/छात्रों को काफी उत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान विजेता छात्र छात्राओं में यशोदा कुमारी,गूंजा कुमारी,रानी कुमारी,गीता कुमारी, शनिलता कुमारी,मनीषा,निशा, प्रियंका,नीतू,काजल, राखी,शशि कुमार,सोनू कुमार,चंदन कुमार,मनीष कुमार का नाम शामिल थे। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के सहायक शिक्षक राहुल कुमार,अभिजीत कुमार,बबली जुटे हुए थे।

### मॉडल स्कूल बुंडू में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी

**बरही।** बरही प्रखंड के मॉडल स्कूल बुंडू में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित किया गया। इस गोष्ठी में कई अभिभावक शामिल हुए। इस गोष्ठी में ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव व मुखिया विजय कुमार यादव मुख्य रूप शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव ने कहा कि छात्रों की शैक्षणिक प्रगति, व्यवहार और स्कूल से संबंधित अन्य पहलुओं पर चर्चा करने के लिए शिक्षकों और अभिभावकों के बीच एक बैठक है। इन गोष्ठियों का उद्देश्य छात्रों के समग्र विकास के लिए एक मजबूत संबंध बनाना,अभिभावकों को बच्चे की स्कूल-जीवन की जानकारी देना और शिक्षा में उनकी भागीदारी बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा, किताबें, ड्रेस आदि दे रही है इसका सदुपयोग कराएं।

# मुश्किल नहीं है वेडिंग प्लानिंग




के खुशी

**शादियां** हमेशा से ही एक बड़े व्यापार के रूप में देखी गई हैं, चाहे हम उसके किसी भी दिन से जुड़े क्यों न हों। यह मौका किसी भी लड़की के लिए खास होता है और वह इस दिन को परिपूर्ण देखना चाहती है लेकिन किसी भी शादी को पूरी तरह से सफल बनाना आसान काम नहीं होता। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में कोई भी हर चीज आसानी से हो जाए ऐसा जरूरी भी नहीं। इसीलिए आजकल वेडिंग प्लानिंग में करियर की संभावनाएं बढ़ रही हैं और कई महिलाएं भी इसे करियर के रूप में अपना रही हैं। यह काम जितना चुनौतियों से भरा है इसमें पैसा भी उतना ही अच्छा कमाया जा सकता है। वैसे भी शादी का मतलब सिर्फ लड़की से ही नहीं होता बल्कि इसमें उसके और लड़के के पूरे परिवार से होता है इसलिए इस करियर में विवाह की सारी व्यवस्थाएं आप पर होंगी और उसका पूरा प्रबंध भी आपको करना होगा लेकिन कलात्मक ढंग से। आपको विवाह के समय होने वाले सभी कार्यक्रमों की योजना बनानी होगी। साथ ही इसमें हो रहे खर्च का भी ध्यान रखना होगा। इसीलिए वेडिंग प्लानर को करियर का रूप देने के लिए सबसे पहले आपको अपने हुनर को और निखारना होगा। इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए अच्छी इंटरपर्सनल स्किल और सुव्यवस्थित ढंग से काम करना बहुत जरूरी है। शादियों में होने वाले कार्यक्रम और उनके अनुसार होने वाले काम की जानकारी होना जरूरी है। इसकी जानकरी आप पढ़ाई करके भी ले सकती हैं। लेकिन अगर आप खुद सीखना चाहती हैं तो शादियों में मदद कर, ब्राइडल शो देखकर, शादियों की पत्रिकाएं पढ़कर सीख सकती हैं। अपना एक पोट फोंलियो बनाएं ताकि आप लोगों को अपनी कला का सही ढंग से विवरण दे सकें।

अगर आप अपना बिजनेस खोलना चाहती हैं तो पहले आप किसी वेडिंग इंडस्ट्री में नौकरी करें। इससे आपके तजुर्बे के साथ-साथ संपर्क भी बनेंगे। वैसे भी वेडिंग प्लानर को प्लान करने होटल, चर्च, कंट्री क्लब, मंदिर, हॉल आदि जगहों पर बुलाया जाता है। आजकल वेडिंग प्लानर कई तरह की सर्विस और पैकेजिंग के ऑफर देते हैं जिनमें वे सक्षम हैं। उदाहरण के तौर पर कुछ दूल्हा और दुल्हन से ही बात करते हैं जो अपनी शादी खुद प्लान करते हैं, कुछ प्लानर 'डेस्टीनेशन वेडिंग' प्लान करते हैं किसी क्रूज पर आदि। इसलिए बिजनेस खोलने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आप किस प्रकार की सर्विस ऑफर करना चाहेंगी। इसके अलावा शादियों में जरूरी सेवाएं देने वालों से भी संपर्क बनाएं रखें जैसे गाड़ी, म्यूजिशियन, फोटोग्राफर, पार्टी सप्लाई कंपनी आदि। इससे आपको काम करवाने में आसानी रहेगी। अपने क्लाइंट बनाने के लिए बिजनेस कार्ड या ब्रोशर ब्राइडल शॉप, फ्लोरिस्ट, फोटोग्राफर आदि के पास भी रखें ताकि वे भी आपकी सर्विस के बारे में औरों को बता सकें। इसके अलावा अपनी सर्विस की मार्केटिंग करने के लिए विज्ञापन, नेटवर्किंग या इंटरनेट के जरिए भी कर सकती हैं। सफलता पाने के लिए नए तरीके अपनाने में भी रुचि रखें। वैसे अगर आपकी इच्छाशक्ति है तो आप अपने करियर में सफलता पा सकती हैं।

## फाइनेंस के सेक्टर में अच्छी संभावनाएं




वित्तीय मामलों में ज्यादातर आंकड़ों का खेल होता है। इसलिए एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए जरूरी है कि आपको फाइनेंस की भाषा की अच्छी समझ हो। फाइनेंस के सेक्टर में हो रहे विकास के कारण आज इस क्षेत्र में करियर की काफी अच्छी संभावनाएं हैं।

**फाइनेंशियल एडवाइजर का काम** : अपने ग्राहकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उपयोगी सलाह देने का काम फाइनेंशियल एडवाइजर करते हैं। इनका काम अपने ग्राहकों को निवेश, बीमा, बचत योजनाओं, कर्ज आदि के बारे में सही सलाह देना होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा और कम से कम नुकसान हो।

**क्वालिफिकेशन** : फाइनेंस सेक्टर में करियर बनाने के लिए आप कैट एग्जाम के जरिए भारत के किसी भी अच्छे कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। वैसे, पहले केवल कॉमर्स के छात्र ही इस क्षेत्र में भविष्य बनाते थे, लेकिन इसके बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी (मैथ-बायो), बीए, बीबीए और बीई के छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आप चाहें तो एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फाइनेंस, मास्टर्स इन कमोडिटी एक्सचेंज आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं।

**नौकरी के अवसर** : फाइनेंशियल एडवाइजर किसी कंपनी में अकाउंटेंट, ऑडिटर, इकोनॉमिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन ऑफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यु एजेंट आदि के तौर पर काम कर सकते हैं। फाइनेंस में ग्रेजुएशन करने के बाद आप किसी वित्तीय अखबार, पत्रिका आदि में संवाददाता और वित्तीय विश्लेषक के रूप में काम कर सकते हैं। बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन, कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्युचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स को नियुक्त करती है। विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर्स की मांग काफी ज्यादा है। प्रोफेशनल चाहें, तो इंटरनेशनल फाइनेंसिंग कंपनी, लैंडिंग एंड बॉरोइंग, मल्टी करेंसी ट्रेडिंग आदि फाइनेंशियल कंपनियों में नौकरी की तलाश कर सकते हैं।

**सैलरी वॉच** : फाइनेंशियल एडवाइजर के तौर पर करियर की शुरुआत करने पर ज्यादातर कंपनियां सैलरी के साथ-साथ कमीशन भी देती है। वैसे, शुरुआती दौर में सैलरी 10 हजार से 40 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। अनुभवी प्रोफेशनल्स की सैलरी 1.5 से 2 लाख रुपये प्रति माह तक हो सकती है।

# टॉय डिजाइनिंग में संवारें करियर

के खुशी

**खि**लौने सभी बच्चों को बेहद पसंद होते हैं। ये सिर्फ खेलने के नजरिये से नहीं बल्कि उनके मानसिक विकास में भी मदद करते हैं। वैसे भी आजकल बाजार में इतने नये-नये खिलौने आ गये हैं कि कई बार लेने से पहले सोचना पड़ता है। कहते हैं अपने अंदर का बच्चा कभी न मरने दें और खिलौनों की दुनिया का यह नया स्वरूप खिलौने के निर्माण में कॅरियर की भी ढेरों संभावनाएं पैदा करता है। टॉय डिजाइनर का काम खिलौनों से बच्चों का मनोरंजन तो हो ही, साथ ही, ऐसे खिलौने बनाना भी है जिनसे बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षा भी मिले।

टॉय डिजाइनिंग में दो चीजें हैं- एक क्रिएटिविटी और दूसरा बच्चों की क्षमता को समझना, जिससे बच्चे खेलें भी और उन्हें नई चीजें सीखने का मौका भी मिले। खिलौने भी दो प्रकार के होते हैं- एक जिनसे बच्चे कुछ सीखते हैं और जिसे परिवार के साथ भी खेला जा सकता है, दूसरा सिर्फ मौज-मस्ती के लिए। पुराने समय में खिलौने प्राकृतिक चीजों से बनते थे जैसे लकड़ी, पत्थर या मिट्टी लेकिन आजकल यह प्लास्टिक, फर और अन्य कृत्रिम पदार्थ। टॉय डिजाइनर खिलौनों को डिजाइन करते हैं और फिर बनाते हैं। उनका काम शुरू होता है ड्रॉइंग, स्केचिंग या कंप्यूटर से मॉडल तैयार करने से, फिर यह तय करना कि खिलौने का हर हिस्सा कैसे बनना है और फिर उसका एक नमूना तैयार करना। खिलौनों को बाजार में दो प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए रखा जाता है- एक तो बच्चे जो उनसे खेलते हैं और दूसरे उन ग्राहकों के लिए जो खिलौने एकत्रित करते हैं। गुड़िया से लेकर मैकेनिकल सेट, टॉय



डिजाइनर बोर्ड गेम्स, पजल्स, कंप्यूटर गेम्स, स्टफड एनिमल्स, रिमोट कंट्रोल कार, नवजात शिशु के लिए खिलौने आदि बनाते हैं। आजकल के दौर के हिसाब से खिलौने बनाने के लिए डिजाइनर को न केवल बाजार के ट्रेंड से अवगत रहना चाहिए बल्कि अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों की जरूरतों को भी पता होना चाहिए। इस कैरियर में ग्राफिक डिजाइन, मैकेनिकल ड्रॉइंग और कलर के चुनाव की जानकारी हो तो अच्छी सफलता प्राप्त हो सकती है। टॉय डिजाइनर बच्चों के विशेषज्ञ के साथ काम करते हैं जिससे उन्हें हर आयु के बच्चों की जरूरत का पता चलता है। उनकी सफलता अच्छे, मनोरंजक, कल्पनाशील और सुरक्षित खिलौने बनाने पर निर्भर करती है। इस कैरियर के लिए व्यापार और प्रबंधन क्षमता होना जरूरी है। इस कैरियर में विशिष्ट कोर्स कम हैं लेकिन ग्राफिक डिजाइन, इंडस्ट्रियल डिजाइन या कार्टूनिंग की जानकारी के साथ काम किया जा सकता है। इसमें कंप्यूटर की जानकारी होना जरूरी है। इसके अलावा, इंजीनियरिंग और मार्केटिंग में अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षक, विशेषज्ञ, साइकोलॉजिस्ट, इंजीनियर, आर्किटेक्ट और कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट भी टॉय डिजाइनिंग का कोर्स कर सकते हैं। इंजीनियरिंग का ज्ञान तकनीक द्वारा निर्मित खिलौने के लिए होना जरूरी है। शिक्षक, विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक हर आयु के बच्चों की जरूरतें आसानी से समझ सकते हैं इसलिए परामर्शदाता के तौर पर वह इस क्षेत्र में पैर जमाने में सक्षम हैं। कंप्यूटर साइंस ग्रेजुएट खिलौनों की सॉफ्टवेयर संबंधित कार्यात्मकता प्रदान कर सकते हैं।

कुछ टॉय डिजाइनर एजुकेशनल खिलौनों में भी विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं, कुछ सामान्य खिलौनों में या फिर कोई विशिष्ट क्षेत्र में कोर्स कर सकते हैं जैसे मॉडल मेकिंग, बोर्ड गेम्स, सॉफ्ट टॉय या पुराने खिलौनों की प्रतिकृति आदि। आजकल पालतू जानवरों के लिए खिलौने बनाना भी बढ़ती हुई इंडस्ट्री है। टॉय डिजाइनर अगर चाहें तो किसी कंपनी में भी काम कर सकते हैं या स्वतंत्र रूप से खिलौने भी बना सकते हैं। अगर चाहें तो अपनी मेनुफैक्चरिंग यूनिट भी खोल सकते हैं। टॉय डिजाइन पर किताब लिख सकते हैं या किसी इंस्टिट्यूट में बतौर शिक्षक भी नौकरी की जा सकती है। इसके अलावा, बतौर इंटीरियर डिजाइनर बच्चों के कमरे या प्ले स्कूल थीम बेस्ड टॉय का इस्तेमाल करके डिजाइन कर सकते हैं। टॉय डिजाइन कंस्लटेंट या इसमें फ्रीलांसिंग भी की जा सकती है। एक बार डिजाइनर के तौर पर अपने आपको स्थापित करने के बाद अवसरों और आय की कमी नहीं होगी। लेकिन इस कैरियर में सफलता आपकी रचनात्मकता पर निर्भर करती है।

■ **यहां से करें कोर्स**

1 नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद।

2 इंस्टीच्यूट ऑफ टॉय मेकिंग, कोलकाता।

# स्वामी विवेकानंद: पश्चिमी जगत को सनातन धर्म की विशिष्टता को लेकर शिक्षित किया

पंकज जगन्नाथ जयसवाल

स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा योगदान पश्चिमी जगत को सनातन धर्म के अंतर्गत दर्शन के सबसे प्रमुख अंग, अद्वैत वेदांत की गहनता और विशिष्टता से परिचित कराना था। उन्नीसवीं सदी के अंतिम दस वर्षों में पश्चिमी लोगों ने ईसाई धर्म पर संदेह करना शुरू कर दिया और पूर्वी ज्ञान की ओर रुख करने लगे। उसी काल में थियोसोफिकल सोसाइटी का उदय हुआ, जिसने धर्म और विज्ञान के उच्चतम मानकों को अपनाने का दावा किया। यह इतनी प्रसिद्ध हो गई कि इसके सदस्यों की सूची दुनिया के शीर्ष लोगों की सूची जैसी हो गई।

स्वामी विवेकानंद एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ विचारवंत और तर्कवादी भी थे। 1893 में शिकागो में प्रथम विश्व धर्म संसद में उन्होंने प्रतिष्ठित पश्चिमी श्रोताओं के समक्ष उत्कृष्ट भाषण दिया, जिसमें उन्होंने उपनिषदों की शिक्षाओं और भारतीय दर्शन की नींव के बारे में अपनी समझ का प्रदर्शन किया। श्रोताओं में से कई लोगों ने सोचा कि भारतीय दर्शन, वैज्ञानिक तर्कसंगतता का त्याग किए बिना, मानवता की परम सत्य की खोज का अंतिम समाधान प्रस्तुत करता है, क्योंकि उन्होंने अपने संदेश को, जो आध्यात्मिक और तार्किक दोनों था, कुशलता से व्यक्त किया।

स्वामी विवेकानंद की प्रमुख उपलब्धियों में से एक हिंदू धर्म को एक सच्ची पहचान, अपनापन और सम्पूर्णता प्रदान करना था। स्वामीजी के आगमन से पहले, कुछ ही संगठन थे, जो सभी एक-दूसरे पर प्रभुत्व का दावा करते थे और अनिवार्य रूप से स्वतंत्र थे। इनमें से किसी भी समूह के पास हिंदू धर्म की ठोस समझ का आधार नहीं था। भगिनी निवेदिता, स्वामी विवेकानंद के संपूर्ण कार्यों की प्रस्तावना में कहती हैं: ₹यह कहा जा सकता है कि धर्म संसद के समक्ष स्वामी का भाषण जब उन्होंने शुरू किया था, ₹हिंदुओं की धार्मिक अवधारणाओं₹ के बारे में था, लेकिन जब तक उन्होंने इसे समाप्त किया, तब तक हिंदू धर्म स्थापित हो चुका था।₹

पहली बार, स्वामी विवेकानंद ने दिखाया कि हिंदू धर्म के समग्र सिद्धांत सार्वभौमिक हैं। हिंदू धर्म का अनूठा स्वरूप इन्हीं मूल सिद्धांतों से निकला है। स्वामी विवेकानंद ने हिंदू धर्म की एकता और विशिष्टता का निर्माण किया। अमेरिका की यात्रा करने वाले पश्चिम के पहले हिंदू मिशनरी बनने, 1893 की धर्म संसद में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने और पश्चिम में हिंदू धर्म की शिक्षा देने के बाद, स्वामीजी हिंदू धर्म के एकीकरण के प्रतीक बन गए। उन्होंने हिंदू भाईचारे को प्रोत्साहित किया, लोगों को उनकी साझी विरासत की याद दिलाई और



अपने लेखन और प्रवचनों के माध्यम से हिंदू चेतना को उन्नत किया। स्वामीजी की बदौलत हिंदुओं में 'साझा समुदाय' की भावना विकसित हुई। विद्वान के. एम. पणिक्कर के अनुसार, इस नए शंकराचार्य को हिंदू सिद्धांत के एकीकरणकर्ता के रूप में देखा जा सकता है।

स्वामीजी की बदौलत हिंदू धर्म सक्रिय और वैश्विक बना। उन्होंने हिंदू समुदाय में एक मिशनरी भावना का संचार किया। उनकी कामना थी कि भारत की प्राचीन आध्यात्मिक शिक्षाओं से सभी प्रबुद्ध हों और उनका प्रसार पूरे विश्व में हो। उन्होंने कहा, ₹उठो भारत, और अपनी आध्यात्मिकता का उपयोग विश्व पर विजय पाने के लिए करो।₹

**अधिवेशन में संबोधन, शिकागो, 11 सितंबर 1893**

मुझे उस धर्म का हिस्सा होने पर गर्व है जिसने सभी को सहिष्णुता और स्वीकृति की शिक्षा दी है। सभी धर्मों को सत्य मानने के अलावा, हम सार्वभौमिक सहिष्णुता में भी विश्वास करते हैं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि मैं एक ऐसे धर्म का सदस्य हूँ जहाँ ₹ए७ू'४१ङ्गल्लर₹ शब्द का अनुवाद पवित्र भाषा संस्कृत में नहीं किया जा सकता। एक ऐसे राष्ट्र का हिस्सा होना, जिसने सभी देशों और धर्मों के शरणार्थियों और सताए गए लोगों को शरण दी है, मुझे गौरवान्वित करता है। मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि हमने अपने हृदय में उन पवित्रतम इस्राएलियों को समाहित किया है, जो उस वर्ष या वर्षों में दक्षिणी भारत में आकर हमारे साथ शरण ली थी जब रोमन अत्याचार ने उनके पवित्र मंदिर को नष्ट कर दिया था। मैं उस धर्म का हिस्सा बनकर गौरवान्वित हूँ, जिसने प्राचीन पारसी देश के अंतिम निवासियों की रक्षा की है और उनका समर्थन करना जारी रखा है।

स्वामी विवेकानंद ने 11 मार्च, 1898 को कलकत्ता के स्टार थिएटर में एक सभा की अध्यक्षता की, जिसमें सिस्टर निवेदिता (मिस एम. ई. नोबल) ने ₹इंग्लैंड में भारतीय आध्यात्मिक विचारों का प्रभाव₹ विषय पर एक व्याख्यान दिया। मिस नोबल का परिचय देने के लिए स्वामी विवेकानंद ने उठते हुए इस प्रकार कहा: पूर्वी एशिया की यात्रा के दौरान एक बात जो मुझे विशेष रूप से प्रभावित करती है, वह यह है कि इन देशों में भारतीय आध्यात्मिक अवधारणा कितनी व्यापक है। आप कल्पना ही कर सकते हैं कि चीन और जापान के मंदिरों की दीवारों पर कुछ प्रसिद्ध संस्कृत मंत्र लिखे देखकर मुझे कितना आश्चर्य हुआ होगा। शायद आपको यह जानकर और भी खुशी होगी कि वे सभी प्राचीन बंगाली लिपि में लिखे गए थे और वे आज भी हमारे बंगाली पूर्वजों के मिशनरी उत्साह और ऊर्जा के प्रमाण के रूप में मौजूद हैं।

भारतीय युवाओं को स्वामीजी के धर्म और राष्ट्र के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए गहराई से अभिव्यक्ति के लिए आगे आना चाहिए। स्वामीजी के हर शब्द ने हिंदू धर्म और उस राष्ट्र पर गर्व महसूस कराया जिसने विश्व को आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, और दीर्घकालिक विकास के लिए मानवता और पर्यावरणीय संतुलन विचारों के साथ प्रगति करने में मदद करने के लिए अद्भुत ज्ञान प्रदान किया।

# विश्व का तोरणद्वार है हिंदी




डा जंग बहादुर पाण्डेय

**किसी** देश की भाषा केवल उस देश की अभिव्यक्ति का माध्यम ही नहीं होती,अपितु उस देश की अस्मिता का बोधक हुआ करती है। हिन्दी भारत की केवल राष्ट्रभाषा और राजभाषा ही नहीं है,अपितु यह भारतवर्ष की अस्मिता का बोधक है। यह भारत मां के ललाट की बिंदी है।इस पर हमें नाज और ताज है इसीलिए कहा गया है कि:-

***कोटि कोटि कंठो की भाषा, जन-मन की मुखरित अभिलाषा। हिंदी है पहचान हमारी, हिन्दी हम सबकी परिभाषा।***

हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में विदेशों में जाने का अवसर मुझे अनेक बार मिला है। 2009 में मारीशस जाने का अवसर मिला वहां भारतवंशियों की संख्या अधिक है और वहां की राष्ट्र भाषा भोजपुरी है। मारीशस के महात्मा गांधी विश्वविद्यालय में हिंदी का अध्ययन अध्यापन विधिवत होता है। मारीशस की राजधानी पोर्ट लुई में तीन बार विश्व हिंदी सम्मेलन हुआ- दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन 1976 में, चौथा 1993 में और एकादश 2018 में पोर्ट लुई में आयोजित हुआ। मारीशस के लोग भोजपुरी और हिंदी से अगाध प्रेम करते हैं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के कण कण में व्याप्त है। इसी लिए राष्ट्र कवि दिनकर ने मारीशस को हिंदी महासागर का छोटा सा हिंदुस्तान कहा है। 2010 में उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद जाने का सुअवसर प्राप्त हुआ। वहां भी हिंदी अध्ययन अध्यापन सीमित पैमाने पर होता है। ताशकंद (पहाड़ों पत्थरों का शहर) की प्राकृतिक शोभा न्यारी ओर चित्ताकर्षक है। 2013 में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद नयी दिल्ली के सौजन्य से हिंदी अध्यापन के लिए अतिथि प्राध्यापक के रुप में जर्मनी के जोहांसगुटेन वर्ग विश्वविद्यालय माइंस में एक सत्र के लिए जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जर्मनी में कुल 16 विश्वविद्यालय हैं, जिनमें 14 में किसी न किसी रूप में हिंदी का अध्ययन अध्यापन होता है, हालांकि विद्यार्थियों की संख्या प्रत्येक विश्वविद्यालय में 40-50 से अधिक नहीं है। लेकिन जर्मनी के लोग हिंदी सीखना चाहते हैं- यह हिंदी के लिए गौरव का संदर्भ है।इसी प्रकार थाईलैंड के




शिल्पाकान विश्वविद्यालय, सिंगापुर के सिंगापुर विश्वविद्यालय और विश्व के सर्वाधिक खुशहाल देश फिनलैंड के हेलसिंकी विश्वविद्यालय में भी जाने का अवसर मिला और हिंदी की सेवा की। हेलसिंकी विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डा मिक्को वीता माक्की का हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति जो अनुराग , निष्ठा और समर्पण है,उसे भुला पाना मेरे लिए असंभव है ।उनकी अतिथि सेवा भी काबिले तारीफ है।

**अब तक वैश्विक स्तर पर 12 विश्व हिंदी सम्मेलन** : प्रथम सम्मेलन-10-12 जनवरी,1975-नागपुर, भारत। द्वितीय सम्मेलन-28-30 अगस्त,1976-पोर्टलुई, मारीशस। तृतीय सम्मेलन-28-30 अक्टूबर,1983-नई दिल्ली, भारत। चतुर्थ सम्मेलन-2-4 दिसंबर,1993-पोर्टलुई,मारीशस। पंचम सम्मेलन-4-8 अप्रैल,1996-पोर्ट आफ स्पेन, त्रिनिदाद एंड टोबेगो। छठा सम्मेलन-14-18 सितबंर 1999 लंदन। सप्तम सम्मेलन-6-9 जून 2003 पारामारिबो,सूरीनाम। अष्टम सम्मेलन-13-15 जुलाई,2007-न्यूयॉर्क। नवम 22-24 सितंबर, 2012 जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका। दशम 10-12 सितंबर,2015-भोपाल। एकादश सम्मेलन-18-20 अगस्त 2018 पोर्टलुई, मारीशस। द्वादश सम्मेलन 15-17 फरवरी 2023-नादी,फिजी। ये सभी सम्मेलन इस बात के साक्षी हैं कि हिंदी केवल राष्ट्रीय क्षितिज पर ही नहीं अपितु अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर भी अपना परचम फहरा रही है।

वह दिन दूर नहीं जब हिंदी संयुक्त राष्ट्र संघ की 7 वीं अधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकृत होगी। अभी संयुक्त राष्ट्र संघ में सिफी 6 भाषाएं -अंग्रेजी, चीनी,रूसी, फ्रेंच, स्पेनिश और अरबी को अधिकारिक रुप में मान्यता प्राप्त हैं। कविवर डा उमा शंकर चतुर्वेदी कंचन ने अपने हिंदी खण्ड काव्य में ठीक ही लिखा है...

***केश है, कंघा है, कच्छा, कड़ा, सिख धर्म के हाथ कटार है हिंदी। बात करो दिन रात जहां मन, चाहे बेतार का तार है हिंदी। पूजा से पूर्व पुरोहित हाथ, सजाई हुई यह थार है हिंदी। संस्कृति और संस्कार लिए हुई, विश्व का तोरण द्वार है हिंदी।***

12 वां विश्व हिंदी सम्मेलन फिजी के नादी शहर में 15,16 और 17 फरवरी 2023 को आयोजित हुआ। फिजी भारत की राजधानी दिल्ली से लगभग 21000 हजार किलोमीटर दूर प्रशांत महासागर का एक द्वीप है ।यह 300 द्वीपों का एक समूह है। जहां 1879 में अंग्रेज भारतियों को ईख के खेतों में काम करने के लिए ले गये थे। उन्हें गिरमिटिया मजदूर कहा जाता था। फिजी की राजधानी सुआ है,जो एक खूबसूरत शहर है। फिजी के नादी शहर के शेरेटन होटल में आयोजित हिन्दी सम्मेलन का थीम था- हिंदी पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम मेधा तक। इसका उद्घाटन भारत के विदेश मंत्री डा एस.जयशंकर और फीजी गणराज्य के राष्ट्रपति रातू विल्यम कटोनिवेरे ने किया। राष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिक फिजी के निर्माण में भारतवंशियों का बहुत बड़ा योगदान है ,हम इसे भुला नहीं सकते। वहीं डा एस.जयशंकर ने कहा कि हमें इस बात का हर्ष है कि 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन का आतिथ्य फिजी कर रहा है। यह हमारे दीर्घकालिक संबंधों को आगे बढ़ाने का सुअवसर है। हिंदी फिजी में द्वितीय राजभाषा है-यह प्रसन्नता का संदर्भ है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व विदेश मंत्री डा एस. जयशंकर ने किया।इस प्रतिनिधि मंडल में विदेश राज्य मंत्री वी.मुरलीधरन और गृहराज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के साथ साथ झारखंड की राज्य सभा सांसद डा.महुआ माजी के अलावे भारत के 10 सांसदों ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की। भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में झारखंड से पत्रकार आशुतोष चतुर्वेदी, रांची विवि के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डा जे बी पाण्डेय, राज्य सभा सांसद सह साहित्यकार डा महुआ मांजी, जमशेदपुर के साहित्यकार जयनंदन, जामताड़ा के हिंदी शिक्षक सह कवि डा अरुण कुमार वर्मा ने अपनी सहभागिता प्रदान कर इस 12 वे विश्व हिंदी सम्मेलन को सार्थकता प्रदान अंतिम दिन वैश्विक मंगल की कामना से पूर्णाहुति हुई:-

*सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित् दुख भाग्भवेत।।*

**(पूर्व अध्यक्ष हिन्दी विभाग, रांची विश्वविद्यालय, रांची)**

# बेड़ो के सेमरा गांव में पांच दिवसीय फुटबॉल का समापन

**खेल हमें अनुशासन, टीम वर्क और जीत के लिए कड़ी मेहनत करना सिखाता है : सन्नी टोप्पो**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त करते सन्नी टोप्पो।


खिलाड़ियों और आयोजन समिति के सदस्यों के साथ भाजपा नेता।

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो पंचायत के सेमरा गांव में सरना युवा क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय खस्सी सह प्राइज मनी फुटबॉल प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ। इस रोमांचक प्रतियोगिता का फाइनल मैच देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में उमड़ पड़े। समापन समारोह के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो थे, जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर मैच का विधिवत शुभारंभ किया। फाइनल मुकाबले में सिंह ब्रदर्स जय मसीह क्लब गिरजा टोली लोयो बनाम एस के ब्रदर्स के बीच खेला गया जिसमें लोयो की टीम ने ट्राई ब्रेकर में एस के ब्रदर्स को 4/3 से हराकर किताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में सरना क्लब डुमर झरिया ने किताब अपने नाम किया, दूसरे स्थान पर फुटबॉल एफ सी सेमरा रही। सभी टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन तालमेल और दमखम देखने को मिला। मैच के दौरान कई रोमांचक क्षण आये, जिससे दर्शक अपनी सीटों से खड़े होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। सन्नी टोप्पो ने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल हमें अनुशासन, टीम वर्क और जीत के लिए कड़ी मेहनत करना सिखाता है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए सरना युवा क्लब के सदस्यों ने अथक प्रयास किया। इस प्रतियोगिता में आसपास के कई गांवों की टीमों ने भाग लिया, जिससे यह आयोजन और भी भव्य हो गया। टूर्नामेंट के दौरान खेल प्रेमियों को हर दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसने इस प्रतियोगिता को यादगार बना दिया। समापन समारोह में विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुखिया नीरज कुजूर, उपमुखिया विजय उरांव, पूर्व पंसस सुभाष उरांव, पहान सुकरा उरांव,पनभरा चारों उरांव, कोटवार गदरा उरांव, सुका महतो, जतरू महतो, पूर्व मुखिया कुबा पहान, बलराम सिंह, महादेव कुजूर, आनंद साहू, गणेश पहान एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सरना युवा क्लब ने सभी अतिथियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह प्रतियोगिता सफल हो पाई। इस सफल आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया, बल्कि गांव में खेल के प्रति उत्साह को भी बढ़ाया।

## बीसीकेयू (सीटू) की बैठक में रैयत ग्रामीणों का साथ मिला, हर हाल में 18 को खदान बंद होगी



**खलारी।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के बैनर तले जेहलीटांड अंजुमन के सदर हाजी रऊफ साहब की अध्यक्षता व संचालन तौहीद अंसारी ने किया। बैठक में नौ सूत्री मांगों को लेकर 18 सितंबर को के,डी,एच खदान के काम को बंद कराने को लेकर विशेष रूप से चर्चा किया गया। इस बैठक में बंदी का समर्थन करते हुए रैयत ग्रामीणों ने कहा की सीसीएल हमलोग की जल, जंगल, जमीन को उजाड़ रही, हमलोग खदान के बगल में रह रहे हैं, ना हमलोग को पीने का पानी मिल रहा है, खदान से उड़ने वाली डस्ट से हमलोग बीमार हो रहे हैं, और परेशान हैं, खदान में ब्लास्टिंग होने के कारण हमलोग के घर में दरार पड़ गया है, इसलिए 18 को हमलोग खदान के काम को हर हाल में बंद करेंगे, जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। मौके पर जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, क्षेत्रीय सचिव इरफान खान, अमर भोगता, निर्मला उरांव, नांदो देवी, भारती देवी, मानो देवी, लक्ष्मी देवी, वीणा देवी, मुनिया देवी, आशीष शर्मा, रजीदा खातून, वाजिद अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, जुनैद आलम, मुस्तरी बेगम,अर्जुन गंझू,ललिता देवी,सोनू कुमार साव,सुखारी उरांव, पर्याग साव, जगनारायण साव, अर्जुन सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## समर्पणदीप बीएड कॉलेज में मना हिंदी दिवस

**कई प्रतियोगितायें आयोजित**
**प्रतिभागी किये गये पुरस्कृत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


समारोह का उद्घाटन करते प्राचार्य डॉ डी महतो।

**रातू (रांची)।** प्रखंड के उषामातु स्थित समर्पणदीप बीएड कॉलेज में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। इसका उद्घाटन प्राचार्य डॉ दशरथ महतो ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। सचिव एनके गुप्ता आदि ने भी अपनी बातें रखी। उन्होंने विद्यार्थियों को राजभाषा के प्रति जागरूक करते हुये इसके संवर्द्धन पर जोर दिया। समारोह के दौरान कई प्रतियोगितायें भी हुई। पूजा कुमारी, साक्षी कुमारी व ममता कुल्लू ने कविता पाठ की। खुशबू कुमारी, संतोषी मिन्ज, निष्ठा तिग्गा, रेशमा कुल्लू व अंशु तिर्की ने हिंदी में भाषण दिये। ममता तिग्गा, रंजन कुमारी, प्रियांका कुमारी, रेणु एक्का व सावित्री कुमारी ने निबंध में हिस्सा लिया।

खुशबू कुमारी, श्रद्धा टोप्पो, नीलम तिर्की, रुथ मिंज व ताजयब खातून ने श्लोगन व पोस्टर तथा अंशु तिर्की व श्रद्धा टोप्पो की अगुआई में छात्र-छात्रा प्रश्नोत्तरी में भाग लिये। गीत-नृत्य का भी दौर चला। प्रबंधन की ओर से प्रतिभागी पुरस्कृत किये गये। संचालन बरखा उरांव, सुजाता मिंज, संगीता खलखो व पुपेन टोप्पो ने किया। जबकि, धन्यवाद ज्ञापन डॉ आनंद कुमार भगत ने दिया।

**कार्यक्रम में थे शामिल**

डॉ नमिता साहू, डॉ मधु रंजन, डॉ कुमारी कुसुम लता, शैलेश कुमार दास, अंकित कुमार व अंकिता कुमारी समेत शिक्षक-शिक्षिका, गैर-शिक्षण कर्मचारी, प्रबंधन समिति के सदस्य और दर्जनों छात्र-छात्रायें आदि। इन्होंने कार्यक्रम को यादगार बनाने की कोशिश की और लोगों को हिंदी के प्रति प्रेरित किया।

## ग्रामीणों ने पैसों व सामानों से भरा बैग पुलिस को सौंपा

**बेड़ो।** ग्रामीणों ने रांची गुमला मुख्य मार्ग पर शनिवार को बेड़ो थाना क्षेत्र के हाठू गांव के समीप गिरा हुआ एक लेदर बैग पाया। जिसे ग्रामीणों ने बेड़ो थाना को सौंप दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने बताया कि ब्राउन रंग के लैदर बैग में लैपटॉप, मोबाईल फोन व 25 हजार रुपए आदि सामान भरे थे। इधर सूचना मिलने पर बैग के मालिक सह खड़िया पड़ा गुमला निवासी मोहम्मद सागर आलम बेड़ो थाना पहुंचे। जिसे बेड़ो पुलिस ने उन्हें सौंप दिया। मोहम्मद सागर आलम का यह बैग गुमला से रांची जाने के क्रम में गिरा था। वहीं ग्रामीणों की मानवता व पुलिस प्रशासन के सहयोग की लोगों ने सराहना किया। मौके पर दुकानदार, ग्रामीण एएसआई अक्षय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

# बोड़ेया पंचायत भवन में आयोजित अर्थसूत्र संवाद में ग्रामीणों के साथ हाईस्कूल के बच्चे हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** बोड़ेया के पंचायत भवन में आयोजित अर्थसूत्र संवाद में साईबर डीएसपी श्रीनिवास ने साईबर ठगी से बचाव के तरीके बताये। उन्होंने कहा कि इन दिनों साइबर फ्रॉड की घटनाएं बढ़ गई है। ऐसे में सावधानी ही एकमात्र उपाय है जिसके जरिए इस तरह के फ्रॉड से बचा जा सकता है। किसी के साथ भी बैंक खाते की जुड़ी जानकारी नहीं शेयर करें। साथ ही अंजान मैसेज को फॉलो नहीं करना है और फर्जी लिंक्स पर बिलकुल क्लिक नहीं करना है। साईबर ठग फर्जी लिंक शेयर करते हैं जैसे ही लिंक पर क्लिक करेंगे खाता खाली हो जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन बजाज फाइनेंस लिमिटेड के द्वारा किया गया था। जिसमें स्थानीय लोगों के अलावा बोड़ेया हाईस्कूल के बच्चे भी शामिल हुये। बोड़ेया पंचायत के मुखिया सोमा उरांव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में साइबर पुलिस स्टेशन इंस्पेक्टर पंकज कुमार ने कहा कि धोखाधड़ी करने वाले आपको लालच देते हैं। रातोंरात दोगुनी राशि होने का वादा करते हैं, लेकिन आपको लालच में नहीं आना है। अपने धन की रक्षा के लिए बैंकिंग सबसे सुरक्षित स्थान है। बैंक जायें और खाते को सुरक्षित तरीके से संचालित करें। किसी एसएमएस पर भरोसा न करें। हाइ स्कूल के प्राचार्य आनंद कुमार मिंज ने कहा कि दुनिया में पैसे कमाने का कोई शॉर्ट कट रास्ता नहीं है। इसलिए किसी भी तरह के प्रलोभन से बचे एवं पैसे की बचत की आदत डालें, जिससे भविष्य को बेहतर बनाया जा सके। बजाज फाइनेंस का 'अर्थसूत्र संवाद' एक व्यापक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इसका मूल उद्देश्य व्यक्तिगत वित्त को सरल बनाना है ताकि लोग आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ सूझबूझ भरे निर्णय ले सकें। कार्यशालाओं, संवाद सत्रों और सामुदायिक चर्चाओं के माध्यम से 'अर्थसूत्र संवाद' कार्यक्रम बचत के महत्व, आपातकालीन वित्तीय सुरक्षा, जिम्मेदार उधारी, और आम धोखाधड़ी-ऑनलाइन या व्यक्तिगत-से बचाव जैसे विषयों को कवर करता है। मौके पर साइबर थाने से इंस्पेक्टर आकाश कुमार सिंह, संतु महतो, उप मुखिया, रजनी, पंचायत सचिव, प्रमिला, वार्ड सदस्य आदि मौजूद थे।

## ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत


दुर्घटना के बाद सड़क पर लोगों की भीड़।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के गुड्डू पांचा के पास हुई एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ततरिया टोली निवासी ननकु महतो का 42 वर्षीय बेटा प्रदीप महतो के रूप में किया गया है। शनिवार रात लगभग आठ बजे हुई दुर्घटना के संबंध में बातया गया कि युवक अपने बाइक से किसी काम से गुड्डू चैक गया था। वहां से लौटने के दौरान जैसे ही ततरिया टोला जाने वाले रोड पर गया। सामने से आ रही एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे युवक सड़क गिर गया। जिसे कुचलते हुए चालक वाहन लेकर फरार हो गया। जानकारी होते हुए घटना स्थल पर लोगों की भीड़ हो गई। वहीं युवक की मौत से गुस्साए लोगों द्वारा सिकिदिरी ओरमांझी पथ को जाम कर दिया। वहीं ओरमांझी थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच गई थी। समाचार लिखे पुलिस द्वारा लोगों का समझा-बुझाकर सड़क जाम हटवाने का प्रयास कर रही थी।

# नहाय खाय के साथ शुरू हो गया जिउतिया पर्व

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बेड़ो महावीर चौक में सब्जी खरीदते ग्रामीण।

**बेड़ो।** पुत्र के दीघार्यु, सुरक्षा व मंगल कामना के लिये माताओं द्वारा मनाया जाने वाला जिउतिया पर्व शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। पर्व को लेकर शनिवार को महावीर चौक में सब्जी,पूजन एवं खाद्य सामग्री की लोगों ने खूब खरीददारी की। वहीं महिलाएं विधि विधान के साथ पूजा की तैयारी में जुट रही। पर्व को लेकर महावीर चौक में काफी भीड़ देखी गई है। खासकर सब्जी व फलों के दुकानों पर खरीददारी को लेकर लोगों की भीड़ लगी रही। पर्व की समाप्ति सोमवार को व्रती माताओं द्वारा पारण कर किया जायेगा। हिंदू परंपरा के अनुरुप पुरातन काल से ही माताओं द्वारा जिउतिया पर्व का व्रत धारण किया जाता है। सप्तमी को नहाय-खाय के साथ तीन दिवसीय जिउतिया पर्व का अनुष्ठान प्रारंभ हो जाता है। रात्रि में जितवाहन पूजा अर्चना संपूर्ण भक्ति भाव के साथ की जाती है। इस अवसर पर दुध-दही,केला, मिठाई आदि प्रसाद के रुप में झींगली (सब्जी) के लत के तीन पत्तों पर जिसमें एक में जितवाहन भगवान, दूसरे पर चिल्हों व तीसरे पर सियारों को थोड़ा थोड़ा प्रसाद निकालकर चढ़ाया जाता है और पुत्रों के दीघार्यु होने की कामना के लिये संपूर्ण भक्ति भाव के साथ पूजा- अर्चना करने के बाद व्रती मातायें प्रसाद के रुप में उक्त खाद्य सामग्री का भोजन करती है।दूसरे दिन अष्टमी को दिन व रात उपवास करने के बाद नवमी तिथि को पारण कर व्रत तोड़ती है। नहाय खाय के दिन स्नान के बाद भोजन में मरुआ की रोटी, सत्पुतिया की सब्जी,नोनी साग, आदि की विशेष प्रधानता है।

## सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने की खुशी में मिठाई बांटी



**अनगड़ा।** भाजपा ओबीसी मोर्चा ग्रामीण के जिला अध्यक्ष नरेश साहू ने पार्टी के निदेर्शानुसार सीबी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति बनने पर अनगड़ा के दुकानदारों तथा व्यवासियों को मिठाई बांटकर तथा खिलाकर खुशी व्यक्त किया श्री साहू के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता-2025 का सफल आयोजन संपन्न



**अनगड़ा।** प्रखंड मुख्यालय मैदान अनगड़ा में 10 से 13 सितंबर तक चार दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल कूद प्रतियोगिता उत्साहपूर्ण माहौल में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में अंडर-14-17 एवं 19 आयु वर्ग के बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया तथा अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खेलो प्रतियोगिता मे फूटबॉल अंडर 14 आयु वर्ग में रामाउवि लैप्सर विजेता रामउवि सिमलिया उपविजेता बना खोखो में रामवि चिलदाग विजेता तथा रामाउवि उप विजेता बना। वालिका वर्ग में कगॉबावि अनगड़ा विजेता तथा रामवि मसरी जारा उप विजेता बना कबड्डी अंडर 14 वर्ग में राउउवि राजाडेरा विजेता तथा रामवि चिलदाग उप विजेता बना अंडर 14 वालिका वर्ग कबड्डी में रामवि हेसला बेडा विजेता तथा राउमवि मसरी जारा उप विजेता बना कबड्डी अंडर 17 आयु वर्ग में एसएस प्लस टू उवि चिलदाग विजेता तथा राउउवि गेतलसूद उपविजेता बना कबड्डी अंडर17 बालिका वर्ग में एसएस प्लस टू उवि चिलदाग बिजेता तथा कगांवावि अनगड़ा उप विजेता बना खोखो 17 आयु वर्ग में एसएस प्लस टू उवि चिलदाग विजेता तथा उ्प्लस टू उवि राजाडेरा उप विजेता बना वालीबॉल अंडर 17 वालक वर्ग गउवि गेतलसूद विजेता उ प्लस टू गउवि राजाडेरा उप विजेता बना पदक जितने वाले अंडर 14 आयु वर्ग में संदीप राय, राजेश कुमार, दीपा कुमारी, अनजन करमाली, गुंजन कुमारी, अमित बेदिया, मोनिका कुमारी, रोहित मुण्डा, गणेश मिश्रा, विनीता कुमारी, सुखदेव मुंडा अंडर 17 आयु वर्ग में सोएब अंसारी, रौशनी कुमारी, मनीष कुमार महतो, खुशबू कुमारी, फूलमनी कुमारी, अर्जुन मुण्डा, प्रियांशु करमाली, सीमा कुमारी, रचित लोहरा, पल्लवी खलखो, सागर करमाली, अंडर 19 आयु वर्ग में गोविन्द वेदिया, सुचिता कुमारी, सूरज महतो, मनीषा कुमारी, ललिता कुमारी, नितेश मुंडा सहित कई खिलाड़ियों ने पदक अर्जित किये। कार्यक्रम का उद्घाटन अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद सदस्य राजेंद्र साही मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय एवं पूर्व मुखिया राजेश पाहन (हेसातू) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मैचों का संचालन व आयोजन बीपीओ पंकज तिर्की, शारीरिक शिक्षक विवेक कुमार, प्रदीप महतो, रतनी तिर्की, सोनी अधिकारी, तसिया नाग, तथा अन्य शिक्षक नौशाद, दीपक, दिलीप, जयवीर, अरविन्द, भीम, अजय, दीलेश्वर, सहदेव, महेंद्र, रंथू, दिनेश, विकास, जैकी, परमेश्वर और सीताराम के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल, हेसल में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया


शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है: सन्नी टोप्पो

**मांडर।** लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल, हेसल में शनिवार को शिक्षक दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। सन्नी टोप्पो ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन और आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों को उनके निस्वार्थ समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिसमें कविता पाठ, प्रेरणादायक भाषण और नृत्य नाटिकाएं शामिल थीं। उन्होंने अपने शिक्षकों को उपहार भी भेंट किये। स्कूल के निदेशक संजय गोप ने सभी शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें स्कूल के सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे। यह कार्यक्रम शिक्षकों के सम्मान और छात्रों को अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण था।

# शिक्षिका की प्रताड़ना से परेशान है छात्र

**शिक्षिका संचिता टोपनो छात्रों को शारीरिक व मानसिक रूप के करती हैं प्रताड़ित**

**जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिख गुहार लगाई, कहा शिक्षिका की प्रताड़ना से परेशान हैं हम सभी छात्र**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


विद्यालय में परेशान छात्र-छात्राएं।


ककरिया एस एस प्लस टू हाई स्कूल।

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के ककरिया एस एस+2 हाई स्कूल के दर्जनों छात्र छात्राओं ने स्कूल की अंग्रेजी शिक्षिका संचिता टोपनो पर प्रताड़ना समेत कई प्रकार का आरोप लगाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के नाम पत्र लिखा है। जिसमें छात्र छात्राओं ने कहा है कि संचिता टोपनो छात्रों के साथ शारीरिक व मानसिक रूप के प्रताड़ित करती है। छात्रों ने कहा शिक्षिका हमारे साथ बेवजह का मारपीट व गाली गलौज करती है, साथ ही परीक्षा में कम नंबर देने व टीसी देकर स्कूल से निकाल देने की भी धमकी देती है। इसके अलावा शिक्षक दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को बीच में बंद करा दिया। इसके अलावा कुछ दिन पहले करम पूजा के दौरान मेंहदी लगाकर आए छात्राओं को स्कूल से घर के लिए वापस भेज दिया था। इस दौरान शिक्षिका ने कहा था कोई छात्र बिंदी, मेंहदी लगाकर स्कूल नहीं आएगी। इसपर जब छात्राओं ने कहा कि करम पूजा था तो शिक्षिका ने छात्रों को गली गलौज करने लगी। छात्रों ने कहा हमारी मांग है कि शिक्षिका संचिता टोपनो के ऊपर उचित कार्रवाई किया जाए अन्यथा हम सभी छात्रों उमजबूरन स्कूल त्यागना पड़ेगा। इस संबंध में अपने अभिभावकों को बताए जाने के बाद अभिभावक व प्रबंध समिति के सदस्यों ने विद्यालय में बैठक कर शिक्षिका को जल्द से जल्द हटाने की मांग की है। जिसमें कृष्ण नायक, बलिराम, दुर्गा महतो, रानीक तिर्की, पालो मुंडा, दिलमोहन जैसवाल, संजय साहू, महादेव लोहरा, रांथू मुंडा, जोसेफ उरांव के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# एसबी इंटर कॉलेज छोटे पौधे से अब ले रहा बटवृक्ष का आकार

**एसबी इंटर कालेज व जेपीएस का स्थापना दिवस समारोह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


छात्र को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।


समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।


कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के लोगों की भीड़।

**ओरमांझी।** प्रखंड के एसबी इंटर कॉलेज व झारखंड पब्लिक स्कूल मनातु ओरमांझी का 15वीं स्थापना दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल छात्राओं द्वारा आपरेश सिंदूर का नाटय प्रस्तुत कर देश के सेना व वीर जवानों की प्राक्रम का दिखाया गया। वहीं छोटी बच्चियां झारखंड की आदिवासी संस्कृति को बताया। इसके अलावे अलग-अलग ग्रुप में छात्राओं ने विभिन्न प्रदेश के लोक नृत्य प्रस्तुत किए। बेटियों पर हो रही अत्याचार, एसिड ऐटेक, घरेलू हिंसा आदि पर अधारित छात्राओं की मार्मिक नाटय प्रस्तुति देख लोग भवुक हुये, वहीं छोटे बच्चों की हास्य नाटय प्रस्तुती ने लोगों को खुब हंसाया व मनोरंज किया। दिल्ली से पहुंचे समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय इंजिनीरिंग सेवा (आइइएस) अधिकारी सुबोध कुमार ने कार्यक्रम व कंप्युटर कक्षा का उद्घाटन किया। वहीं स्कूल-कालेज के टापर व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होने लायब्रेरी के लिए बूक व दस कंप्युटर देने की घोषणा किया। उन्होने संस्थान व छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को सराहना करते हुये, कहा आज सुदूरवर्ती गांव के बच्चों को झारखंड पब्लिक स्कूल व एसबी इंटर कालेज में बेहतर शिक्षा मिल रही है। शिक्षा का उदेश्य सिर्फ नौकरी नहीं, चरित्र का निर्माण भी होना चाहिए। उन्होने कहा शिक्षित युवा से शिक्षित समाज निर्माण, और शिक्षित समाज से ही राष्ट्र विकसित होगी। उन्होने राज्यपाल के हांथों झारखंड आईकॉन पाने वाले संस्थान के निदेशक विरेंद्र वंशवार की भी सरहाना की और कहा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। 15 वर्ष पूर्व लगाया गया एक छोटा सा पौधा, धिरे-धिरे बटबृक्ष का आकर लेता जा रहा है। वहीं निदेशक बिरेंद्र वंशवार ने बताया, मुख्य अतिथि द्वारा दर्जनो गरीब छात्र-छात्राओं को भविष्य निर्माण में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनकी मदद से सुमीत ठाकुर आइएएस, गीता कुमारी, संदीप कुमार व सरिता कुमारी ने बी.टेक किया है। वहीं कॉलेज के दो छात्रा को पढ़ाई के लिए गोद लेने पर अभार जताया, और कहा विद्यालय आदिवासी बाहूल क्षेत्र में हैं। यहां पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चों के माता पिता मजदूरी करते हुए अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यही कारण है कि विद्यालय में पढ़ने वालें बच्चों से काफी कम शुल्क ली जाती है। वहीं प्राचार्य डॉ. संजय कुमार कहा गांव के बच्चों को बेहतरर शिक्षा नही मिल पाती है। बच्चों के साथ क्षेत्र की भी भविष्य बेहतर बनाने का प्रयास की जा रही है। कार्यक्रम में जिप सदस्य सरिता देवी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, संजय मुंडा, दिगंबर महतो, झारखंड के नागपुरी फिल्म अभिनेत्री वर्षा व कलाकार सौरभ कुमार विक्की, राजकिशोर महतो, आंदन कुमार, ग्रामप्रधान जलेश्वर मुंडा, कलेश्वर मुंडा, रामलखन महतो, कुंती देवी, सुमित्रा बंसवार, बंशीधर महतो, नागेंद्र महतो, सागर महतो, मनीष कुमार, रजनी कुमारी, मंजु कुमारी, प्रमिला कुमारी, विद्या महली, सुमित्रा कुमारी, शिक्षक शिक्षिकाएं व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

# बायकॉट की मांग के बीच पाकिस्तान के खिलाफ उतरेगा भारत

## एक बार फिर भारत-पाकिस्तान मैच की मेजबानी करेगा दुबई




मैच भारतीय समयानुसार रात 8:00 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस शाम 7:30 बजे होगा।

एजेंसी

**दुबई।** पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच का बहिष्कार करने की मांग के बीच भारतीय टीम रविवार को अपना विजयी अभियान जारी रखने उतरेगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहली बार होगा जब भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलती नजर आयेंगी। इस मैच को लेकर विरोध के स्वर भी उठ रहे हैं, लेकिन दोनों देशों के खिलाड़ी मैदान पर एक दूसरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। भारत और पाकिस्तान दोनों ने ही एशिया कप में अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ की है।

### मैच को लेकर उत्साह में दिख रही कमी

चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में रिकॉर्ड को देखते हुए भारत का पलड़ा भारी है। दिलचस्प बात यह है कि फैंस के बीच इस बार इस मैच को लेकर उत्साह थोड़ा कम दिखाई दे रहा है। दरअसल, अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से सैन्य अभियान चलाया था जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद बढ़ गया था। इसे लेकर ही मैच का बहिष्कार करने की मांग उठी है। मैच के हजारों टिकट अब भी उपलब्ध हैं और शुक्रवार को भारत के अभ्यास सत्र में बहुत कम दर्शक पहुंचे। मैच को लेकर पहले की तरह उत्साह भी गायब है। सोशल मीडिया पर अपील की जा रही है कि भारत इस मैच का बहिष्कार करे जिससे कोई नहीं जानता कि कितने बीसीसीआइ अधिकारी रविवार को मैच देखने पहुंचेंगे, वर्ना दोनों देशों के बीच मैच के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद रहते थे।

## बुमराह और अफरीदी में टी20 में कौन किससे बेहतर






### टी20 क्रिकेट में यॉर्कर किंग जसप्रीत बुमराह का रिकॉर्ड

भारतीय टीम के यॉर्कर किंग जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के लिए अब तक कुल 70 टी20 मैच खेल चुके हैं। इन 70 मैचों में बुमराह ने 17.75 की औसत से अब तक कुल 90 विकेट अपने नाम किए हैं। इस फॉर्मेट में बुमराह का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7 रन देकर 3 विकेट लेने का है। वहीं टी20 एशिया कप की बात करें तो बुमराह ने अब तक कुल 6 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 7 विकेट लिए। एशिया कप के ओवर ऑल टी20 फॉर्मेट में पाकिस्तान के खिलाफ बुमराह ने 4 मैचों 5 विकेट अपने नाम किये हैं।

### कैसा है शाहीन अफरीदी का रिकॉर्ड

शाहीन अफरीदी पाकिस्तान के लिए अब तक कुल 86 टी20 मैचों में मैदान पर उतरे हैं। इन मुकाबलों में उनके नाम 109 विकेट है। टी20 में अफरीदी के विकेट लेने का औसत 22.13 है। वहीं उनका सर्वश्रेष्ठ बॉलिंग 33 रन देकर 4 विकेट लेने का है। टी20 एशिया कप की बात करें तो शाहीन ने अपना पहला मैच इसी बार ओमान के खिलाफ खेला, जिसमें उन्होंने 1 विकेट लिए हैं। इसके अलावा भारत के खिलाफ शाहीन ने कुल 3 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उनके नाम 4 विकेट है। ऐसे में अगर दोनों गेंदबाजों की तुलना करें तो शाहीन बेश ओवरऑल प्रदर्शन में बुमराह से आगे हैं। लेकिन एशिया कप और एक-दूसरे के खिलाफ बुमराह उनसे बेहतर हैं।



### इस साल दूसरी बार होगी भिड़ंत

आमतौर पर भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के लिए फैंस को इंतजार रहता है। इस वर्ष दूसरी बार होगा जब भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे के खिलाफ होंगी। इससे पहले इस साल की शुरूआत में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी दोनों देशों के बीच मुकाबला हुआ था। दिलचस्प बात है कि पिछली बार भी भारत और पाकिस्तान दुबई में खेली थी और एक बार फिर यह मैदान इस महामुकाबले की मेजबानी के लिए तैयार है।

### दोनों टीम इस प्रकार है

**भारत:** शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), संजू सैमसन, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।

**पाकिस्तान:** सैम अयूब, साहिबजादा फरहान, मोहम्मद हारिस, फखर जमां, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, सुफियान मुकीम, अबरार अहमद।

### भारत का बल्लेबाजी क्रम मजबूत

पाकिस्तान को गेंदबाजी से ज्यादा भारत का बल्लेबाजी क्रम चिंतित करेगा। गिल, अभिषेक, संजू सैमसन, सूर्यकुमार, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अगर चल जाएं तो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ा सकते हैं। ऑलराउंडरों की बात करें तो फहीम अशरफ की हार्दिक से कोई तुलना ही नहीं है। भारत के लिए आदर्श बल्लेबाजी लाइन-अप का पता लगाना ही अहम होगा। संजू सैमसन और दुबे का बल्लेबाजी क्रम में स्थान महत्वपूर्ण होगा। यूएई के खिलाफ मैच से पहले सैमसन का एकादश से बाहर रहना तय माना जा रहा था, लेकिन टीम प्रबंधन ने जितेश शर्मा की जगह सैमसन के अनुभव को तरजीह दी थी। जितेश पाकिस्तान के खिलाफ इसकी उम्मीद कम है।

# इंग्लैंड ने रचा इतिहास, टी20 में 300 का आंकड़ा पार करने वाली तीसरी टीम बनी

## इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को दूसरे टी20 में 146 रनों से हराया



**टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वोच्च स्कोर बनाने वाली टीमें**

| स्कोर | टीम | बनाम | स्थान | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 344/4 | जिम्बाब्वे | गाम्बिया | नैरोबी | 2024 |
| 314/3 | नेपाल | मंगोलिया | हांगझोऊ | 2023 |
| 304/2 | इंग्लैंड | द. अफ्रीका | मैनचेस्टर | 2025 |
| 297/6 | भारत | बांग्लादेश | हैदराबाद | 2024 |
| 286/5 | जिम्बाब्वे | सेशेल्स | नैरोबी | 2024 |

एजेंसी

**मैनचेस्टर।** फिल सॉल्ट और जोस बटलर की शतकीय साझेदारी के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 146 रनों से हराया। इंग्लैंड ने इस मैच में दमदार प्रदर्शन किया और वह टी20 में 300 रन बनाने वाली तीसरी टीम बन गई। इंग्लैंड पहला पूर्णकालिक सदस्य देश है जिसने फटाफट क्रिकेट में 300 रनों का आंकड़ा पार किया। इंग्लैंड ने इस धमाकेदार जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी हासिल कर ली है। दक्षिण अफ्रीका ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्योता दिया, लेकिन सॉल्ट और बटलर की जोड़ी ने टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई जिससे इंग्लैंड 20 ओवर में दो विकेट पर 304 रन बनाने में सफल रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम 16.1 ओवर में 158 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड का टी20 में यह सर्वोच्च स्कोर है और वह नेपाल तथा जिम्बाब्वे के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 300 रन बनाने वाला तीसरा देश बन गया। हालांकि, आइसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देशों में अब तक कोई ऐसा नहीं कर सका है और इंग्लैंड पहली पूर्णकालिक सदस्य टीम है जिसने टी20 में 300 रन बनाये हैं। इंग्लैंड ने इस मामले में भारतीय टीम को पीछे छोड़ा जिसके नाम टी20 में छह विकेट पर 297 रन बनाने का रिकॉर्ड था। इंग्लैंड के लिए सॉल्ट और बटलर ने पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। बटलर 30 गेंदों पर आठ चौकों और सात छक्कों की मदद से 83 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सॉल्ट ने जैकब बेथेल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी की। बेथेल 14 गेंदों पर 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। सॉल्ट फिर भी टिके रहे और शतक लगाने में कामयाब रहे। उनका साथ देने कप्तान हैरी ब्रूक उतरे और दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 83 रनों की अविजित साझेदारी कर डाली। सॉल्ट 60 गेंदों पर 15 चौकों और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 141 और ब्रूक 21 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**अबू धाबी।** एशिया कप 2025 के 5वें मुकाबले में श्रीलंकाई टीम ने बांग्लादेश को बुरी तरह रौंद दिया है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की टीम ने बोर्ड पर 139 रन बनाये थे। जवाब में श्रीलंका की टीम ने आसानी से 3 विकेट खोकर इस टारगेट को 14.4 ओवर में चेज कर लिया और मैच को 6 विकेट से जीत लिया। बांग्लादेश की ये इस साल के एशिया कप में पहली हार है, वहीं श्रीलंकाई टीम पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रही है।



### श्रीलंका के गेंदबाजों का कमाल

शमीम हुसैन (नाबाद 42) और जाकिर अली ( नाबाद 41) की पारियों के दम पर बांग्लादेश ने श्रीलंका के खिलाफ शनिवार को एशिया कप ग्रुप बी के मैच में शुरूआती झटकों से उबरते हुए पांच विकेट पर 139 रन बनाये। एक समय बांग्लादेश का स्कोर पांच विकेट पर 54 रन था। इसके बाद शमीम और जाकिर ने छठे विकेट के लिये 86 रन की नाबाद साझेदारी की।

### पहले दो ओवर में दो विकेट

श्रीलंका ने शुरूआती दो विकेट उस समय ले लिए जब स्कोर बोर्ड पर एक भी रन नहीं टंगा था। इसके बाद से बांग्लादेश की टीम लगातार दबाव में रही। नुवान तुषारा ने पहले ओवर में तंजीद हसन तमीम (0) को आउट किया जबकि दूसरे ओवर में दुष्मंता चामीरा ने परवेज इमोन (0) को पवेलियन भेजा। पांचवें ओवर में डीप स्क्वेयर लेग से कामिल मिशारा के सटीक थ्रो पर तौहीद हृदय (आठ) रन आउट हो गए। पावरप्ले के आखिरी ओवर में लिटन दास (28) ने दासुन शनाका को तीन चौके लगाए।

### हसरंगा ने किया कमाल

श्रीलंका के लिए लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा ने 25 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने मेहदी हसन (नौ) को पहले पगबाधा आउट किया। जाकिर दसवें ओवर में बाल बाल बचे जब एक गुगली पर वह चकमा खा गए और गेंद आफ स्टम्प पर जा लगी। लाल बत्ती जरूर जल गई लेकिन गिल्लियां नहीं गिरने से वह बच गये। हसरंगा ने इसके एक गेंद बाद दास को 28 के स्कोर पर विकेट के पीछे लपकवाया। गेंद को स्वीप करने के प्रयास में वह विकेटकीपर कुसल मेंडिस को कैच दे बैठे। इसके बाद शमीम और जाकिर ने सूझबूझ के साथ खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

### आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप की तैयारियों का आगाज करेगा भारत

**न्यू चंडीगढ।** 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप से पहले भारत रविवार को न्यू चंडीगढ़ में आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज का आगाज करेगा। पहले दोनों मुकाबले न्यू चंडीगढ़ में ही खेले जाने हैं जबकि सीरीज का अंतिम मुकाबला 20 सितंबर को दिल्ली में खेला जायेगा। भारतीय दल ने इस सीरीज से पहले विशाखापट्टनम में अभ्यास शिविर में भाग लिया था। हालांकि इस सीरीज से पहले भारत को एक बड़ा झटका यास्तिका भाटिया के रूप में लगा, जो चोटिल होने के चलते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के साथ ही विश्व कप से भी बाहर हो गईं। भाटिया के विकल्प के तौर पर दल में उमा छेत्री को टीम में जगह दी गई है।

### मीनाक्षी, जैस्मीन, नूपुर ने फाइनल में प्रवेश किया

**लिवरपूल।** मीनाक्षी (महिला 48 किग्रा), जैस्मीन लैम्बोरिया (महिला 57 किग्रा) और नूपुर (महिला 80 किग्रा) ने अपने-अपने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए कई स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद जगा दी। मीनाक्षी ने मंगोलिया की अल्तांत्सेत्सेग लुत्सेखान को 5:0 से हराया, जैस्मीन ने वेनेजुएला की ओमेलिन कैरोलिना अल्काला सेगोविया को 5:0 से हराया और नूपुर ने तुर्की की सेयमा दुज्तास को कड़ी टक्कर दी।

### भारतीय हॉकी टीम ने जापान से ड्रॉ खेला



**हांगझाऊ (चीन)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने महिला एशिया कप 2025 में जापान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-1 से ड्रॉ खेला। अगर चीन, कोरिया को हरा देता है या तीन गोल से कम अंतर से हार से बचता है, तो भारत महिला टीम एशिया कप 2025 के फाइनल में पहुंच जायेगी। भारत के लिए ब्यूटी डुंग डुंग ने (सातवें मिनट) में शुरूआती गोल किया, जबकि शिहो कोबायाकावा ने (58वें मिनट) ने जापानी टीम के लिए बराबरी का गोल दागा।

### ईशा ने महिलाओं की एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण



**निंगबो।** ओलंपियन और मौजूदा मिश्रित टीम पिस्टल विश्व चैंपियन ईशा सिंह ने अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप राइफल/पिस्टल, निंगबो (चीन) में शानदार प्रदर्शन करते हुये महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर भारत को प्रतियोगिता का पहला पदक दिलाया। निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में हुए फाइनल में ईशा ने मेजबान चीन की पसंदीदा और फॉर्म में चल रही याओ चियानसुन को मात्र 0.1 अंकों से पछाड़ा। वहीं, इस स्पर्धा की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन कोरिया की ओ येजिन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पहली बार विश्व कप एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण जीतने के बाद ईशा ने कहा, मैं बहुत खुश हूं क्योंकि एयर पिस्टल वही स्पर्धा है जिससे मैंने शूटिंग की शुरूआत की थी। इसमें विश्व कप स्वर्ण जीतना मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। मेरे कुछ लक्ष्य पूरे होते देख अच्छा लग रहा है।

### तृतीय सदभावना कप फुटबाल प्रतियोगिता-2025



- खेलगांव व कुल्ही के बीच फाइनल
- होगा बालिक का फाइन व बालक का सेफा व फानल आज

**ओरमांझी।** बारीडीह मैदान ओरमांझी में खेला जा रहा तृतीय सदभावना कप फुटबाल प्रतियोगिता का फाइन मैच रविवार को होगा। ग्राम बारीडीह के तत्वाधान में आयोजित बालक व बालिकाओं का अलग-अलग मुकाबले में शनिवार को बालिकाओं का सेमीफाइनल मैच खेला गया। पहला मैच यूवा एफसी कुल्ही एंव एफसी नगड़ी कांके बीच खेला गया। जिसमें कुल्ही की युवा टीम 1-0 विजयी रही, विमेन ऑफ दी मैच निशा कुमारी को मिला। वहीं दूसरे मैच में स्टार वारियर चरदी एंव जेएफएफपीएफ खेलगांव के बीच खेला गया। जिसमें जेएफएफपीएफ की टीम 1-0 से विजयी रही। विजेता टीम की चांदनी कुमारी विमेन ऑफ दी मैच हुई। दोनो विजेता टीम का फाइनल के साथ बालकों का सेमीफाइनल व फाइनल मैच भी रविवार को होगा। इसकी जानारी दते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष विनेश पाहन ने बताया फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व विषिष्ट अतिथि विधायक राजेश कच्छप के अलावा क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि व अन्य अतिथि उपस्थित रहेगें। वहीं सेमी फाइनल मैच में जेएलकेएम के नेता बिनोद बिहारी व बेबी महतो, बादल नायक, रणधीर कुमार महतो सहित कई लोग उपस्थित थें।

# फाइनल में पहुंचे सात्विक-चिराग, सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की जोड़ी को हराया

एजेंसी



**हांगकांग।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शनिवार को सीधे गेम में जीत के साथ हांगकांग ओपन सुपर 500 के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विश्व की 9वें नंबर की जोड़ी ने चीनी ताइपे के बिंग-वेई लिन और चेन चेंग कुआन को 21-17, 21-15 से हराकर छह सेमीफाइनल में मिली हार के बाद सत्र के अपने पहले फाइनल में जगह बनायी। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी का सामना फाइनल में चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग और चीनी ताइपे के फैंग-चिह ली और फैंग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। सात्विक और चिराग के लिए, यह परिणाम एक और फाइनल मुकाबले की ओर कदम बढ़ाने से कहीं बढ़कर है। यह एक कठिन वर्ष के बाद एक रोमांचक वापसी का प्रतीक है जिसने उनके शरीर और मनोबल दोनों की कड़ी परीक्षा ली थी। भारतीय जोड़ी ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था और साइना नेहवाल और पीवी सिंधु के बाद इस प्रतियोगिता में एक से अधिक पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय जोड़ी बन गयी। सात्विक ओलंपिक के बाद के महीनों पीठ और कोहनी की चोटों से जूझते रहे और फरवरी में उनके पिता का हृदयाघात से निधन हो जाने के बाद उन्हें व्यक्तिगत रूप से एक बड़ी त्रासदी का सामना करना पड़ा। चिकनपॉक्स के कारण उनकी वापसी फिर से रुक गई। चिराग भी बार-बार पीठ की चोट से जूझते रहे, जिससे यह जोड़ी लय और परिणाम दोनों खो बैठी। इसलिए, शनिवार की जीत, फॉर्म के साथ-साथ लचीलेपन का भी प्रमाण थी, जिसने उस भूख की झलक पेश की जिसने उन्हें कभी विश्व मंच पर भारतीय युगल में अग्रणी बनाया था।

### सेन फाइनल में, स्वर्ण से एक जीत दूर




**हांगकांग।** भारत के लिए शनिवार को दोहरी खुशी का दिन रहा जब लक्ष्य सेन ली-निंग हांगकांग ओपन 2025 के फाइनल में पहुंच गये, जहां उनका सामना दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीन के ली शी फेंग से होगा। सेन ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को 56 मिनट में 23-21, 22-20 से सीधे गेम में हराकर दो साल में पहली बार फाइनल में जगह बनाई। 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी शी फेंग पर 7-6 की बढ़त बनाये हुये हैं, जिससे फाइनल और भी रोमांचक हो गया है।

# दुमका : राष्ट्रीय लोक अदालत में 11808 केस का निष्पादन कर 59 करोड़ से अधिक की हुई वसूली





खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौता से 11808 वादों का निपटारा करते हुए 59 करोड़ से अधिक की राशि की वसूली हुई। लोक अदालत झालसा, रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सुधांशु कुमार शशि के निर्देश पर आयोजित हुई। इस बावत प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि लोक अदालत में कुल सात बेंचों का गठन किया गया है। जिसमें बेंच नंबर-1 से फैमली जज योगेश्वर मनी, अधिवक्ता विद्यापति झा एवं संगीता कुमारी उपस्थित रहे। बेंच नंबर दो से डीजे वन शत्रुंजय कुमार सिंह, अधिवक्ता सूर्य प्रकाश एवं विक्रमादित्य पांडे उपस्थित हुए। बेंच नंबर तीन से डीजे टू प्रकाश झा, अधिवक्ता नीरज कुमार दीक्षित एवं राधे मंत्री उपस्थित हुए। बेंच नंबर चार से एसीजेएम राजेश श्रीवास्तव, अधिवक्ता धर्मवीर मिश्रा एवं जयंत कुमार सिन्हा उपस्थित हुए। बेंच नंबर 5 से सीनियर सिविल जज वॉटर भेंगरा, अधिवक्ता वरुण कुमार सिंह एवं दिनेश कुमार मेहारिया उपस्थित हुए। बेंच नंबर 6 से जेएम वन नेहा झा, कार्यपालक दंडाधिकारी विनीत कुमार, अधिवक्ता अरुणादित्य पांडे उपस्थित हुए। बेंच नंबर 7 से जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य नीलमणि मराण्डी, अधिवक्ता जयकांत प्रसाद यादव एवं प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित हुए। लोक अदालत मे मुख्य रूप से पारिवारिक वाद, दुर्घटना वाद, लैंड एक्विजिशन आदि शामिल है। इस प्रकार कुल सात बेंचों से 11808 वादों का समझौते के आधार पर निष्पादन करते हुए कुल 59,17,97,342 रुपए की राशि का समझौता हुआ।

# बोकारो : जैन मिलन केंद्र में क्षमा याचना दिवस और विश्व मैत्री दिवस का हुआ आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जैन मिलन केंद्र बोकारो में पर्युषण पर्व की पूर्णाहुति के अवसर पर जैन धर्म से जुड़े लोगों ने संयुक्त रूप से क्षमा याचना दिवस एवं विश्व मैत्री दिवस का आयोजन किया। मौके पर जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद एवं सचिव आलोक जैन ने कहा कि क्षमा याचना दिवस केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए नहीं बल्कि पूरे मानव समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। क्षमा से बड़ा कोई धर्म नहीं और क्षमा मांगना कमजोरी नहीं-आत्मबल का प्रतीक व आत्म-उन्नति और आत्मचिंतन की दिशा में उठाया गया साहसिक कदम है।

इस अवसर पर तपस्या करने वाले तपस्वीयों को श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर बहुमान किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील बैद ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमल सांधवी सुभाष जैन विपुल मेहता चंदन बांठिया अंकित जैन का विशेष योगदान रहा। मौके पर तेरापंथ युवक परिषद द्वारा 17 सितंबर को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया जिसके संयोजक चंदन बांठिया ने कहा कि यह रक्तदान शिविर थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए समर्पित किया जाएगा। प्रकाश कोठारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम में जयचंद बांठिया सुरेंद्र जैन पीयूष जैन विमल जैन शांतिलाल लोढ़ा डॉ महेंद्र जैन केतन मेहता अनिमेष जैन अशोक बांठिया विमल सेठ किरण बाटविया आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक कर दुमका डीसी ने दिये कई महत्वपूर्ण निर्देश

दुमका। समाहरणालय स्थित अपने कक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीसी दुमका अभिजीत सिन्हा ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले के सभी शिक्षक अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करेंगे। जानकारी दी गई कि वर्तमान में 21 शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं। डीसी ने ऐसे शिक्षकों को चिह्नित कर स्पष्टीकरण पूछने एवं कार्रवाई करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक जय गुरुजी ऐप पर पाठ्यक्रम की स्थिति अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। जो शिक्षक ऐसा नहीं कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक एवं बच्चों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित करने की पहल की जाएगी। डीसी ने निर्देश दिया कि जन चेतना केंद्र के माध्यम से सुदूर एवं पिछड़े क्षेत्रों में एडल्ट एजुकेशन नियमित रूप से चलाया जाए, ताकि लोगों को हस्ताक्षर करने से लेकर आवश्यक जीवनोपयोगी ज्ञान मिल सके। उन्होंने मिड डे मील योजना में बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं मानक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले किताब, नोटबुक, बैग आदि का शत-प्रतिशत वितरण बच्चों के बीच सुनिश्चित करने को कहा। सभी विद्यालयों में फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल आयोजित करने का भी निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रत्येक माह न्यूनतम 12 विद्यालयों का निरीक्षण करेंगे। कम निरीक्षण करने वाले पदाधिकारियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।बीआरपी एवं सीआरपी भी विद्यालय का निरीक्षण प्रत्येक माह करेंगे।इसके अलावा, सीआरपी के कार्यों की रैंडम जांच एवं शिक्षकों की उपस्थिति की वीडियो कॉल मॉनिटरिंग भी की जाएगी। बैठक में जन्म प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल एवं तेज करने, प्रखंड स्तर पर आधार निर्माण कार्य में तेजी लाने, जर्जर विद्यालय भवनों की सूची तैयार कर उन्हें ध्वस्त करने तथा हाइवे किनारे स्थित विद्यालयों में चारदीवारी अथवा कांटेदार तार लगाने की दिशा में भी निर्देश दिए गए। डीसी ने स्पष्ट कहा कि राज्य द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में जिले की स्थिति पीछे रहना बर्दाशत नहीं किया जाएगा। सभी प्रभाग प्रभारी अपने-अपने कार्यों में तेजी लाएं। इस अवसर पर डीडीसी अनिकेत सचान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवेश कुमार सिन्हा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक, विभाष चंद्र महतो, रंजन डॉन, सुबल चंद्र कपूर, सूरज पांडे, तारक नाथ, एस्थर मुर्मू सहित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेशानुसार कोर्ट परिक्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया



बेरमो। को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा के आदेशानुसार तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत कोर्ट परिसर, विभिन्न कार्यालयों एवं कैम्प-2 एरिया की जांच की गई, जिसमे कुल 4 व्यक्तियों द्वारा तम्बाकू खाते हुए पाया गया जिन्हें कोटपा कानून उल्लघंग की स्थिति में अर्थदण्ड के रूप में कुल 520 रुपए की चालान किया गया। जिला परामर्शी मो असलम ने बताया कि कोटपा संशोधन अधिनियम 2021 की धारा 6 बी के तहत कोई भी व्यक्ति/दुकानदार कोर्ट परिसर, कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में तम्बाकू उत्पाद का उपयोग एवं बिक्री नही कर सकता है और न ही किसी भी व्यक्ति द्वारा तम्बाकू उत्पाद खा कर परिसर में थूक सकता है। किसी भी व्यक्ति व कर्मी द्वारा ऐसा करते हुए पाया गया तो उन्हे दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सिटी थाना के एसआई के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

### विधायक आलोक पहुंचे सरसा जोल उच्च विद्यालय



शिकारीपाड़ा। विधायक आलोक कुमार सोरेन क्षेत्र भ्रमण के क्रम में दुमका जिले के शिकारीपाडा के उच्च विद्यालय सारसाजेल, शिकारीपाडा पहुंचे। जहां छात्र छात्राओं ने आदिवासी रीति रिवाज से उनका सवागत किया। विद्यालय परिसर में विधायक ने एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण किया। साथ ही सभी विद्यार्थी को मन लगाकर पढ़ने को कहा और बताया कि भविष्य में अच्छे कार्य करने के लिए अभी ध्यान दे। और अपना समय बर्बाद ना करें करें अच्छे से शिक्षा ग्रहण करें। ताकि आपलोग अपने गुरु, माता पिता, विद्यालय और देश का नाम रौशन करें।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक असीम कुमार मंडल, शिक्षक मुकेश पाल, तुषार कांत मंडल, उमेश, सुशील मंडल हाराधन मंडल बिपत तारण मंडल छात्र-गोरंगो मंडल, राणा मंडल, बापी पल, श्री कांत मिर्धा, आशीष मिर्धा, विक्रम राणा, दमशल मरांडी, छात्रा-मोनिका मंडल, तनुश्री मंडल, रुमा कुमारी, ज्योति कुमारी, अष्टमी कुमारी, सलोनी मुर्मू, रुपा, स्टेनशिला सोरेन, मीना मरांडी, शिफाली सोरेन छात्राएं उपस्थित थे।

### ऊपरघाट के गोनियाटो में विधायक ने पांच सड़क का किया शिलान्यास



बोकारो थर्मल। नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट स्थित गोनियाटो पंचायत में पांच सड़कों का शिलान्यास डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने किया।जो मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नौ करोड़ की लागत से निर्मित होगा। गोनियाटो मेला टांड़ से झलकियों भाया परसाबेडा तक,गोनियाटो से परसाखेड़ा तक, गोनियाटो स्कूल से बांधेखुटा तक व तेलीटोला से गोर्वधन साव के घर तक सडक सुदृढ़ीकरण व पीसीसी होगा। शिलान्यास कार्यक्रम के बाद गोनियाटो मेला टांड़ में सभा का आयोजन किया गया।सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हर समय तत्पर रहुंगा।यदि किसी प्रकार की समस्या रहे तो बेहिचक बताए शीघ्र समाधान किया जाएगा। विधायक के पैर फैक्चर होने से प्लास्टर कराकर शिलान्यास करने पहुंचे। मौके पर जेएलकेएम के जिला सचिव खगेंद्र महतो, नावाडीह प्रखंड अध्यक्ष देवनारायण महतो, संतोष कुमार महतो, विकास कुमार महतो, नारायण महतो,रमेश मुर्मू, लालचंद हेम्ब्रम, संजय कुमार महतो, सीताराम सोरेन,कमलेश महतो,दीपक साव, दिनेश कुमार महतो, राहुल महतो, दीपनारायण महतो सहित कई थे।

### सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी का समय पर हो पेंशन निर्धारण : संजय कुमार चौबे




बेरमो। सीसीएल मुख्यालय, रांची दरभंगा हाउस से आई पेंशन टीम ने शनिवार को बीएडके क्षेत्र के करगली आफिसर्स क्लब में क्षेत्रीय व परियोजना कार्मिक अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीसीएल मुख्यालय एचओडी संजय कुमार चौबे ने कहा कि सतर्कता केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि हमारी कार्य-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनाएं। यहां चौबे ने कहा कि किसी भी मजदूर की पेंशन के निर्धारण में अनावश्यक विलंब मुख्यालय के लिए परेशानी का सबब है। लिहाजा पेंशन निर्धारण ससमय करने की जरूरत है। साथ ही साथ पेंशन प्रक्रिया की तकनीकी पक्ष की जानकारी भी दी। कहा कि जिन सेवानिवृत्त सीसीएल कर्मी की 2 प्रतिशत राशि काटी गई है और यदि वे सीएमपीएफ के सदस्य नहीं है, उसके भी भुगतान के लिए कई क्षेत्र से आवेदन आ रहे हैं। इस पर सीसीएल कंपनी गंभीर है। इसका भी निदान जल्द निकाल लिया जायेगा। यहां पेंशन से संबंधित कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की व कई तरह के निर्देश दिये गये। मौके पर बीएडके क्षेत्र के एसओपी विनय रंजन टुडु, पर्सनल अधिकारी पी एन सिंह, नोडल ऑफिसर श्रीमती प्रेक्षा मिश्रा असिस्टेंट मैनेजर एचआर आर पी यादव, मैनेजर सीसीएल कर्मी मनोज महतो, सत्यनारायण कुमार, अनिल सिंह, सचिन कुमार, किशोर अंबष्ट, अजय कुमार मंडल, गोपाल चंद्र मंडल आदि उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक में डीडीसी हुई सख्त



बोकारो। समाहरणालय सभागार में डीडीसी शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में लापरवाह अधिकारियों को सख्त लहजे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरूआत से ही डीडीसी ने सख्त तेवर दिखाए। कई प्रखंडों के एमओआईसी के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने सिविल सर्जन को तत्काल निर्देश दिया कि सभी अनुपस्थित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाए। डीडीसी ने गर्भवती महिलाओं की एंटीनेटल केयर जांच की धीमी प्रगति पर भी असंतोष व्यक्त किया। ममता वाहन सेवा में हो रही अवैध वसूली पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने इस संबंध में फ्लेक्स होर्डिंग लगाने का भी निर्देश दिया गया है। डीडीसी ने बोकारो जिले को संस्थागत प्रसव में राज्य के शीर्ष तीन जिलों में शामिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा। बैठक में यक्ष्मा स्क्रीनिंग के लिए एक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिले के एमटीसी और मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की भी गहन समीक्षा की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ एबी प्रसाद अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एनपी सिंह जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ रेणु भारती एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह विश्व स्वास्थ्य संगठन के जिला समन्वयक प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो: आदि कर्मयोगी अभियान की सफलता के लिए लिया संकल्प



बोकारो। आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों- चास चंदनकियारी जरीडीह बेरमो पेटरवार गोमिया चंद्रपुरा नावाडीह और कसमार में आयोजित ब्लॉक प्रोसेस लैब कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न स्तरों पर समन्वय स्थापित कर संस्थाओं को अधिक सशक्त और प्रभावी बनाना था। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित बीडीओ ब्लॉक लेवल मास्टर ट्रेनर पंचायत कर्मी शिक्षक आंगनबाड़ी सेविका और संबंधित विभागों के पदाधिकारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी प्रतिभागियों ने ग्राम स्तर पर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने और योजनाओं को जनहितकारी बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान चिन्हित आदिवासी गांवों के सर्वांगीण विकास पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि विभागीय समन्वय और जनभागीदारी से विकास कार्यों की गति को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। ब्लॉक प्रोसेस लैब के उपरांत विलेज वर्कशॉप और विलेज विजन एंड एक्शन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करने पर विशेष बल दिया गया।

### जनता को भूख मिटाने को आटा चाहिए, डाटा नहीं : पंकज मिश्र



बोकारो। जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने केंद्र और राज्य सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा है कि जनता को आटा चाहिए जबकि सरकार उन्हें डाटा देती है। उन्होंने कहा कि पेट की भूख आटा मिटाती है- डाटा नहीं। मिश्र ने सरकार की व्यवस्था को जनता में आक्रोश पैदा करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को नेपाल और बांग्लादेश में उत्पन्न स्थितियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश जनता दल समाज के युवा वर्ग में इस तरह के हिंसक व्यवहार का समर्थन नहीं करता लेकिन बढ़ते भ्रष्टाचार और अमीर-गरीब के बीच लगातार बढ़ रहे फासले पर जरूर चिंतित है। श्री मिश्र ने कहा कि यह लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की सोच को जीवंत करने का अनुकूल समय है। उन्होंने सरकार से अपेक्षा की कि वह जनता को मौलिक अधिकार देकर समरस समाज की स्थापना करे। अंत में कहा कि सरकार को जीएसटी जीडीपी और पर कैपिटा इनकम का डाटा समझाने के बजाय भूख मिटाने के लिए आटा और रोजगार की व्यवस्था करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

### बोकारो : मनरेगा में रिक्त पदों पर प्रतीक्षा सूची से होगी नियुक्ति

बोकारो। उपायुक्त अजय नाथ झा ने मनरेगा नियुक्ति समिति की बैठक में रिक्त पड़े पदों को प्रतीक्षा सूची से भरने का निर्णय लिया। यह बैठक पूर्व में 8 अभ्यर्थियों की नियुक्ति रद्द होने और 3 अभ्यर्थियों के इस्तीफा देने के कारण खाली हुए पदों को भरने के लिए की गई थी। उपायुक्त ने सभी सदस्यों से सहमति के बाद प्रतीक्षा सूची से कुल 9 अभ्यर्थियों- 6 कनीय अभियंता 2 सहायक अभियंता और 1 प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की नियुक्ति का निर्देश दिया। हालांकि 2 पद अभी भी रिक्त हैं क्योंकि संबंधित श्रेणी में कोई भी उम्मीदवार प्रतीक्षा सूची में नहीं है।

# शिक्षकों व अभिभावकों के सामूहिक प्रयास से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव : गोड्डा डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** डीसी अंजली यादव ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस गर्ल्स, गोड्डा एवं मॉडल स्कूल,गोड्डा का शनिवार को निरीक्षण किया। डीसी ने वहां मौजूद अभिभावक संगोष्ठी कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों को उनकी जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि उनकी सहभागिता से ही उनके बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में अपना उज्जवल भविष्य बना सकेंगे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चे की पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए ताकि उनका प्रतिदिन का प्रोग्रेस से वो अवगत हो सके। बच्चे आजकल मोबाइल फोन का उपयोग करते हैं इस दौरान हमें बच्चों के फोन पर भी निरंतर निगरानी रखनी चाहिए कि बच्चे मोबाइल फोन में क्या देख रहे हैं, किस से बात कर रहे हैं उन्होंने अभिभावकों से शिक्षकों के साथ निरंतर संपर्क में रहने की बात कही। निरीक्षण के क्रम में डीसी के द्वारा उपस्थित सभी बच्चों से ग्रुप में पढ़ाई करने, हर महीने रेल टेस्ट परीक्षा में भाग लेने पर जोर दिया गया। डीसी के द्वारा 12वीं कक्षा के बच्चों से बात करते हुए बताया गया कि राज्य सरकार के द्वारा आपके उज्जवल भविष्य हेतु आगे की पढ़ाई के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जा रही है इसके तहत आप कम ब्याज पर लोन प्राप्त कर डॉक्टर, टीचर, इंजीनियर सहित अन्य पदाधिकारी बन सकते हैं। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी को लेकर उन्होंने कहा कि जिले में पुराना समाहरणालय में जेपीएससी, रेलवे जैसी प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी योग्य शिक्षकों के द्वारा निशुल्क करवाई जा रही है आप लोग में से जो 12वीं के बाद सरकारी नौकरी की तैयारी करना चाहते हैं वे भाग लेकर अपनी तैयारी को नई दिशा दे सकते हैं। इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी छात्र एवं छात्राओं से प्रतिदिन विद्यालय आने की अपील की उन्होंने कहा कि नियमित स्कूल आने वाले बच्चों से अन्य बच्चों को सीखना चाहिए। उन्होंने नियमित स्कूल आने वाले, विभिन्न शैक्षणिक व पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रीय रूप से भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### केसीसी लोन को लेकर शत प्रतिशत एप्लीकेशन स्पष्ट रूप से सेंसन या रिजेक्शन में दर्ज किया जाये

डीसी अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री एवं जिलास्तरीय समीक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। डीसी के द्वारा पिछली बैठक की बिंदुवार समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उक्त बैठक में जिले में कार्यरत बैंकों के साथ सीडी रेश्यो पर समीक्षा, वार्षिक ऋण योजना में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि की समीक्षा, पीएम किसान लाभुकों के केसीसी संतृप्तीकरण के स्थिति की समीक्षा, एमएसएमई योजना के अंतर्गत विशेष रूप से चर्चा, पीएम स्वनिधि योजना के उपलब्धि पर चर्चा, पीएम किसान लाभुकों का केसीसी से संतृप्तिकरण पर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सभी बैंकों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों को निर्देश दिए गए कि आगामी 3 महीने तक चलने वाले प्रखंड स्तर पर कैंप में भाग लेकर केसीसी से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निष्पादन किए जाएं। इस मौके पर एलडीएम चंदन कुमार चौहान, आरबीआई रांची के प्रबंधक कुमार गौरव, डीडीएम नाबार्ड तन राज व सभी बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

# बेरमो : इंटरस्टेट चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, भेजे गये जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बाइक पर सवार हो कर धनबाद से आ कर बालीडीह और गोमिया थाना क्षेत्र में दिन के उजाले में सरकारी आवास को निशाना बनाने वाले इंटरेस्टेट गिरोह के तीनों चोर को बोकारो एसपी के द्वारा गठित एसआईटी की टीम ने धनबाद के जोरापोखर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। चोरों से सोना चांदी खरीदने वाले दो दुकानदार को भी पुलिस ने जोरापोखर और झरिया से गिरफ्तार चोरों के सामान बरामद किया है। चोरों के पास से पास से से 3 लाख 7 हजार 600 रुपया बरामद करते हुए।गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर जेवरात खरीदने वाले राहुल कुमार वर्मा और रवि रंगराव के पास से 97 ग्राम गलाया हुआ सोना,एक किलो गलाया गया चांदी, चांदी का पायल15 जोड़ा, चांदी का बिछिया चार जोड़ा, चांदी की सीकरी एक पीस, चांदी का सिक्का 20 पीस, दो मोटरसाइकिल, मोबाइल सहित चोरी की घटना को अंजाम देने वाला औजार भी बरामद किया गया है। चोर गिरोह का मुख्य सरगना राजू अंसारी, फैयाज अंसारी और आबिद अंसारी है जो धनबाद के जोरापोखर का रहने वाला है, राजू अंसारी पर बोकारो धनबाद बंगाल के विभिन्न स्थानों में दर्ज है 55 मामले फैयाज अंसारी पर धनबाद, बोकारो और बंगाल में 25 और आबिद अंसारी के ऊपर बोकारो और धनबाद में कुल 19 मामला दर्ज है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि यह सभी तीनों लोग इंटरस्टेट गिरोह के सदस्य है, जो दिन के उजाले में बंद सरकारी घर को रेकी कर उसमें चोरी की घटना को अंजाम देते थे और लगातार एक ही दिन में कई थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते थे।

# जारंगडीह परियोजना में कोयला चोरों का सम्राज्य

- मुक दर्शक बना निहारता रहता है सुरक्षा कर्मी कोयला चोरी के खेल को
- दर्जनों की संख्या में कोयला चोर बाइक लेकर घुस आते हैं खदान में



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** इन दिनों सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र की जारंगडीह परियोजना पुरी तरह कोयला चोरों के गिरफ्त में दिख रहा है। जहां एक ओर लोकल सेल डीओ धारकों को लदनी के लिए कोयला नही मिल रहा है वहीं दुसरी तरफ प्रति दिन सैकड़ों की संख्या में कोयला चोर बाइक लेकर कोलियरी मे जबरन घुस बोरों मे कोयला भर तथा कंपनी का चेक नाका बेरियर खोल कर दिलेरी के साथ कोयला टपाने का नंगा नाच कर रहे हैं। बताता चलूं की खुद स्थानीय और विस्थापित बता कर आसपास के गांव वासी बाइक लेकर हर दिन अहले सुबह खदान में घुस जाते हैं और अगर कोई भी इन्हें रोकने की कोशिश करते हैं तो ये लोग मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। जबकि बीते तीन चार दिन पुर्व डीओ धारकों द्वारा इन कोयला चोरों को रोकने की कोशिश की गई थी जिस बाद कोयला चोरों ने उन लोगो के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की तक कर डाला। इस घटना के बाद डीओ धारकों ने कोलयरी के बेरियर को बंद कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। उन लोगों ने कहा कि इस बात की शिकायत वे लोग अनेको बार सीसीएल प्रबंधन को कर चुके हैं मगर उनकी समस्या दुर नही हुई। बताया कि रात भर में सेल के लिए सीसीएल जितना कोयला उत्खनन करती है सुबह होते ही कोयला चोरों के भेंट चढ़ जाता है और उनके कोयला लदनी के लिए नही मिलता जिस कारण उनका कोटा लैपस हो जाता है और उसे नुकसान उठाना पड़ता है। कहा कि कोयला चोरों को रोकने की कोशिश जब वे करते हैं तो कोयला चोरों का कहना होता है कि यह खदान मेरा है हमे कोई भी कोयला चोरी करने से नही रोक सकता जमीन जब उसकी है तो खदान भी उसी का हुआ। मिली जानकारी के अनुसार इन कोयला चोरों का सामना करने की साहस कोलियरी के किसी भी सुरक्षा कर्मी मे नही दिखती और ना अधिकारी इस पर कोई पहल करते नजर आते हैं जिससे कोयला चोरी के रोक थाम की ओर संकेत भी करता हो। रही बात स्थानीय पुलिस प्रशासन की तो ऐसा प्रतित होता है मानों उन्हें इस बात की जानकारी ही नहीं है। कुल मिलाकर जारंगडीह खुली खदान में बाइक सवार कोयला चोरों का सम्राज्य दिखता है।

# सेवानिवृत सैनिको की सहायता को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में खुला विधिक सहायता केंद्र




खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झालसा के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार सुधांशु कुमार शशि के आदेशानुसार डालसा द्वारा सेवानिवृत सैनिको और उनके आश्रितो की सहायता के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में विधिक सहायता केंद्र खोला गया। इस कार्यालय का विधिवत ऑनलाइन उदघाटन मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना मौजूद रही। ऑनलाइन उदघाटन के दौरान दुमका जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में सीजेएम अनूप तिर्की, एक्स सर्जट निरंजन कुमार महतो, पैनल लॉयर, ओमियों कुमार मांझी, न्यायलय कर्मी एवं पारा लीगल वोलेटियर मौजूद थे। इस कार्यालय के उदघाटन का मुख्य उद्देश्य नालसा वीर परिवार सहायता योजना के तहत देश की सेवा करने वाले वीर सैनिको के सेवानिवृत होनें के बाद आ रही उनकी और उनके परिवारों की समस्याओ के निवारण के लिए कार्यालय खोला गया है। जहां इस कार्यालय में डालसा के प्रतिनियुक्ति पीएलवी के माध्यम से निवारण करने मे उनकी सहायता करेंगे। इसमें वैसे पीएलवी है, जो खुद सेवानिवृत हो चुके है। चुकी नालसा ने ऐसे वीर सैनिको की सहायता के लिए सेवानिवृत सैनिको को ही पीएलवी नियुक्त किया है। जिससे उनकी समस्या के निदान मे उनकी सहायता हो सके। यह लीगल ऐड क्लिनिक राज्य के सभी कमीशनरी मे स्थित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अलावे जहां सैनिक कल्याण कार्यालय नहीं है, वैसे सभी जिलों मे भी कार्यालय खोला गया है।

# बोकारो डीसी के जनता दरबार में 61 लोगों की समस्याओं का निष्पादन

### आत्महत्या को आतुर महिला को मिला संबल



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा के जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आए कुल 61 लोगों की समस्याओं की सुनवाई हुई। डीसी ने कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया और बाकी मामलों के लिए संबंधित विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। जनता दरबार के दौरान कसमार थाना क्षेत्र की निवासी शांता मुखर्जी निराशा और पीड़ा से आहत होकर आत्महत्या का कदम उठाने की बात कह रही थीं। डीसी ने उन्हें तुरंत रोका और समझाया कि तुम्हारा जीवन अनमोल है-हार मानना समाधान नहीं। हम सब तुम्हारे साथ हैं। उनकी बातों से आश्वस्त होकर महिला ने ऐसी गलती दोबारा न करने का संकल्प लिया। डीसी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए एसडीपीओ बेरमो तथा बीडीओ कसमार को आवश्यक निर्देश दिए एवं आरोपियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अगर मुखर्जी या उनके परिवार को तनिक भी नुकसान पहुंचाया गया तो प्रशासन कठोरतम कार्रवाई करेगा। मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार डीपीएलआर मेनका अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी डीपीआरओ रवि कुमार सहायक निदेशक पियुष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### नेपाल की प्रधानमंत्री से मिले भारत के राजदूत

काठमांडू। नेपाल की नवनियुक्त अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की से नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। साथ ही नेपाल को इस संकट की घड़ी से बाहर निकलने में हरसंभव मदद का भरोसा भी दिया। राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद सुशीला कार्की से मिलने वाले सबसे पहले विदेशी कूटनीतिज्ञ भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव हैं। उन्होंने कार्की को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं भेजी है।

### आतंकी हमले में पाक सेना के 12 जवान मरे

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम क्षेत्र के दक्षिण वजीरिस्तान जिले में शनिवार तड़के सुबह आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर हमला कर दिया, जिसमें 12 जवान मारे गये और चार अन्य घायल हैं। अधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब पांच बजे घटी जब आतंकियों ने सुरक्षा बलों की दल पर गोलीबारी कर दी। घायल जवानों की हालत नाजुक बनी हुयी है।

### इराक के मस्जिद में मौलवी की हत्या

बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद के दक्षिणी डोरा जिले में स्थित एक मस्जिद के इमाम शेख अब्दुल सत्तार अल-कुरघुली की शुक्रवार को मस्जिद के अंदर हत्या कर दी गई। इराक में सुन्नी मुस्लिम धार्मिक मामलों की देखरेख करने वाली सुन्नी एंडोमेंट ने यह जानकारी दी है। सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ लिया गया है और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा।

### पाकिस्तान में बाढ़ से 97 लोगों की मौत,

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में आई बाढ़ से करीब 97 लोगों की मौत हो गई और 44 लाख से अधिक पर इसका नकारात्मक असर पड़ा है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने यह जानकारी दी है। पीडीएमए के अनुसार, रावी, सतलुज और चिनाब नदियों में उच्च जल स्तर के कारण आई बाढ़ ने पूरे प्रांत में 4,500 से ज्यादा गांवों को नुकसान पहुंचाया है।

### रूस से तेल आयात बंद करें नाटो देश : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर नाटो के देशों से रूस से कच्चे तेल का आयात बंद करने और चीन पर 50 से 100 प्रतिशत तक आयात शुल्क लगाने का आह्वान किया। ट्रंप ने ट्रुथसोशल पर शनिवार को नाटो देशों को लिखे एक पत्र को सार्वजनिक किया है। इसमें नाटो पर रूस के खिलाफ जीतने के लिए अपनी पूरी प्रतिबद्धता न दिखाने का आरोप लगाते हुये कहा गया है कि कुछ देशों का रूस से कच्चे तेल की खरीद जारी रखना स्तब्धकारी है।

# मणिपुर के विकास में शांति जरूरी

## बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए शांति का मार्ग अपनाएं सभी संगठन : प्रधानमंत्री

- पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों का जीवन होगा बेहतर
- विस्थापितों के घर बनाने को सात हजार करोड़ देगा केंद्र

एजेंसी

**चूड़ाचांदपुर।** मणिपुर में दो साल पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विकास के लिए शांति जरूरी है। उन्होंने मणिपुर की जनता से वादा करते हुए कहा कि भारत सरकार और खुद पीएम मोदी उनके साथ हैं। उन्होंने मणिपुर को साहस और वीरता की भूमि बताया। चूड़ाचांदपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम ने सभी संगठनों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाने के लिए शांति का मार्ग अपनाएं। मई 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान कुकी बहुल चूड़ाचांदपुर जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि शांति के लिए केंद्र सरकार के निरंतर प्रयासों से दोनों युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यहां हिंसा हुई। आज, मैं आपसे वादा करना चाहता हूं कि भारत सरकार आपके साथ है और मैं आपके साथ हूं। मोदी ने कहा कि मैं सभी समूहों और संगठनों से शांति का मार्ग चुनने की अपील करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास के लिए शांति सर्वोपरि है और केंद्र सरकार इसे प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में रेलवे और सड़क संपर्क परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन में वृद्धि की है। मोदी ने कहा कि 2014 से मैंने मणिपुर में संपर्क सुधारने पर विशेष जोर दिया है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा और मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि विकास का लाभ देश के हर कोने तक पहुंचे। मणिपुर को साहस और वीरता की भूमि बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंफाल से सड़क मार्ग के जरिए चूड़ाचांदपुर जाते समय उन्हें मिले प्यार को वह कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कहा कि मैंने विस्थापित लोगों से बात की और मैं कह सकता हूं कि मणिपुर एक नए सवेरे की ओर देख रहा है। लोगों ने शांति का मार्ग चुना है। मोदी ने कहा कि जिन परियोजनाओं का उन्होंने यहां उद्घाटन किया है, वे बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सेवा के मामले में लोगों के जीवन को बेहतर बनाएंगी।

उन्होंने कहा कि कुछ ही समय पहले, इसी मंच से, 7,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का अनावरण किया गया। ये परियोजनाएं मणिपुर के लोगों, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी समुदायों के जीवन को और बेहतर बनाएंगी।" मोदी ने कहा एक समय था जब दिल्ली में लिए गये फैसलों को यहाँ तक पहुँचने में दशकों लग जाते थे। आज, हमारा चुड़ाचांदपुर, हमारा मणिपुर, देश के बाकी हिस्सों के साथ मिलकर प्रगति कर रहा है। जैसे हमने देश भर के गरीबों के लिए पक्के मकान बनाने की घोषणा की, मणिपुर को भी इसका लाभ मिला है।

मोदी ने कहा कि केंद्र मणिपुर में विस्थापित लोगों के लिए 7000 घर बनाने के लिए मदद दे रहा है। मणिपुर के लिए 3000 करोड़ रुपये का एक स्पेशल विकास पैकेज तथा विस्थापितों की मदद के लिए 500 करोड़ का पैकेज दिया गया है। जनजातीय समुदाय के आदिवासी युवावों की चिंताओं को दूर करने के लिए अलग अलग समाधान किये जा रहे हैं। उन्होंने इसके लिए स्थानीय निकायों को मजबूत किये जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनजातियों का विकास केंद्र सरकार की एक विशेष प्राथमिकता है। इसी संदर्भ में उन्होंने जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का भी उल्लेख किया । मणिपुर के करीब 500 गावों में भी यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### इंफाल जल्द रेल नेटवर्क से जुड़ेगा

प्रधानमंत्री ने कहा कि मणिपुर की राजधानी इंफाल जल्द ही राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि जीरीबाम-इम्फाल रेलवे लाइन बहुजल्द राजधानी इंफाल को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ देगी। मोदी ने कहा कि मणिपुर की सीमा अन्य देशों से लगती है और यहां संपर्क सुविधाओं की कमी हमेशा से एक चुनौती रही है जिसके कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता रहा है।

## देश की प्रगति में मिजोरम का अहम योगदान : मोदी

### प्रधामंत्री ने आइजोल से दिल्ली के लिए राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

एजेंसी

**आइजोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की शांति के प्रदेश की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि देश की प्रगति में मिजोरम का अहम योगदान है। मोदी ने मिजोरम की राजधानी आइजोल को पहली बार भारतीय रेल से जोड़ते हुए सायरंग-बइरवी रेल मार्ग की शुरूआत करते हुए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए शनिवार को राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मोदी ने इस मौके पर गुवाहाटी और कोलकाता के लिए भी हरी झंडी दिखाकर मिजोरम से इन रेलों को रॉसन किया। मिजोरम दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस असम, पश्चिम बंगाल होते हुए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की आनंद विहार पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि मिजोरम की शांति यहां की प्रगति का आधार है। मिजोरम के लोगों का देश के विकास में अहम योगदान है। मिजोरम ने देश को कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। मिजोरम की राजधानी आज भारतीय रेल के मानचित्र पर स्थापित हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 साल से वह पूर्वोत्तर के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। उनकी सरकार कनेक्टिविटी पर विशेष ध्यान दे रही है और इसी का परिणाम है कि पहली बार देश में ग्रामीण सड़क, मोबाइल नेटवर्क राष्ट्रीय राजमार्ग आदि को प्रभावित तरीके से लागू कर दूर दराज के लोगों को लाभ दिया गया है। सरकार सुगमता, कारोबार की विकास तथा ढांचागत विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कि पूर्वोत्तर को दक्षिण पूर्वी एशिया में कारोबार का मुख्य केंद्र बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिजोरम का केला, मिजोरम के बांस के उत्पाद अधिका इस रेलवे लाइन से बाजार खुलेगा और मिजोरम के लिए भी जरूरी चीजों की आपूर्ति आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा की सरकार मेक इन इंडिया और निर्यात को बढ़ावा दे रही है।

## राजग की जीत के लिए व्यक्तिगत अहंकार छोड़ें

### नड्डा ने गठबंधन धर्म का पाठ पढ़ाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों की संगठनात्मक समीक्षा करने पटना पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी नेताओं को गठबंधन धर्म का मर्म समझा गए। राजकीय अतिथिशाला में नड्डा ने शनिवार को बिहार भाजपा के शीर्ष नेताओं, नीतीश सरकार में सम्मिलित भाजपा कोटे के मंत्रियों एवं प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, विधानसभावार सम्मेलन आदि बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। फीडबैक लेने के उपरांत संगठन एवं गठबंधन धर्म का पाठ पढ़ाया। राजग की जीत को सर्वोपरि उद्देश्य बनाने के लिए व्यक्तिगत अहंकार त्यागने की अपील की। आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने की ओर ध्यान आकृष्ट किया। सामाजिक पकड़ मजबूत



बनाने के साथ ही राजग के बूथ स्तर तक के कार्यकताओं के साथ समन्वय बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से देश में आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं।नड्डा ने कहा कि इसी तरह अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा कि मोदी ने 14 करोड़ से अधिक घरों में नल के माध्यम से पानी और चार करोड़ से अधिक गरीब लोगों को आवास प्रदान किया है।

**राजद का मतलब रंगदारी, जंगलराज, दादागिरी:** नड्डा ने राजद का नया नामाकरण किया। राजद का मतलब समझाते हुए कहा कि रा का मतलब रंगदारी, ज का मतलब जंगलराज और द का मतलब दादागिरी है। उन्होंने कहा कि आज मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के लोग विकास देख रहे हैं। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष के अतिरिक्त प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उप मुख्यमंत्रीद्वय सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद एवं चुनाव समिति व कोर ग्रुप के सचिव प्रेम रंजन पटेल के अतिरिक्त अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

## नेपाल में पांच मार्च को होगा आम चुनाव

### प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पहली मंत्रिमंडल बैठक में संसद को भंग करने की सिफारिश की

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पहली मंत्रिमंडल बैठक में संसद को भंग करने की सिफारिश की। प्रधानमंत्री ने संसदीय चुनाव के लिए तारीख 05 मार्च 2026 तय कर दी । राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद को भंग करने तथा अगले चुनाव कराने की सिफारिश का समर्थन किया है। श्रीमती कार्की ने शुक्रवार रात को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। मंत्रिमंडल सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्की रविवार को एक छोटा मंत्रिमंडल गठित करेंगी। शनिवार को सरकारी दफ्तर बंद रहने के कारण यह प्रक्रिया रविवार को होगी। फिलहाल उन्हें गृह, विदेश और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय अपने पास रखने की



तैयारी है। राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री रविवार को सीमित संख्या में मंत्रियों को शामिल करते हुए मंत्रिपरिषद बनाएंगी। नए परिसर में पीएम कार्यालय प्रधानमंत्री कार्यालय भवन प्रदर्शनों में आगजनी में क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रधानमंत्री का नया कार्यालय सिंह दरबार परिसर में नव-निर्मित गृह मंत्रालय भवन में स्थानांतरित किया जा रहा है।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


## बिहार में चुनाव प्रभारी की नियुक्ति नहीं करेगी भाजपा


- अमित शाह ने विस चुनाव के लिए बनायी नयी रणनीति
- अभियान समिति में राजग के सहयोगी दलों के नेताओं को भी जगह दी जायेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा इस बार चुनाव प्रभारी की नियुक्ति नहीं करेगी। भाजपा में राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले और बिहार की चुनावी तैयारियों की कमान संभाल रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इस बार विधानसभा चुनाव के लिए नई रणनीति तैयार की है। इसके तहत चुनाव अभियान की कमान चुनाव प्रभारी को सौंपने के बजाय चुनाव अभियान समिति को सौंपा जाएगा। इस चुनाव अभियान समिति में भाजपा के साथ-साथ राजग के अन्य सहयोगी दलों के नेताओं को भी जगह दी जाएगी। दरअसल अभी तक विधानसभा चुनावों को देखें तो भाजपा चुनाव के तीन-चार महीने पहले ही किसी वरिष्ठ केंद्रीय नेता को संबंधित राज्य के चुनाव प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपता रहा है। 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को बिहार का



चुनाव प्रभारी बनाया गया था। इसी तरह से झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को सह प्रभारी बनाया गया था। लेकिन इस बार अभी तक किसी को चुनाव प्रभारी नहीं बनाया है, जबकि 30 सितंबर को फाइनल मतदाता सूची तैयार हो जाने के बाद कभी भी चुनाव की तारीखों की घोषणा हो सकती है। सूत्रों के अनुसार यह फैसला खुद अमित शाह ने लिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सहयोगी दलों के साथ संयुक्त प्रचार के कारण बिहार, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में मिली सफलता को देखते हुए अमित शाह ने इसे बिहार विधानसभा चुनाव में आजमाने की रणनीति बनाई है।




## हर विधानमंडल में हो विकसित भारत पर चर्चा

### हर विधायक और सरकार भविष्य के लिए व्यापक दृष्टि रखें : हरिवंश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि इस देश की जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करती है। हर विधायक और सरकार का यह सामूहिक दायित्व है कि वे भविष्य के लिए एक व्यापक दृष्टि रखें। हर राज्य अपनी विकास यात्रा के अलग-अलग चरण में हैं। इसलिए विकसित भारत 2047 के निर्माण की राह पर हर विधानमंडल में नियमित चर्चा हो। शनिवार को बेंगलुरु में आयोजित 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए हरिवंश ने कहा कि राजनीतिक दलों द्वारा पूर्वनियोजित हंगामे ही सदन में सदस्यों के अनुशासनहीन व्यवहार की प्रमुख वजह हैं। उन्होंने कहा कि साल 1955 में



संसदीय संघ सम्मेलन में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश व अन्य।

राज्यसभा के पहले सभापति ने कुछ सदस्यों के आचरण पर उन्हें पेशेवर आंदोलनकारी कहकर चेतावनी दी थी। कल्पना कीजिए, अगर वे आज देखते कि किस तरह व्यवधान को योजनाबद्ध संसदीय रणनीति के रूप में अपनाया जा रहा है, तो उन्हें कैसा लगता। जब तक दल-प्रायोजित व्यवधानों पर रोक नहीं लगाई जाती, तब तक अव्यवस्थित सदस्यों के व्यवहार पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि यह हर सदस्य से पूछने का विषय है कि क्या संकीर्ण राजनीतिक हित राष्ट्रहित से ऊपर हो सकते हैं? दूसरी ओर यह पार्टी नेताओं से भी पूछा जाना चाहिए कि क्या उनके सदस्य सचमुच हर दिन सदन की कार्यवाही बाधित कर सहज महसूस करते हैं? उन्होंने कई विधेयकों पर बहस न होने पर भी सवाल उठाया, जबकि उन पर दलों के बीच व्यापक सहमति रही है। ऑनलाइन मनी गेमिंग पर प्रतिबंध संबंधी विधेयक का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को कई बार प्रश्नकाल और शून्यकाल में सदस्यों ने उठाया, राज्यों ने भी इस पर कार्रवाई की। फिर भी जब सरकार इस विषय पर विधेयक लाई, तो सदस्य सदन में हंगामा करने में व्यस्त रहे। उन्होंने कहा कि हमारी विधायी संस्थाओं का मूल लक्ष्य यह होना चाहिए कि वे अनिश्चितता के समय नागरिकों और व्यवसायों को स्थिरता और भरोसा प्रदान करें। देश हमसे ऐसी ही अपेक्षा करता है। इसलिए हमें अपनी विधायी संस्थाओं की विश्वसनीयता को हल्के में नहीं लेना चाहिए। तीन दिवसीय सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के सभापतियों ने भाग लिया।